भाद्रपद शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 31.5° न्यून. 22.4°
रांची: अधिक. 32.2° न्यून. 23.6°

रांची, मंगलवार
02 सितंबर 2025
वर्ष-26, अंक-211, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य मद की राशि के खर्च को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा बैठक, कहा

# 50 प्रतिशत राशि का खर्च अक्टूबर के मध्य तक सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को अपनी अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य मद की राशि के खर्च को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य मद में 15वें वित्त आयोग की 50 प्रतिशत राशि का खर्च अक्टूबर के मध्य तक सुनिश्चित करने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि 50 प्रतिशत राशि खर्च होने के बाद ही केंद्र से 1020.27 करोड़ रुपए की बकाया राशि पर दावा

### 1020.27 करोड़ का बकाया केंद्र से मिलेगा 50% राशि खर्च होने के बाद

किया जा सकता है। इसे लेकर उन्होंने उपायुक्तों को मिशन मोड में तत्परता से कार्य करने पर बल दिया। इसके लिए उन्होंने एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया, ताकि यह पता चलता रहे कि आगे कैसे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि जहां भवन का निर्माण हो चुका है, वहां जरूरी स्वास्थ्य सुविधा मुख्यालय से प्राप्त कर उसे क्रियाशील करें। इसकी हर सप्ताह समीक्षा करने का भी निर्देश दिया।

मुख्य सचिव तिवारी ने कहा कि राज्य के दौरे के क्रम में उन्होंने कई जगह देखा कि स्वास्थ्य केंद्र का भवन बन गया है, लेकिन स्वास्थ्य सुविधा बहाल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि भवन बना है, तो उसका उपयोग भी सुनिश्चित होना चाहिए। उपायुक्त जरूरी सुविधा मुहैया कराते हुए उसे चालू कराएं

शेष पेज 11 पर



### 948 पंचायतों में बनेंगे स्वास्थ्य उपकेंद्र : अपर मुख्य सचिव

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि निर्माण के लिए जगह का चयन करने में अंचलाधिकारियों का सहयोग लें। वहीं, आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लाभुकों का केवाईसी कराने में आपूर्ति और स्वास्थ्य पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाने पर बल दिया। उन्होंने एचएससी, पीएचसी, सीएचसी आदि के निर्माण में बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में और 168 स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण की योजना है। इसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में और आदिम जनजाति इलाके में स्थापित करना है। इसके लिए सभी उपायुक्त अपने क्षेत्र में स्थान चिह्नित कर 15 दिनों में प्रस्ताव दें, ताकि इस पर आगे बढ़ा जा सके। उन्होंने बताया कि 948 पंचायतों में भी स्वास्थ्य उप केंद्र बहाल करना है।

शेष पेज 11 पर

## सीएम सोरेन ने पटना में 'वोटर अधिकार यात्रा' की समापन रैली को किया संबोधित, कहा

# भाजपा की इच्छा के अनुसार तैयार हो रही है मतदाता सूची

**बोले हेमंत सोरेन**

- एसआईआर के नाम पर छीने जा रहे हैं लोगों के अधिकार
- बिहार का चुनाव सिर्फ प्रदेश का ही नहीं, देश के संकल्प का होगा

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**पटना।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को पटना में 'वोटर अधिकार यात्रा' के समापन पर एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर बिहार के लोगों के अधिकार छीन रही है। सत्तारूढ़ गठबंधन की इच्छा के अनुसार मतदाता सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने राजग सरकार पर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाने का भी आरोप लगाया। सीएम सोरेन ने बिहार की सत्तारूढ़ गठबंधन को सत्ता से बेदखल करने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (आईएनडीआईए) के घटक दलों से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा पर राज्य सरकारों को गिराने के लिए 'वोट चोरी' करने और विधायकों की खरीद-फरोख्त में लिप्त होने का भी आरोप लगाया।

### भाजपा विपक्षी नेताओं के खिलाफ कर रही है ईडी, सीबीआई का इस्तेमाल

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, भाजपा ईडी, सीबीआई और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं के खिलाफ कर रही है। उन्होंने कहा, हमारा वोट हमारे संविधान की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि बिहार में होने वाला विधानसभा चुनाव केवल प्रदेश का नहीं, देश का संकल्प होगा। यह चुनाव देश की दशा और दिशा तय करेगा। मुख्यमंत्री सोरेन



ने झारखंड की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य अब बदल रहा है। आज वहां महिलाओं के पलायन को आर्थिक मदद देकर रोक दिया गया है। उन्होंने भाजपा पर धन और बल के जरिए सत्ता में आने का आरोप लगाते हुए कहा कि सीबीआई और ईडी का भय दिखाया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुझे भी झूठे मामले में जेल में डाल दिया गया। अगर हम जेल नहीं गए होते, तो झारखंड में लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता नहीं खुलने देते। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आज 'वोट चोरी'

शेष पेज 11 पर

### संघर्ष और न्याय की राजनीति के प्रतीक हैं लालू प्रसाद





पटना में राबड़ी देवी के आवास पहुंचे हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद से की मुलाकात।

**नवीन मेल डेस्क । रांची/पटना।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को पटना स्थित राजद की वरिष्ठ नेता एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर पहुंचे। उन्होंने वहां राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद से भेंट की। मुख्यमंत्री सोरेन ने लालू प्रसाद का हालचाल जाना और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक-आर्थिक हालात तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि लालू प्रसाद संघर्षशील नेता हैं। उन्होंने हमेशा गरीब, पिछड़ों और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से देश के लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूती मिलती रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड और बिहार के बीच ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्ते हैं। दोनों राज्यों की एकजुटता और आपसी सहयोग से क्षेत्र का विकास और भी तेजी से संभव हो सकेगा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित परिवार के सदस्य व अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## शिक्षक नियुक्ति मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# 'फैक्ट फाइंडिंग कमीशन' के गठन का दिया आदेश

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य में हाई स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति की मेरिट लिस्ट पर उठे विवाद में झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को बड़ा आदेश दिया। कोर्ट ने इस मामले की जांच के लिए सेवानिवृत्त जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अध्यक्षता में वन मैन 'फैक्ट फाइंडिंग कमीशन' गठित करने का निर्देश दिया। 'फैक्ट फाइंडिंग कमीशन' को तीन माह के भीतर पूरी जांच कर रिपोर्ट सौंपनी होगी।

मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस दीपक रोशन की एकल पीठ ने लगभग 75 पन्नों के अपने फैसले में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। कोर्ट ने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से कितने अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, कितने पद सरेंडर किए गए और ऐसा क्यों किया गया, इन सभी बिंदुओं पर जांच जरूरी है और इसके लिए 'फैक्ट फाइंडिंग कमीशन' का गठन किया जा रहा है।

कोर्ट ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को 'फैक्ट फाइंडिंग काउंटर' स्थापित करने का भी आदेश दिया है। ताकि, अभ्यर्थियों को भर्ती से संबंधित जानकारी आसानी से मिल सके और उन्हें बार-बार अदालत का सहारा न लेना पड़े।





**कमीशन को तीन माह के अंदर जांच पूरी कर सौंपनी होगी रिपोर्ट**

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि वर्ष 2016 की हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति की मेरिट लिस्ट में गंभीर त्रुटियां हुईं। उनका कहना था कि कई ऐसे अभ्यर्थियों को चयनित कर लिया गया, जिनके अंक कम थे, जबकि अधिक अंक प्राप्त करने वालों को बाहर कर दिया गया। वहीं, राज्य सरकार की ओर से दाखिल शपथ पत्र में पदों की संख्या को लेकर विरोधाभास सामने आया। वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने सोनी कुमारी एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई के बाद 425 अभ्यर्थियों की नियुक्ति का आदेश दिया था, लेकिन सरकार ने कहा कि केवल 377 ने योगदान दिया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार, इंद्रजीत सिन्हा एवं अपराजिता भारद्वाज तथा जेएसएससी की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन, संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार सिंह ने पक्ष रखा।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

# रांची में छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज की एक छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सोमवार को छात्रा का शव उसके हॉस्टल के कमरे से बरामद हुआ। वह फांसी के फंदे से झूलती पाई गई। जानकारी मिलते ही हॉस्टल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू



**फांसी के फंदे से झूलती पाई गई, सुसाइड नोट भी बरामद**

कर दी है। जानकारी के अनुसार, छात्रा ने इस सुसाइट नोट में घरेलू परेशानियों और पारिवारिक विवादों को आत्महत्या का कारण बताया है। मिली जानकारी के मुताबिक, छात्रा छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी। रांची के संत जेवियर कॉलेज से ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रही थी।

### कल्याणी ने संभाला महालेखा नियंत्रक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** इंडियन सिविल अकाउंट्स सर्विस की 1991 बैच की अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को देश के नए महालेखा नियंत्रक का पदभार ग्रहण किया। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में इस प्रतिष्ठित पद को संभालने वाली वह 29वीं अधिकारी हैं। कल्याणी ने रक्षा, दूरसंचार, उर्वरक, वित्त, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, सूचना एवं प्रसारण और गृह मंत्रालय सहित प्रमुख मंत्रालयों में कार्य किया।



# लातेहार में जेजेएमपी के 9 उग्रवादियों ने किया सरेंडर

## उग्रवादियों ने पांच एके-47 सहित बड़ी संख्या में हथियार व कारतूस सौंपे

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** प्रतिबंधित संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के नौ उग्रवादियों ने सोमवार को लातेहार पुलिस और सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में चार उग्रवादी ऐसे हैं, जिन पर पांच-पांच लाख रुपए के इनाम घोषित थे। एक अन्य पर तीन लाख का इनाम था, जबकि चार ऐसे हैं, जो कई उग्रवादी वारदातों में वांछित थे।

लातेहार पुलिस मुख्यालय में आयोजित आत्मसमर्पण कार्यक्रम



के दौरान सीआरपीएफ के आईजी साकेत सिंह, आईजी अभियान माइकलराज एस, पलामू आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी नौशाद आलम, लातेहार एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ कमांडेंट मौजूद थे। राज्य में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में उग्रवादियों ने एक साथ सरेंडर किया है। आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों ने पांच एके-47 सहित बड़ी संख्या में हथियार और कारतूस भी पुलिस को सौंपे हैं। लातेहार पुलिस ने दावा किया है कि इन उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के साथ जेजेएमपी का पूरी तरह खात्मा हो गया है। आत्मसमर्पण करने वालों में जेजेएमपी का सबसे बड़ा जोनल कमांडर रवींद्र यादव भी शामिल है। उस पर पांच लाख रुपए का इनाम था। उसके खिलाफ 14 मामले दर्ज हैं। उसने दो एके-47, तीन अन्य राइफल और 1,241 कारतूस पुलिस को सौंपे।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# रोजगार व शिक्षा के नाम पर ग्रामीणों से ठगी कर रहीं फर्जी संस्थाएं

भारत जैसी मिश्रित अर्थव्यवस्था वाले विकासशील देश में हर कोई डॉक्टर,इंजीनियर,अफसर या प्रबंधक नहीं बन सकता और न महंगी पढ़ाई के अंतिम छोर तक पहुंच सकता है रोजगारोन्मुखी शिक्षा कब मिलेगी जहां कम पढ़ाई कर भी व्यवसाय चलाया जा सके ? सबसे अधिक ग्रामीण आबादी वाले भारत में आज भी लोग पढाई की डिग्रियों के बारे में विशेष नहीं जानते और शहरों,कस्बों से लेकर प्रखंडों तक में चलने वाले फर्जी शिक्षण संस्थाओं के चक्कर में फंस जाते हैं क्योंकि उनके असली होने की जांच की कोई प्रक्रिया नहीं है जबकि कभी शिक्षा दान की अवधारणा अब व्यापार का रूप ले चुकी है । मीडिया की हेडलाइंस देखिए -धनवार प्रखंड क्षेत्र में दर्जनो ऐसे निजी विद्यालय है जो फर्जी तथा मनमाने तरीके से संचालित किए जा रहे हैं । नौकरी दिलाने के नाम फर्जी ट्रेनिंग संस्था चलाया जा रहा । झारखंड के सरकारी स्कूलों में लगभग चार हजार सहायक शिक्षकों (पारा टीचर) को नौकरी से बर्खास्त करने की तैयारी चल रही है। इन शिक्षकों पर फर्जी और गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों की ओर से निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने का आरोप है। झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और राज्य शिक्षा परियोजना की ओर से सभी 24 जिलों में सहायक शिक्षकों (पारा टीचर) के प्रमाण पत्रों और डिग्रियों की जांच हुई । विभिन्न जिलों में हुई जांच में 1,136 ऐसे शिक्षकों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने गैर मान्यता प्राप्त संस्थाओं के शैक्षणिक प्रमाण पत्र जमा किए हैं। हजारों शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के कई ऐसे संस्थानों से इंटर पास होने का प्रमाण पत्र जमा किया, जो गैर मान्यता प्राप्त हैं। इन्हीं प्रमाण पत्रों के आधार पर वे दो दशक से भी अधिक समय से कार्यरत हैं। जांच में जिन गैर मान्यता प्राप्त संस्थानों से जारी प्रमाण पत्रों को फर्जी करार दिया गया है, उनमें अधिकतर उत्तर प्रदेश के हैं। रांची के नामकुम स्थित केतारी बागान घाट रोड स्थित एक फर्जी ट्रेनिंग सेंटर पर झारखंड सीआईडी की टीम ने कार्रवाई की थी । सीआईडी के अनुसार सेंटर में युवाओं को नौकरी और ट्रेनिंग के नाम पर ठगी का गोरखधंधा चल रहा था। आरएचआई नेचर वेलनेस सेंटर प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी युवाओं को ट्रेनिंग और नौकरी का झांसा देकर 20 से 25 हजार रुपए की वसूली कर रही थी। कंपनी का दावा था कि वह एग्रीकल्चर, कॉस्मेटिक और हेल्थकेयर से जुड़े प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग कर रही है। लेकिन सच्चाई यह थी कि स्थानीय युवाओं को बहला फुसला कर ठगी का शिकार बनाया जा रहा था। सीआईडी की जांच में अब तक सैकड़ों युवक और युवतियों से पैसे वसूले जाने की बात सामने आ रही है।संस्थान के जरिए नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं से फॉर्म, रजिस्ट्रेशन और ट्रेनिंग के नाम पर लगभग 1000 से अधिक युवक-युवतियों से ठगी की जा चुकी है।राजधानी रांची के भी आसपास नामकुम,दलादिली चौक,रिंग रोड और अन्य स्थानों में अभी भी ऐसे फर्जी संस्थान चल रहे हैं जिनमें पढने वाले ग्रामीण क्षेत्र के विधार्थियों को असलियत का पता तब चलता है जब वे तीन चार साल की मोटी फीस भरने के बाद नौकरी के लिए किसी सरकारी विभाग में जाते हैं तब तक संस्थान किसी नए नाम से किसी दूसरे स्थान में चलने लगता है। जमशेदपुर में पुलिस ने एक फर्जी नेटवर्किंग कंपनी के चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने 179 युवक-युवतियों को नौकरी का झांसा देकर 25 हजार रुपए ले लिया था और कर अन्य लोगों को जोड़ने के लिए दबाव डालते थे और ऐसा न करने पर मारपीट करते थे । यदि थाना और प्रखंड स्तर पर ऐसी संस्थाओं की वैधता की व्यापक जांच कराई जाए तो यह गोरखधंधा बंद हो सकता है।



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**





एआई जेनरेटेड

## जूते-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया

# गिरिडीह में महिला पर चोरी का आरोप लगा सिर के बाल काटे

- पुलिस ने पीड़िता को छुड़ाया तीन महिला हिरासत में

**नवीन मेल डेस्क**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र की जामताड़ा पंचायत के पिपराली गांव में कुछ लोगों ने चोरी का आरोप लगाकर एक महिला के साथ अमानवीय व्यवहार किया। पहले उस महिला के साथ मारपीट की और उसके बाल काट दिए। केवल इतना ही नहीं, उसे जूतों-चप्पलों की माला पहनाकर पूरे गांव में घुमाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस के अनुसार, पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना रविवार शाम की है। महिला पर आरोप लगाया गया था कि उसने गांव के कुछ घरों से सामान चुराया है। इसी आरोप के आधार पर गांव के कुछ लोग उग्र हो गए। उन्होंने महिला को पकड़कर उसके साथ बर्बर व्यवहार किया। इस घटना का वीडियो किसी ने व्यक्ति ने बनाकर व्हाट्सएप और अन्य प्लेटफॉर्म पर फैला दिया। मामले की जानकारी स्थानीय मुखिया तक पहुंची

शेष पेज 11 पर

### जमशेदपुर में हुई झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रथम कार्यसमिति की बैठक

# प्रांतीय व जिला महापंचायत, विधि विशेषज्ञों के पैनल का शीघ्र होगा गठन : एससी अग्रवाल

- बैठक से सकारात्मकता, एकता और सेवा भावना को प्रबल करने का मार्ग होगा प्रशस्त
- समाज सेवा कोष का हुआ गठन, प्रांतीय अध्यक्ष ने 51,000 रुपए देने की घोषणा की




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की प्रथम कार्यसमिति की बैठक पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन की मेजबानी में जमशेदपुर के रीवा रिजॉर्ट में प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में समाज हित के जुड़े विषयों पर, भावी कार्यक्रमों, सामाजिक सरोकारों तथा संगठन की दिशा और कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष एवं सभी अतिथियों ने श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद मेजबान जिला अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया।

प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बैठक में आए सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रथम बैठक के आयोजन से न केवल संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी, बल्कि समाज के प्रत्येक सदस्य को सकारात्मकता, एकता और सेवा भावना को अधिक प्रबल करने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि जिला एवं प्रांतीय स्तर पर महापंचायत का गठन करना, जिला एवं प्रांतीय स्तर पर विधि विशेषज्ञों के पैनल का गठन करना तथा अन्य जनसेवा के कार्यों को प्रमुखता से शीघ्र ही लागू करना है।

प्रांतीय अध्यक्ष ने सभी जिलों से मारवाड़ी सम्मेलन में युवाओं एवं महिलाओं को वृहद स्तर पर जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में प्रांतीय स्तर पर असहाय, विधवा एवं असहाय वरिष्ठजन के लिए समाज सेवा कोष का गठन किया गया। इसमें प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने 51,000 रुपए, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष कोल्हान के रमेश खिरवाल ने 41,000 रुपए एवं अशोक मोदी जमशेदपुर ने 11,000 रुपए समाज सेवा कोष में देने की घोषणा की।

बैठक में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष निर्मल काबरा ने अपने संबोधन में कहा कि सभी जिलों के प्रतिनिधियों का एक स्थान पर एकत्रित होना न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है, बल्कि यह झारखंड में मारवाड़ी समाज की एकता और सक्रियता का भी सशक्त संदेश देगा।

बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार जैन ने किया। ये जानकारी देते हुए प्रांतीय संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि प्रांतीय कार्य समिति की प्रथम बैठक में झारखंड के कई जिलों से 100 से भी अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में मुकेश मित्तल, प्रदीप मिश्रा, कौशल राजगढ़िया, अनिल अग्रवाल, संजय सर्राफ, प्रकाश बजाज, रमन वोडा, अजय डीडवानिया, विनोद महलका, कमल शर्मा, कृष्णा अग्रवाल, नारायण महेश्वरी, संतोष कुमार अग्रवाल, विमल अग्रवाल, सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि उपसिथत थे।

### कमल केडिया संयोजक और पवन शर्मा सहसंयोजक मनोनीत किए गए

*कार्यसमिति की बैठक में सभी जिला अध्यक्षों को संविधान का अध्ययन कर आवश्यक संशोधन के लिए सुझाव देने का निर्णय लिया गया। साथ ही, सर्वसम्मति से कमल केडिया को संयोजक एवं पवन कुमार शर्मा को सहसंयोजक मनोनीत किया गया। सर्व समिति से रांची के मारवाड़ी भवन में प्रांतीय कार्यालय देने के लिए मारवाड़ी सहायक समिति को करतल ध्वनि के साथ बधाई दी गई। कार्यालय मिलने से वर्तमान परिवेश में प्रांतीय समिति अपना कार्य सुचारू रूप से संचालित करेगी। बैठक में प्रांतीय महामंत्री विनोद जैन ने अपना प्रतिवेदन पेश किया। कोषाध्यक्ष मनोज चौधरी ने मारवाड़ी सम्मेलन के आय-व्यय का ब्यौरा दिया।*

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में हुआ श्री राधा अष्टमी पर भव्य आयोजन

- 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री राधा अष्टमी के अवसर पर दिव्य एवं भव्य पूजन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित किया गया था। इसमें 40 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए।

राधा अष्टमी के मौके पर मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया गया। श्री राधा-कृष्ण का अलौकिक श्रृंगार एवं राधा कृष्ण का झूलन, भक्तों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा।

ट्रस्ट ने 225वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का भी आयोजन किया। 151 किलो दूध का केसरिया खीर का महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विविध भोग दिन में 12:00 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे ले लगाया। कार्यक्रम में दुर्गा जागरण मंडली एवं ट्रस्ट के भजन गायकों ने संगीतमय भजन-जागरण का आयोजन किया।

भजन कार्यक्रम के बाद महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों दीपों से भगवान को आरती अर्पित की गई। इस अवसर पर महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें केसरिया खीर, चूरमा, मालपुआ, रबड़ी, फल तथा अन्य स्वादिष्ट व्यंजन शामिल थे।

इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि प्रणामी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

देर रात तक 40 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उन्होंने कहा कि श्री राधा अष्टमी हमें प्रेम, करुणा और सेवा की प्रेरणा देती है। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को आध्यात्मिकता से जोड़ना है।

## भाजपा नेता और बिल्डर रमेश सिंह को मिली जान से मारने की धमकी

**रांची।** भाजपा नेता और बिल्डर रमेश सिंह को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है।यह धमकी उन्हें पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम पर दी गयी है। धमकी देने वाले ने उनसे रंगदारी की मांग की है। रमेश सिंह ने इस मामले की लिखित शिकायत रांची के सुखदेवनगर थाना में सोमवार दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें उनके मोबाइल फोन पर धमकी भरा कॉल आया, जिसमें कहा गया कि अगर रांची में धंधा करना है तो हमें रंगदारी देनी होगी। धमकी देने वाले ने चेतावनी भी दी कि अगर वह रंगदारी नहीं देते हैं, तो उन्हें इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।यह पहली बार नहीं है जब रमेश सिंह को इस तरह की धमकी मिली है। इससे पहले भी उन्हें पीएलएफआई को सहयोग नहीं करने पर जान से मारने की धमकी मिल चुकी है।



## सीएम बिहार अपनी सत्ता बचाने के लिए गए थे : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पटना की सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति को अपनी सत्ता को बचाए रखने का प्रयास बताया। प्रतुल ने कहा वस्तुतः वह इंडी एलायंस की सभा में नहीं गए थे, बल्कि झारखंड में अपनी सत्ता कायम रखना उनका मुख्य उद्देश्य था। प्रतुल ने अभिव्यक्ति को लेकर भी उन पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने वहां "एसआईआर" का अर्थ स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बजाय स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन बता दिया। ऐसा उन्होंने अपने भाषण के दौरान चार बार किया। यह साबित करता है कि हेमंत सोरेन को हर चीज़ में केवल "परसेंटेज" और "इंसेंटिव" ही दिखाई देता है। झारखंड के मुख्यमंत्री की सोच किस मानसिकता से ग्रसित है, यह उनकी जुबान से बार-बार झलकता है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को इंडी गठबंधन ने बिहार में एक भी सीट नहीं दी। "बड़े बे-आबरू होकर तेरे कूचे से निकले हम" की कहावत इस पर पूरी तरह सटीक बैठती है। इनको बैठकों में निमंत्रण भी नहीं मिला। फिर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनकी यात्रा में शामिल हुए।

### "करम पूर्व संध्या समारोह-2025" कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, कहा

# समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना सभी की जिम्मेदारी

- आदिवासी समाज के लोग एकजुट होकर राज्य के विकास में अपनी भूमिका निभाएं : हेमंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित "करम पूर्व संध्या समारोह-2025" कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समस्त झारखंडवासियों को करम महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने एक समृद्ध सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत हमें दिया है। पूरा आदिवासी समाज एकजुट रहकर इस विरासत को इसी प्रकार आगे बढ़ाएं। आदिवासी समुदाय की संरक्षा के लिए देश में कई कायदे-कानून बनाए गए हैं, कई सारी व्यवस्थाएं भी बनाई गई हैं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पूरी दुनिया में आदिवासी समाज के प्रति हमेशा विचार-विमर्श होता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आदिवासी समाज कई कारणों से, कई नीतियों की वजह से इधर-उधर बिखर जा रहे हैं, लेकिन हमारी वर्तमान पीढ़ियों ने हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक व्यवस्थाओं को अलग-अलग प्लेटफार्म, अलग-अलग माध्यमों का उपयोग कर सामाजिकता को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

### सभी लोग करम महोत्सव धूमधाम से मनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का माहौल है। राज्य के अलग-अलग गांव, मोहल्ले, टोलों में करम महोत्सव मनाया जा रहा है। करम महोत्सव सिर्फ झारखंड में ही नहीं बल्कि जहां-जहां हमारे आदिवासी समुदाय के लोग बसे हैं, वहां भी करम महोत्सव की तैयारी की गई है। सभी लोग करम महोत्सव धूमधाम से मना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग इसी तरह एक साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेंगे तो परिणाम अवश्य बेहतर होगा।

### हर हाल में समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अगुवा मार्गदर्शकों ने जो सांस्कृतिक विरासत हमें सौंपी है, इस समृद्ध विरासत को हर हाल में आगे बढ़ाना है ।यही राज्य सरकार के साथ-साथ हम सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी समाज के अंदर की कमियों को दूर करने का निरंतर प्रयास कर रही है लेकिन इस प्रयास में सफलता तभी मिलेगी जब पूरा समाज एक होकर राज्य के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका निभाएगा।

## जनगणना में कुड़मि जाति व कुड़मालिभाषा का कॉलम हो : डॉ लंबोदर महतो

- आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव ने राज्यपाल से मिलकर की मांग
- कुड़मालि से शोध कार्य में हो रही परेशानी की ओर ध्यान कराया आकृष्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सोमवार को राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और उनका ध्यान कुड़मालि भाषा के संवर्धन, संरक्षण व विकास की ओर आकृष्ट कराया। उन्होंने उनसे जनगणना में जनजाति नाम कुड़मि एवं भाषा नाम कुड़मालि के लिए कॉलम करने की मांग की। साथ ही, उन्होंने कुड़मालि भाषा को 8वीं अनुसूची में व कुड़मि को जनजाति सूची में शामिल करने की भी मांग की। डॉ लंबोदर महतो ने राजभवन में राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया कि झारखंड में कुड़मालि भाषा बोलने वालों की संख्या 70 प्रतिशत से ज्यादा है। यहां की जनजाति कुड़मि की मातृभाषा अतिप्राचीन काल से रही है। लेकिन, अति दुख की बात है कि वर्ष 1951 की जनगणना से ही इसका कोड विलुप्त कर दिया गया। उन्होंने राज्यपाल से कुड़मालि भाषा-साहित्य में नेट/जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण किए हुए छात्रों को पीएचडी में पंजीकरण बनवाने में आ रही विसंगतियों पर चर्चा करते हुए सात बिंदुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने राज्यपाल से छात्र हित में कुड़मालि विषय में नेट/जेआरएफ पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को रांची विश्वविधालय के मानविकी संकाय (संस्कृत, हिंदी, बांग्ला, दर्शन शास्त्र, अंग्रेजी, उर्दू आदि सभी विषयों) के शिक्षक/शिक्षिका के शोध निदेशन में पीएचडी शोध कार्य करने और धनबाद स्थित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में सह निदेशक की अनिवार्यता को शिथिल करते हुए केवल मानविकी संकाय के शोध निदेशक की बदौलत कुड़मालि विषय में पीएचडी शोध कार्य करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया।

## आईटीएस होटवार में एनआईए का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

- आतंकवाद से संबंधित कांडों के अनुसंधान के लिए किया जा रहा प्रशिक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय (आईटीएस) में सोमवार को देश की नामी अनुसंधान एजेंसी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा संचालित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके प्रथम सत्र में पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) ए विजयालक्ष्मी, अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिन्हा एवं एनआईए, रांची के पुलिस अधीक्षक वैभव सक्सेना उपस्थित थे।

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड पुलिस के पदाधिकारियों को आतंकवाद से संबंधित कांडों के अनुसंधान एवं विचारण के संबंध में विशेष रूप से प्रशिक्षित करना है। इस कार्यशाला में भारतीय पुलिस सेवा के तीन परीक्ष्यमान पदाधिकारी, झारखंड पुलिस सेवा के 13 परीक्ष्यमान पदाधिकारी, झारखंड के विभिन्न जिलों में पदस्थापित 31 पुलिस उपाधीक्षक, चार पुलिस निरीक्षक एवं पांच पुलिस अवर निरीक्षक भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार (02 सिंतबर) को होगा।

### स्वामी ईश्वरानंद गिरि उत्तराखंड के सीएम से की भेंट

# मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिए 25 लाख रुपए का चेक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के महासचिव, स्वामी ईश्वरानंद गिरि ने सोमवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून भेंट की। इस अवसर पर स्वामी ईश्वरानंद ने मुख्यमंत्री को श्री श्री परमहंस योगानन्द जी की आध्यात्मिक धरोहर से संबंधित कुछ ग्रंथ भेंट करने के साथ मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 25 लाख रुपए का चेक भी सौंपा, जिससे उत्तराखंड में लगातार हो रही वर्षा के कारण आई बाढ़ की स्थिति में राहत कार्यों में सहायता मिल सके।

मुख्यमंत्री ने स्वामी जी का सम्मान करते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट किया और राज्य सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे राहत कार्यों की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री ने योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा राहत कार्य हेतु दिए गए योगदान के लिए प्रशंसा की व आभार व्यक्त किया।

## न्यूज बॉक्स

### एसएसपी चंदन सिन्हा ने 19 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन सौंपे



**रांची।** रांची पुलिस ने 19 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन वापस लौटाए। सोमवार को कोतवाली थाना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने 19 लोगों को उनका गुम हुए मोबाइल फोन को सौंपा, जबकि 16 ऐसे और मोबाइल फोन है जिनके ऑनर से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। लोगों ने कहा कि उन्होंने मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। पुलिस ने मोबाइल बरामद करके गिफ्ट दिया है। एसएसपी ने कहा कि कई थाना क्षेत्रों में जिन लोगों के मोबाइल गुम या चोरी हो रहे थे, उनकी जांच सर्विलांस सेल कर रही थी। सर्विलांस सेल के विशेषज्ञ हर रोज खोए मोबाइलों की लोकेशन खोजने की कोशिश करते थे। उनकी मेहनत रंग लाई

### दारोगा मीरा सिंह की मुश्किलें बढ़ी



**रांची।** तुपुदाना ओपी की पूर्व प्रभारी दारोगा मीरा सिंह को ईडी ने अभियुक्त बनाते हुए कांड संख्या ईसीआईआर 8/2025 में पीसी (प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन) दाखिल की है। फिलहाल ईडी की पीसी पर कोर्ट ने संज्ञान नहीं लिया है। दारोगा मीरा सिंह के विरुद्ध ईडी ने पिछले वर्ष मार्च महीने में छापेमारी की थी। इस छापेमारी में आरोपितों के ठिकाने से 12.50 लाख रुपए नकदी मिले हैं। ईडी ने एसीबी द्वारा दर्ज किए गए केस को ही टेकओवर किया है। मीरा सिंह पहली पुलिस ऑफिसर हैं, जिन्हें ईडी ने किसी केस में आरोपी बनाया है। हालांकि एसीबी के ट्रैप केस में मीरा सिंह फिलहाल जमानत पर हैं।

### रांची में पेंशन दरबार सह सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का हआ आयोजन

# शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं उनका योगदान अतुलनीय : डीसी

- नौ शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के दिन ही प्रदान किए गए समस्त सेवानिवृत्ति लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**सम्मानित किए गए सेवानिवृत्ति शिक्षक :**

1. तलत फातमा, सहायक शिक्षिका, राजकीय मध्य विद्यालय उर्दू हिंदपीढ़ी, रांची-2।
2. सुनिता कुमारी, सहायक शिक्षिका, राजकीय मध्य विद्यालय अशोकनगर, रांची-2।
3. रेखा कच्छप, सहायक शिक्षिका, राजकीय मध्य विद्यालय चुट्ट, कांके।
4. सच्चिदानंद महतो, सहायक शिक्षक, राजकीय मध्य विद्यालय अरसंडे, कांके।
5. नीलम अंजू पुर्ति, सहायक शिक्षिका, राजकीय मध्य विद्यालय मासु, अनगड़ा।
6. पुष्पा टोप्पो, सहायक शिक्षिका, राजकीय मध्य विद्यालय अनगड़ा।
7. मनोज कुमार सिंह, सहायक शिक्षक, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुड़गुड़जाड़ी, मांडर।
8. सोमर साहु, सहायक शिक्षक, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडु लापुंग।
9. खीस्त दुलारी सुबरदानी कुल्लू, सहायक शिक्षिका, बेथेसदा बालिका मध्य विद्यालय, रांची।

**रांची।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कांफ्रेंस कक्ष में एक भव्य पेंशन दरबार सह सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के नौ सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

उपायुक्त भजंत्री ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को मोमेंटो, शॉल और सम्मान पत्र देकर उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि सभी शिक्षकों को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन ही समस्त सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान कर दिए गए, जो रांची जिला प्रशासन की एक अनुकरणीय पहल है।

इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं, जिनका योगदान अतुलनीय है। आप सभी ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है। सेवानिवृत्ति के दिन ही समस्त लाभ प्रदान करना जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने शिक्षकों से अपने अनुभव और ज्ञान को समाज के साथ साझा करने का आग्रह करते हुए कहा, आप सभी अपने जीवन की अगली पारी में भी सक्रिय रहें, नए कार्यों में उपलब्धियां अर्जित करें और समाज को प्रेरित करते रहें। उपायुक्त ने आयोजन की सफलता के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक और उनकी पूरी टीम को विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

### ऐसे आयोजन समाज में शिक्षा के महत्व को करते हैं रेखांकित

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि इस तरह के आयोजन सभी विभागों को आयोजित करने चाहिए, जिससे सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी लाभ प्रदान किए जा सकें। पेंशन दरबार सह सम्मान समारोह रांची जिला प्रशासन की उस संवेदनशील और त्वरित कार्यप्रणाली को दर्शाता है, जो सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति सम्मान और उनके हितों के प्रति कटिबद्धता को प्राथमिकता देता है। इस तरह के आयोजन न केवल सेवानिवृत्त कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित करते हैं। रांची जिला प्रशासन इस तरह के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए उचित सम्मान और सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जा सकें। यह आयोजन न केवल एक विदाई समारोह था, बल्कि शिक्षकों के सम्मान और उनके नए जीवन की शुरूआत का एक प्रेरणादायक अवसर भी साबित हुआ।


नवीन मेल संवाददाता सीमा गांगुली के साथ सरला बिरला पब्लिक स्कूल की नई प्राचार्या मनीषा शर्मा

## छात्राओं में अच्छे संस्कार देना स्कूल की प्राथमिकता :मनीषा शर्मा

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल की नई प्राचार्या मनीषा शर्मा अपनी विद्यालय के प्रति जागरूक अभिव्यक्ति करते हुए कहा कि आज के दौर में संस्कार छात्राओं में देना अति आवश्यक है, जिसमें अविभावकों की सहभागिता सुनिश्चित हो। विद्यालय में सर्वांगीण विकास करना मेरा लक्ष्य है। नई से नई तकनीकी शिक्षा में समावेश हो। राज्य से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय तक छात्र छात्राओं को हर क्षेत्र में शामिल करवाना जिसमें सभी शिक्षकों को सहयोग अति आवश्यक है। पूर्व प्राचार्या श्री मती परमजीत कौर ने भी जो विद्यालय को दिया है स्मरणीय है इसे और आगे ले जाने के लिए मैं सदैव तत्पर रहुंगी।

### 16 साल तक के बच्चों को कोचिंग में पढ़ाने पर है रोक

# एलेन खुले आम पढ़ाता है स्कूली बच्चों को

### शिक्षा विभाग के मुख्यालय स्थित उच्चाधिकारी ने कहा जांच के बाद कार्रवाई

राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी समेत राज्य भर के विभिन्न जिलों में अनेक स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसमें कोचिंग संचालक जितने जिम्मेवार है उतने स्कूलों के प्राधानाध्यापक भी है। दोनों के मिलीभगत से शिक्षा स्तर को नीचे गिराया जा रहा है वहीं गुपचुप रूप से गैर कानूनी तरीके से मोटी कमाई का भी जरिया बनाया जा रहा है। कोचिंग संचालक अभिभावकों को सब्जबाग दिखाकर मोटी रकम वसूल रहे हैं और यह सब प्रशासन के नाक के नीचे होता है। प्रशासन अगर गंभीरता दिखाए तो पूरे राज्य में फैले इस सिंडिकेट का भंडा फोड़ हो सकता है। आइए जानते हैं किस तरह के हैं हालात।

राजधानी के हरमू रोड में चल रहे एलन कोचिंग सेंटर को ही देखा जाए तो ये स्कूल के समय में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को स्कूल की तरह पढ़ाते ही हैं सूत्रों के अनुसार ओलंपियाड का नाम लेकर कक्षा सात से बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी भी कराते हैं। मतलब स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराते हैं और एक बच्चे से लाखों वसूलते हैं। इससे भी बड़ी बात यह होती है कि इन बच्चों का नामांकन किसी विद्यालय में रहता है और बच्चे उस विद्यालय में केवल परीक्षा लिखने जाते हैं। सवाल यह उठता है कि परीक्षा में विद्यालय जाने को छोड़कर बाकी दिन कोचिंग में पढ़ रहे छात्रों की हाजिरी दैनिक छात्रों की हाजिरी की तरह विद्यालयों में कैसे बन जाती है। सभी तो नहीं लेकिन अनेक विद्यालय इस खेल के बड़े खिलाड़ी हैं और वे कोचिंग संचालक के साथ हैं। मगर क्या यह कानूनन सही है, इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने रांची जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज से विशेष बात की। उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय में छात्रों का नामांकन है उन्हें वहां ही पढ़ना है अन्य जगहों पर वे नहीं पढ़ सकते। अगर किसी कोचिंग संचालक स्कूल के समय छात्रों को पढ़ाते पाए जाएंगे तो उनपर कड़ी कारवाई की जाएगी और जिन स्कूलों के छात्र होंगे वे स्कूल भी नहीं बख्शे जाएंगे। छात्रों की हाजिरी में अगर कोई विद्यालय हेरा-फेरी करते हैं तो यह अपराध की श्रेणी में आएगा।




## आज / कल




# विधायक ने शिक्षकों की मांगों पर जताई सहमति

- झारोटेफ की रांची इकाई ने किया कर्मचारी शक्ति समागम कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड इंप्लाई फेडरेशन (झारोटेफ) की रांची इकाई ने बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय रांची में कर्मचारी शक्ति समागम कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में खिजरी के विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों के बारे में अपनी सहमति जताई। विधायक राजेश कच्छप ने शिक्षकों की एमएसीपी, शिशु शिक्षण भत्ता और कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष के मुद्दे पर अपनी सहमति जताई। उन्होंने यह भी कहा कि पहले के दो मांगें बहुत जरूरी हैं, जबकि तीसरी मांग के बारे में विचार किया जा सकता है। विधायक खिजरी झारोटेफ के मांग करने के इस तरीके को बहुत ही सराहा और झारोटेफ की प्रशंसा की। आज के इस कार्यक्रम में रांची जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज भी उपस्थित थे। उन्होंने भी संगठन के अपनी बातों को रखने के तरीके को काफी सराहा और शिक्षकों के हर जायज समस्याओं को तुरंत सुलझाने का वादा भी किया।

ज्ञात हो कि झारोटेफ के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने 21 सितंबर को होने वाले पांचवें चरण के आंदोलन के लिए सभी से तैयार रहने को कहा। पांचवें चरण में मोरहाबादी (संभावित) मैदान में पूरे राज्य से बड़ी संख्या में कर्मचारियों को आने का आह्वान किया। आज उपस्थित कर्मचारियों में महिलाओं की भागीदारी बहुत ही सराहनीय थी।

झारोटेफ के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने मातृ शक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों के ही कारण पुरानी पेंशन, कैशलेस चिकित्सा बीमा, चाइल्ड केयर लीव जैसी मांगों को सरकार द्वारा माना गया है। अगर आप तैयार हैं, तो फिर इन मांगों को पूरा होने में कहीं कोई अड़चन नहीं होगी।

विधायक राजेश कच्छप ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माल्यार्पण कर और अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। ये जानकारी मिथिलेश कुमार सहाय, प्रांतीय संयोजक, 'सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ' ने दी।

### सांसद खेल महोत्सव में रांची में होगा खिलाड़ियों का महाजुटान

# स्वस्थ युवा, विकसित भारत के थीम पर आधारित होगा महोत्सव : संजय

- मैराथन में शामिल होंगे 25000 से अधिक युवा
- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू, रक्षा राज्य मंत्री ने लॉन्च किया पोस्टर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 21 सितंबर से होगा। इसका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आरंभ हो चुका है। 25 दिसंबर को इसका समापन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने आज अपने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। श्री सेठ ने बताया कि विकसित भारत का जो लक्ष्य माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, उसमें हमारे युवा पूरी तरह से फिट हो, स्वस्थ हो, इस उद्देश्य के साथ रांची में एक बार फिर सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। हर व्यक्ति स्वस्थ रहे इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री जी ने खेल के मैदान में एक घंटा बिताने का संदेश दिया है, इस महोत्सव का उद्देश्य भी वही है। यह खेल महोत्सव 21 सितंबर 2025 से शुरू होगा जो 25 दिसंबर तक चलेगा।

रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, खिजरी, कांके, सिल्ली और ईचागढ़ में खेल कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को मोराबादी मैदान से साइक्लोथन के साथ इसका आगाज होगा। 12 अक्टूबर को मोराबादी मैदान से मैराथन और आयोजित होगा, जो ओटीसी ग्राउंड पर जाकर संपन्न होगा। इसमें लगभग 25000 युवाओं की सहभागिता होगी। श्री सेठ ने कहा कि खेल महोत्सव में हमने खेल संस्कृति और नेतृत्व को बढ़ावा देने का फैसला लिया है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

नव-नियुक्त PGT शिक्षकों, सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान), लैब सहायकों को
नियुक्ति पत्र-वितरण
एवं छात्र-छात्राओं का
मेधा सम्मान कार्यक्रम

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री राधाकृष्ण किशोर
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

श्री संजय प्रसाद यादव
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, झारखण्ड

दिनांक:- 02 सितम्बर 2025 | समय:- मध्याह्न 12 बजे से
स्थान: प्रोजेक्ट भवन स्थित नया सभागार (द्वितीय तल) धुर्वा, रांची


हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR No. 361022 (IPRD)2025-26

### करम पूर्व संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

# करम देवता का आशीर्वाद प्राप्त कर आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया

नवीन मेल संवाददाता

- कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान से पहान के द्वारा करम राजा के कहानी से शुरू हुई। करम देवता की पूजा बंधना कुरूख गीत के बाद सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों का दौर प्रारंभ हुआ



**मुरी**। दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची मंडल अंतर्गत रेलवे आदिवासी परिवार, मुरी शाखा के तत्वावधान में करम पूर्व संध्या सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन रेलवे इंस्टीट्यूट, मुरी में अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। रेलवे आदिवासी परिवार रांची मंडल के लिए यह आयोजन केवल एक पर्व का उत्सव नहीं, बल्कि सामुदायिक एकजुटता, परंपरा, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक धरोहर के संरक्षण का जीवंत प्रतीक रहा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रेलवे परिवार एवं स्थानीय समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए और करम देवता का आशीर्वाद प्राप्त कर इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान से पहान के द्वारा करम राजा के कहानी से शुरू हुई। कर म देवता की पूजा बंधना कुरूख गीत के बाद सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों का दौर प्रारंभ हुआ, जिसमें नागपुरी गीत, झूमर नृत्य, करम गीत और आधुनिक लोकनृत्य ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्री अमित कुमार महतो स्थानीय विधायक सह पूर्व खेल मंत्री झारखंड सरकार की गरिमामई उपस्थिति रहीं, विशिष्ट अतिथियों में रेलवे से एसीएमएस झरिया कच्छप मुरी रेलवे हॉस्पिटल, आरपीएफ,जीआरपी,एसआईबी टिम एसएसई जेई मुरी लॉबी से स्टेशन मैनेजर कार्यालय से, उर्सलाइन स्कूल की प्रिंसिपल सरिता बोदरा, म्यूजिक टीचर सिस्टर ज्योति, मुरी चर्च के फादर.., हिंडाल्को लिमिटेड से.., स्थानीय जनप्रतिनिधि मुखिया.., सरपंच प्रमुख डॉक्टर बी एन महतो, स्थानीय मीडियाकर्मियों इस अवसर पर रेलवे आदिवासी परिवार रांची मंडल के विभिन्न सेक्शनों टाटीसिल्वे,गौतमधरा, नरकोपी, बानो, कर्रा, रामगढ़, झालदा, गुंडाबिहार, जोनहा, नामकोम, सिल्ली, लोहरदगा, नवागांव, ओरगा इत्यादि अन्य स्टेशनों से सैकड़ों रेलवे कर्मचारीगण उपस्थित हुए।साथ ही एससी/एसटी एसोसिएशन, रांची मंडल के डिविजनल सेक्रेट्री सह जोनल कोषाध्यक्ष विनोद उरांव, रांची ब्रांच सेक्रेटरी रमेश राम महली, हटिया ब्रांच सेक्रेटरी लालदेव उरांव, कोषाध्यक्ष राणा मुंडा , वर्किंग प्रेसिडेंट रवि तिर्की, हेमलाल लकड़ा, अमर उरांव, प्रदीप तिर्की, सकलू उरांव, चुलुवा उरांव जैसे सम्मानित ऑफिस बेरियर्स और समस्त कार्यकर्ता गण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कुपोषण से बचाव के लिए आहार में मशरूम शामिल करें: डॉ एससी दुबे



**रांची**। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा है पौष्टिकता एवं औषधीय गुणों से भरपूर मशरूम झारखंड के किसानों के लिए रोजगार सृजन एवं आय का एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त स्रोत हो सकता है क्योंकि जलवायु विविधता के कारण यहां लगभग सालो भर इसका उत्पादन किया जा सकता है । दैनिक आहार में इसे शामिल कर कुपोषण से बचा जा सकता है तथा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि की जा सकती है।

डॉ दुबे सोमवार को कृषि महाविद्यालय सभाकक्ष में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित कर रहे थे । उन्होंने कहा की मशरूम में 90 प्रतिशत अंश पानी तथा 10 प्रतिशत अंश सूखा पदार्थ रहता है । कैंसररोधी, लिवर एवं तंत्रिका-सुरक्षात्मक, एंटीवायरल, जीवाणुरोधी, मधुमेहरोधी आदि गुणों से भरपूर मशरूम विटामिन बी तथा विटामिन डी का महत्वपूर्ण स्रोत है जिसे खाने से कोलेस्ट्रोल नियंत्रण में रहता है तथा हार्ट हेल्दी रहता है । बटन मशरूम पर आयोजित प्रशिक्षण में दो बैच में कुल 38 किसान और उद्यमी शामिल थे, जिनमें झारखंड के विभिन्न जिलों के 36 तथा बिहार के 2 लोग थे। उन्हें कम्पोस्ट बनाने की विधि, बिजाई, केसिंग तथा बटन मशरूम उत्पादन की सम्पूर्ण तकनीकी जानकारी दी गई तथा उन्होंने खुद सारी प्रक्रिया करके व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। कृषि संकाय के डीन डॉ डीके शाही ने किसानों, गृहणियों और छोटे उद्यमियों से व्यावसायिक मशरूम उत्पादन के लिए आगे आने का आह्वान किया। पौधा रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ एचसी लाल ने स्वागत भाषण तथा डॉ एमके बर्णवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर विभाग से डॉ सविता एक्का, डॉ लाम डोरजी, मुनि प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कांके के तीन छात्र ने फुटबॉल में स्वर्ण पदक जीता



**रांची**। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कांके पढ़ाई के साथ अब खेल में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय के छात्र लोग कर रहे हैं विद्यालय में चौमुखी विकास की ओर अग्रसर हो रही है। फुटबॉल खेल में विद्यालय के तीन छात्र नंदनी कुमारी कक्षा 8 की छात्रा शिवानी कुमारी कक्षा 6 की छात्र एवं सीता कुमारी कक्षा 6 की छात्रा ने सब जूनियर अंडर 14 झारखंड बालिका फुटबॉल टीम में अपना स्थान प्राप्त किया झारखंड अंदर 14 फुटबॉल टीम असम में आयोजित सब जूनियर फुटबाल चैंपियनशिप में मणिपुर को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय काके के यह तीनों छात्रों ने जिसमें नंदनी कुमारी शिवानी कुमारी एवं सीता कुमारी अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इस उपलब्धि पर झारखंड फुटबॉल खेल प्रेमी एवं रांची जिला शिक्षा अधीक्षक श्री बादल राज एवं विद्यालय के एवं प्राचार्य आनंद प्रकाश मिश्रा और शिक्षक गणों ने इन खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही साथ 2 सितंबर को विद्यालय में इन खिलाड़ियों को सम्मान समारोह आयोजन कर सम्मानित किया जाएगा इसकी जानकारी विद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री प्रवीण कुमार ने दी।

### वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन

# बुनियादी बैंकिंग सुविधाएं सभी तक पहुंचाने का प्रयास : क्षेत्रीय निदेशक

नवीन मेल संवाददाता

**मांडर**। बैंक ऑफ इंडिया मांडर शाखा की ओर से सोमवार को बंझिला पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, ई-केवाईसी और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान भी किया गया। क्षेत्रीय निदेशक ने प्रतिभागियों को बताया कि वित्तीय शिक्षण, वित्तीय समावेशन तथा जन जागरण इन विकासात्मक कार्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। बुनियादी बैंकिंग सुविधा को सभी तक पहुंचाने के प्रयास में बैंकिंग संवाददाता (बीसी) की भी अहम भूमिका रहती है। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग का उपयोग, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया तथा वित्तीय प्रबंधन के महत्व के प्रति जागरूक करना था।शिविर के दौरान बैंकों के प्रतिनिधियों ने जन धन योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और मुद्रा लोन जैसी योजनाओं के लाभ बताए। साथ ही डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु UPI, मोबाइल बैंकिंग और आधार-आधारित सेवाओं के प्रयोग पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और बैंक अधिकारियों से सीधे अपनी समस्याएँ साझा कर समाधान प्राप्त किया। मौके पर रीजनल डिरेक्टर आरबीआई प्रेम रंजन सिंह, डीजीएम एसएलबीसी संतोष कुमार सिन्हा, डीजेडएम रांची अजित कुमार, मांडर ब्रांच मैनेजर रविकांत झा, दुर्गा उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

### एंग्है जावा पुपुन जोगा बाके ...हायरे करम बरचा...

## मांदर की थाप और करम गीतों ने लोग झूमने को हुए मजबूर



**बेड़ो** । हायरे करम बरचा.... पुना पुना पेलो पुना साड़ी.... और करम बानागे बेरा लगिया सहित एंग्है जावा पुपुन जोगा बाके ... जैसे करमा गीतों के बीच मांदर की थाप पर ऐतिहासिक महादानी मैदान के मंच पर आयोजित करम पूर्व संध्या समारोह के दौरान लोग झूम उठे। सरना समिति बेड़ो के तत्वावधान में ऐतिहासिक महादानी मैदान में 36 वां करम पूर्व संध्या समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरना समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने किया वहीं उपाध्यक्ष आशा एक्का ने संचालन किया। समिति के सचिव चारो उरांव, सह सचिव चुमानी उरांव, कोषाध्यक्ष जल्ही उरांव सहित अन्य लोगों की अगुआई में करम पूर्व संध्या समारोह के दौरान झारखंड की परम्परा और संस्कृति सहित रीति-रिवाज को बचाए रखने का संकल्प लिया गया। बारीडीह के जिंगुआ टाना भगत और चारो उरांव तथा लक्ष्मण उरांव ने मांदर की थाप पर हजारों लोगों को खूब झुमाया। करम गीतों और मांदर की थाप के बीच करम पूर्व संध्या समारोह रात तक गुलजार रही। खोड़हा नृत्य दलों सहित सामूहिक एवं एकल गीतों से आदिवासियों की परंपरा जीवंत हो उठी।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत दूसरा घायल

**मुरी/सिल्ली**। मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की रात्रि में रेलवे ओवरब्रिज के समीप पिकअप वैन ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार धक्का मारा जिससे मोटरसाइकिल चालक हाहेलुपुंग निवासी देवाशीष कोईरी (23) की सिर में गंभीर चोट लगने से सिंगपुर नर्सिंग होम लाया गया जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार अन्य युवक करण कुमार महतो (23) का का हाथ टूट गया एवं पैर में चोट लगी जिनका इलाज राहत नर्सिंग होम सिल्ली में चल रहा है।जानकारी के मुताबिक विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप वैन का चालक काफी तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए ट्रक को ओवरटेक करने के क्रम में मोटरसाइकिल को धक्का मारा। मुरी पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी हुई है।

इधर पुलिस का कहना है कि अभी इस घटना के संबंध में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है। जांच के बाद जो बात सामने आएगी उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विशेष संगोष्ठी का आयोजन

# विकास से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों पर विस्तार से चर्चा की

नवीन मेल संवाददाता



**रांची**। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र एवं बीएफएससी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम शोध, तकनीकी प्रगति तथा सतत विकास के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आईसीएआर – सेंट्रल इनलैंड फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट, बैरकपुर, कोलकाता के वरिष्ठ एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एके दास ने अपने विचार प्रस्तुत किए। अपने व्याख्यान में डॉ. दास ने अंतर्देशीय मत्स्य संसाधनों की वर्तमान स्थिति, उनके संरक्षण की आवश्यकता तथा सतत विकास से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्रों को मत्स्य विज्ञान में उपलब्ध आधुनिक अनुसंधान तकनीकों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में करियर संभावनाओं और शोध अवसरोंपर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्नातक एवं शोधार्थी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय में गहरी रुचि दिखाई तथा डॉ. दास से प्रत्यक्ष मार्गदर्शन प्राप्त किया। डॉ. दासने कहा कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन न केवल छात्रों को नवीनतम ज्ञान से परिचित कराते हैं, बल्कि उन्हें अनुसंधान एवं नवाचार के प्रति प्रेरित भी करते हैं। यह उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में प्राणी-विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सजलेन्दु घोष ने धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया।

### मांडर महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं बुनियादी सुविधाओं की कमी

# छात्रों की समस्याओं का हो समाधान नहीं तो होगा आंदोलन : मंच

नवीन मेल संवाददाता

- मंच ने प्राचार्य से आग्रह किया कि रिक्त पदों पर बहाली के लिए विश्वविद्यालय को शीघ्र पत्राचार किया जाए



**मांडर**। अबुआ अधिकार मंच के अध्यक्ष छोटू साहू के नेतृत्व में मांडर महाविद्यालय, मांडर के छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। मांडर महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौपते हुए अबुआ अधिकार मंच डोरंडा महाविद्यालय के अध्यक्ष छोटू साहू ने कहा कि महाविद्यालय में कक्षाओं की संख्या कम है, जिस कारण किसी भी विभाग का अपना स्थायी क्लासरूम नहीं है। मंच ने मांग की है कि सभी विभागों की कक्षाएं नियमानुसार एवं समय पर संचालित की जाएं। शिक्षकों की भारी कमी है, कई विभागों में तो एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। इससे छात्र-छात्राओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मंच ने प्राचार्य से आग्रह किया कि रिक्त पदों पर बहाली के लिए विश्वविद्यालय को शीघ्र पत्राचार किया जाए। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पुस्तकें लगभग न के बराबर हैं। मंच ने मांग की कि छात्र-छात्राओं की जरूरत के अनुसार आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। महाविद्यालय परिसर में बने नए भवन का अब तक टेकओवर नहीं किया गया है। मंच ने इसे शीघ्र टेकओवर कर नियमित पठन-पाठन शुरू कराने की मांग की। महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर सभी विषयों की रूटीन एवं समय सारणी प्रदर्शित करने की भी मांग की गई। अबुआ अधिकार मंच ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर इन समस्याओं का सकारात्मक समाधान नहीं किया गया, तो मंच छात्र-छात्राओं के हित में आंदोलन, धरना-प्रदर्शन एवं तालाबंदी जैसे कदम उठाने को बाध्य होगा। प्राचार्य ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रतिनिधिमण्डल से कहा के छात्र छात्राओं के हित मे सभी मांगो को जल्द पूरा किया जायेगा।

### गणपति बप्पा अगले बरस तू फिर आना ....

## श्रद्धालुओं ने नम आंखों से दी गणपति को विदाई

**बेड़ो**। गणपति बप्पा अगले बरस तू फिर आना .... जैसे गीतों एवं श्री सिद्धिविनायक की भजनों एवं मंत्रोच्चार के बीच श्री राधेकृष्ण यूथ संगम के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय गणेशोत्सव का विसर्जन शोभायात्रा निकालकर देर रात प्रतिमा विसर्जित कर दी गई। पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ श्री राधेकृष्ण यूथ संगम के कार्यकर्ताओं ने गाजा बाजा खासकर डीजे की संगीत के बीच बप्पा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली। कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 8:15 बजे किया गया। एक सुसज्जित ट्रक में भगवान गणपति की प्रतिमा को विसर्जन हेतु चढाय़ा गया। वहीं दूसरे वाहनों पर सैकड़ो साउंड बॉक्स और साउंड सिस्टम के साथ लेजर लाइट के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता और ग्रामीण झूमते नाचते विसर्जन शोभा यात्रा में शामिल हुए। विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान लेजर लाइट और साउंड की प्रतिध्वनि से सड़क किनारे के घरों में कंपन महसूस किया गया। तेज आवाज और तेज संगीत के साथ साउंड सिस्टम श्री राधे कृष्णा यूथ संगम के कार्यकर्ताओं के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। हालांकि दिल के मरीजों को थोड़ी परेशानी महसूस हुई। हालांकि किसी तरह की कोई घटना नहीं हुई। लेकिन इन परेशानियों के बीच आयोजनकर्ताओं का उत्साह और उल्लास भारी पड़ता दिखाई दिया। विसर्जन शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था की कमान थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने संभाल रखी थी। विसर्जन शोभा यात्रा का नेतृत्व संचालन अंकित कुमार सोनी कर रहे थे। उनके साथ साथ श्री राधेकृष्ण यूथ संगम के कार्यकर्ताओं का समूह जिनमें संरक्षक के रूप में डॉ राजेन्द्र तिवारी, राजगीर प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, नरेश सोनी, राजकुमार गुप्ता, मोती लाल गुप्ता, मुख्य पुजारी एवं अनुष्ठान कर्ता आचार्य सोनू पंडा सहित रविशंकर प्रसाद, अविनाश कश्यप, रविंद्र बडाईक आदि शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### पिठौरिया तालाब में डूबे व्यक्ति का शव 27 घंटे बाद बरामद

**रांची**। कांके प्रखंड के पिठौरिया थाना क्षेत्र के नया तालाब चौक स्थित तालाब में डूबे युवक का शव लगभग 27 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। शुक्रवार शाम डूबे युवक की तलाश में एनडीआरएफ और पिठौरिया पुलिस की टीम लगातार अभियान चला रही थी। अंततः शनिवार देर रात शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। वहीं मृतक की पहचान सुमित खाखा (23 वर्ष), पिता रघु खाखा के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुमित नशे की हालत में तालाब में नहाने गया था, इस दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना से परिजन और स्थानीय लोग गमगीन हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नीरजा सहाय में डीएवी स्पोर्ट्स के विजेता हुए सम्मानित



**पिठौरिया** । नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने डीएवी स्पोर्ट्स में राज्य स्तर पर बेहतर जीत हासिल की। डीएवी स्पोर्ट्स राज्य स्तर प्रतियोगिताओं में वुशू, कराटे, कुश्ती, फुटबॉल, क्रिकेट, सेटिंग, स्वीमिंग, खो- खो, कबड्डी एवं वालीबॉल सरीखे खेलों का आयोजन रांची, धनबाद, जमशेदपुर एवं बोकारो में हुआ, जिसमें राज्य भर के 35 डीएवी विद्यालयों के लगभग 900 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में नीरजा सहाय डीएवी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 25 स्वर्ण, 26 रजत और 43 कांस्य पदक प्राप्त किया। चयनित विद्यार्थियों में से 41 राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे जो कि नवम्बर में होने वाली है। प्राचार्या किरण यादव ने आज असेंबली में सभी पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया तथा विजेताओं, उनके अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन में रहकर प्रतियोगिता में जीत प्राप्त की है।आगे भी इसी तरह की जीत हासिल करके विद्यालय का नाम रौशन करें। मौके पर सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

### खलारी में नदी में डूबने से धनबाद के सर्विस इंजीनियर की मौत



**खलारी**। सोमवार अपराह्न 3 बजे खलारी थानान्तर्गत चूरी स्थित सपही नदी में नहाने गए धनबाद निवासी 45 वर्षीय अरुण कुमार की डूबने से मौत हो गई। मृतक रामगढ़ स्थित बोस स्केल कंपनी में सर्विस इंजीनियर थे और सीसीएल के एनके व पिपरवार क्षेत्र में अनुबंध पर वजन घर का मेंटेनेंस कार्य देखते थे। जानकारी के अनुसार, अरुण कुमार अपने सहयोगी रोहित बोस के साथ आरसीएम साइडिंग से काम खत्म कर धनबाद लौट रहे थे। ट्रेन छूट जाने के कारण वह वापस रोहिणी कालोनी लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने सपही नदी में नहाने का निर्णय लिया। नहाते समय वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथी रोहित ने उन्हें बचाने की कोशिश की और लगभग पांच मिनट बाद बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक नशे की हालत में था। सूचना मिलने पर खलारी पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर डकरा अस्पताल मोर्चरी भेज दिया। इधर, स्वजनों को सूचित कर दिया गया है। देर रात शक्तिपुंज ट्रेन से उनके खलारी पहुंचने की संभावना जताई गई है।

### बीओआई ने बीमा क्लेम का किया भुगतान



**खलारी**। बैंक ऑफ इंडिया खलारी शाखा में सोमवार को 'प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना' के तहत विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत जेहलीटांड़ निवासी मृतका सदामी देवी के नामित लाभुक हीरामन गंझू को 2 लाख रुपए का बीमा क्लेम भुगतान किया गया। शाखा एडमिन रजत कश्यप ने बताया कि क्लेम 26 अगस्त को किया गया था, जिसका भुगतान महज पांच दिनों में कर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बेहद सहायक है। मात्र 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि समय पर क्लेम भुगतान से लाभुकों को बड़ी राहत मिलती है। इस मौके पर शाखा क्रेडिट प्रभारी मोहम्मद सदीक, ऋण अधिकारी समीर लकड़ा, शाखा बीसी मुकेश मुंडा, यशवर्धन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### सांसद कला महोत्सव पर कई स्कूलों में प्रतियोगिता आयोजित

**रांची**। सांसद कला महोत्सव जो लगातार कई दिनों से चल रहा है। सोमवार को रांची के डीएवी गांधीनगर, टोरियन वर्ल्ड स्कूल, जिला स्कूल, डीपीएस स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित की गई। सांसद कला महोत्सव के तहत रांची में चल रहे पेंटिंग कार्निवाल 2025 में बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम को लेकर कैनवास पर जो आकृतियां उकेरी हैं, वह राष्ट्र के प्रति इनकी भावनाएं हैं। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी स्कूलों में बच्चों का उत्सव वर्धन के लिए सम्मिलित हुए। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बच्चे ऑपरेशन सिंदूर और देशभक्ति से प्रेरित होकर एक से एक खूबसूरत पेंटिंग बना रहे हैं। पांच सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाले बच्चों के बीच केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा सर्टिफिकेट का वितरण किया। इस अवसर पर रमेंद्र कुमार, राजीव सहाय, मनोज गुप्ता, धनंजय कुमार, रजनीश रंजन, मनोज तिवारी, शुभंकर, खुशी कुमारी, रतन अग्रवाल, रूही कुमारी, कृष्ण कुमार, मंजू लता जायसवाल, धीरज महतो, प्रीतम साहू, रितेश मुंडा, प्रमोद सिंह, दिवाकर चौबे मौजूद थे।

# सपना देख रही जो आंखें, खुशी उसमें ताकत भरती है : डॉ निर्मल

## खुशी क्लास के भाव, स्वर्णिम जीवन का वरदान : डॉ संजय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** आज सपने देख रही जो आँखें, खुशी उनमें साहस भरता है। टेंशन-ग़म को दूर भगाएं, खुशी क्लास से आस जगता है। खुशी क्लास के भावों से, जिंदगी जीने का वरदान मिला है। हंसी-मुस्कान के सूत्र है, टेंसन से लड़ने का प्रमाण मिला है। इसी उद्घोष के साथ राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में 522 वां व मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल 523 वांखुशी क्लास का आयोजन सोमवार को हुआ। राधा गोविंद यूनिवर्सिटी में खुशी क्लास का संचालन डॉ रंजना पांडे व धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने किया। इसके पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अंजू तिवारी, प्रो अमरेश पांडे की उपस्थिति में अतिथियों को बुके व मोंमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मणिपाल इंटरनेशनल में अध्यक्षता डायरेक्टर गया प्रशाद राय व संचालन शिक्षिका अभ्याश्री ने किया। कुलसचिव डॉ निर्मल ने खुशी की ताकत को स्थापित करता एक सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। कहा कि सही मायने में खुशी के साथ ही मंजिल पाई जा सकती है। तनाव में हम मंजिल पा भी लियें तो हम उसका सार्थक उपयोग नहीं कर पाएंगे। डॉ संजय प्रशाद सिंह ने नो, इंड व फेल जैसे नकारात्मक शब्दों का सकारात्मक पक्ष रखा। खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा, खुश रहकर ही हम तनाव से लड़ सकते हैं। यह खुशी सकारात्मक भाव से आते हैं। हम जो प्रतिदिन करते हैं, उसका सिर्फ नजरिया बदलिए ; जिंदगी जीने का अंदाज बदल जाएगा। तनाव में आकर आत्महत्या के बारे में सोचना भी महापाप है। खुद में सकारात्मक भाव जगाएं, तनाव स्वतः भाग जाएगा। अंत में खुशी क्लास से उत्साहित छात्र तनावमुक्त हो जिंदादिली से जिंदगी जीने का और इसी राह पर आगे बढ़ मंजिल पाने का संकल्प लिया।

## श्री दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की हुई पूजा



**रामगढ़।** उत्तम सत्य धर्म दृ सत्य भाषण और सत्य आचरण का मार्ग "सत्यं वद" सत्य बोलो सत्य का अर्थ केवल झूठ न बोलना नहीं है, बल्कि मन, वचन और काया से सत्यता का पालन करना है। यह बात श्री दशलक्षण महापर्व के पांचवें दिन को श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने कही। उन्होंने कहा कि उत्तम सत्य धर्म वह है जिसमें व्यक्ति स्वार्थ, डर, कपट या लोभ के कारण झूठ नहीं बोलता और न ही किसी को भ्रमित करता है। सत्य धर्म आत्मा की स्वाभाविक स्थिति है। मन, वाणी और कर्म में साम्यता (कंसिटेंसी) झूठ, कपट, धोखा, छल और प्रपंच से दूर रहना किसी भी परिस्थिति में सत्य का साथ न छोड़ना अहिंसा और करुणा से युक्त सत्य बोलना सत्य का पालन करना सत्य के पालन से मन की शांति और आत्मबल की प्राप्ति होती है। साथ ही समाज में विश्वास और सम्मान आत्मा की शुद्धता और मोक्ष मार्ग की प्राप्ति होती है।

## न्यूज बॉक्स

### बीस सूत्री अध्यक्ष के नेतृत्व में कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डाला गया




**रामगढ़ ।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत कुल्ही पंचायत के ब्यांग गांव में स्थानीय विधायक ममता देवी के निर्देशानुसार स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में गांव के कई कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। बरसात के दिनों में कुओं का जलस्तर ऊपर हो जाता है, जिससे कई तरह के बरसाती कीटाणुओं की संख्या बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया ताकि ग्रामीणों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके और बीमारियों का प्रसार रोका जा सके। स अवसर पर सुधीर मंगलेश ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने कुओं के आसपास साफ-सफाई रखें, बाहर का गंदा पानी कुएँ में न जाने दें, अधिक से अधिक गर्म पानी का उपयोग करें और अपने घर-आँगन को स्वच्छ रखें। मौके कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष रितेश कुमार, रुकेश कुमार, हरि कुमार, उत्तम कुमार, बबलू महतो, मुकेश कुमार, अनुज कुमार, देवा महतो शुभम कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### एनसीसी कैडेट्स ने लगाया पौधा, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**बरही।** 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के निर्देशन में सोमवार को रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर, एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अजय कुमार रंजन, महाविद्यालय के शिक्षक और एनसीसी कैडेट्स ने संयुक्त रूप से पौधे लगाए। कार्यक्रम का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार, सेना मेडल के दिशा-निर्देश में किया गया। यह आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2025) के अवसर पर शुरू किए गए विशेष अभियान एक पेड़ माँ के नाम 2.0 का हिस्सा है। यह प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई पहल का दूसरा चरण है, जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को अपनी माँ या धरती माँ के नाम पर पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अभियान की शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर हुई थी। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान डॉ. विमल किशोर ने कहा कि पेड़ लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण ही नहीं, बल्कि जीवन को सुरक्षित बनाने का संकल्प है। जिस प्रकार माँ अपने बच्चों का पोषण करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी मानव जीवन को ऑक्सीजन, छाया और संतुलित जलवायु देकर सुरक्षित रखते हैं।

### दो माह में ही टूटने लगा अंडरपास अप्रोच रोड की अनियमितता उजागर



**बरकट्ठा।** एनएच 19 बरकट्ठा के कोषमा स्थित बनाए गए अंडरपास के अप्रोच रोड दो माह में ही जगह जगह टूटने लगा है। इस रोड को जून माह में वाहनों के आवागमन के लिए चालू किया गया था। गोरहर से चोरदाहा तक हो रहे सिक्सलेन सड़क निर्माण में गुणवत्ता की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। इसका जीता जागता कोषमा स्थित चेनेज नंबर 304 अंडरपास में अप्रोच सड़क खड्ड में बदल गई थी। इसके बाद निर्माण एजेंसी ने जैसे तैसे गड्ढे को तत्काल मरम्मत कर दिया। लेकिन पुनः कुछ फीट दूर लगभग पांच फीट एरिया में सड़क टूट कर खड्ड बन गई है। ज्ञात हो जून माह में अंडरपास से भारी वाहनों का आवागमन होने के दो माह में ही सड़क पर लगभग 10 मीटर के आसपास सड़क पर रोड कटिंग के स्थान पर तीन तीन इंच की दरार देखी जा सकती है। इस दरार में अलकतरा डाल कर मेंटेन करने की कोशिश के साथ ही मोटी दरारों में ऊपर से कंक्रीट मिक्सर डालकर दरार की चौड़ाई छिपाने का प्रयास किया गया गया है। पूरे सड़क में रोड कटिंग के दौरान कही भी रबर नहीं डाला गया है। जबकि पूर्व में एचसीसी और एलएंडटी कंपनी द्वारा निर्माण किए गए फोरलेन के कटिंग में रबर आज भी दिखाई पड़ जाता है। वहीं अंडरपास रोड को मजदूरों के साथ मैनुअल ढलाई किया गया है।

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर हुई बैठक

## पूजा समिति के अध्यक्ष बने जीव लाल साव



**बरकट्ठा।** दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बरकट्ठा मंदिर परिसर में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पुर्व मुखिया बसंत साव तथा संचालन मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष इन्द्रजीत प्रसाद ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से पुराने कमिटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से पूजा समिति अध्यक्ष जीबलाल साव, उपाध्यक्ष सुरेश राम, सचिव रामखेलावन यादव, उपसचिव शंकर लाल, कोषाध्यक्ष महादेव नायक, संयोजक बजरंग साव, शोभा समिति संरक्षक बसंत साव, अध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष महेश मंडल, सचिव सूरज मोदी, उपसचिव दिलीप सोनी, कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव ,कार्यकारिणी समिति में दर्शन सोनी, रामेश्वर यादव, दिलीप दास, सुनील मोदी, बिट्टू मोदी, सुरेश यादव, उमेश यादव, शंभु यादव, विनोद साव, त्रिलोकी राणा, महेश राम, छोटी यादव, संजय गुप्ता, रूपेश गुप्ता, इंद्रदेव मोदी को बनाया गया। वहीं सभी ने दुर्गा पूजा को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्णय लिया। मौके पर रतन गुप्ता, अशोक गुप्ता,चंदन मोदी, किशोर दास, राजेन्द्र मोदी,दशरथ मोदी , मनोज ठाकुर, परमेश्वर यादव, दुर्गा साव समेत दर्जनों ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

## छापेमारी कर पुलिस ने 115 लीटर अवैध महुआ शराब किया जब्त, कारोबारी में हड़कंप



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घस्कोडीह और झिंगिबराय के जंगल में अवैध रूप से संचालित महुआ शराब के अड्डे पर छापामारी की। इस दौरान पुलिस ने कुल 115 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की और अवैध शराब भट्ठी तथा उपकरणों को नष्ट किया।इस दौरान छापेमारी दल में एसआई कन्हैया और एएसआई उपेंद्र सिंह शामिल थे, जिन्होंने अपनी टीम के साथ मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। संबंधित जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि कार्रवाई दो व्यक्तियों पर की गई है जिसमें सुरेश महतो, पिता जाखड़ महतो, ग्राम घासकोड़ी व कैलाश महतो, पिता हेमलाल महतो, ग्राम झिंगीबराई शामिल हैं।वहीं पुलिस ने इस संबंध में थाना कांड संख्या 109/25 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अवैध शराब कारोबार में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है।इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के पुलिस के प्रयासों को बल मिला है।

### दिगवार में दो समुदायों में मारपीट, दर्जन भर लोग हुए घायल

# पुलिस-प्रशासन ने संभाला मोर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



रामगढ़ । कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत दिगवार चौक में सोमवार को दो समुदायों के बीच मामूली विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। वहीं एक पक्ष के आवास पर पथराव की घटना से माहौल तनावपूर्ण बन गया। घटना में दोनों समुदाय के लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जबकि गंभीर रूप से एक पक्ष के घायल विनोद कुमार कुशवाहा और प्रीतम कुमार व दूसरे पक्ष के मो आसिफ व इंजमामुल हक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। दोनों समुदायों के बीच विवाद की सूचना पाकर पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभालते हुए माहौल को शांत कराया। पुलिस प्रशासन घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। चौक चौराहा में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला जा रहा है। मामले को लवकर दिगवार चौक पर भारी पुलिस बल की तैनाती के बाद छावनी में तब्दील हो गया। वहीं, वज्रवाहन, आंसू गैस समेत अतिरिक्त बल शामिल है।

**क्या है मामलाः** जानकारी के मुताबिक 30 अगस्त की शाम महुडर टोला, दिगवार का रहने वाला बुल्लू महतो साइकिल से दिगवार चौक जा रहा था। इसी बीच बुल्लू अनियंत्रित होकर वशीर अंसारी की खड़ी कार के सामने जा गिरा। वहीं, बुल्लू महतो और उसका गोतिया नरेश महतो व वशीर अंसारी के पुत्र के बीच बहस होने के बाद मारपीट में तब्दील हो गया। उभरे विवाद को लेकर 1 सितंबर को सुबह 9 बजे फुटबॉल मैदान, दिगवार स्थित पंचायत सचिवालय में बैठक होना तय किया गया था। लेकिन कुछ कारणों की वजह से बैठक नहीं होने पर दिगवार में दो समुदाय के लोगों में लाठी, डंडे और पथराव की घटना से दोनों गुट के दर्जन भर लोग घायल हो गए। वहीं, दो लोग गंभीर हो गए। जिसमें एक गुट के प्रीतम कुमार पिता स्व मलकु महतो, दिनेश महतो पिता स्व हितु महतो, बालकरण कुमार पिता सहदेव महतो के अलावे दूसरे गुट के मैमून निशा पति सईद अंसारी, मो इंज्ममुल हक पिता सईद अंसारी, मो आसिफ, मो तौसीफ पिता मो वशीर, मो वशीर, मो आबिद पिता अब्दुल मजीद शामिल है। सभी का इलाज चल रहा है । जबकि गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार कुशवाहा और प्रीतम कुमार और मो आसिफ व मो इंज्ममुल हक को रिम्स रेफर कर दिया गया है।

**पुलिस - प्रशासन ने संभाला मोर्चा :** दिगवार में हुए मामूली विवाद में हुए मारपीट की सूचना के बाद रामगढ़ एसडीओ अनुराग तिवारी घटनास्थल पहुंचे। जहां एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद एवं कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह से घटना संबंधित जानकारी ली। वहीं, मामले को लेकर स्वयं मोर्चा संभाले हुए है। भारी पुलिस बल की तैनाती से दिगवार छावनी में तब्दील हो गया है। मौके पर सीओ तृप्ति विजया कुजूर, सीआई रामरतन पांडेय, मनीष कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में खेल दिवस मनाया गया

**हजारीबाग़।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हार टोली में शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया गया. प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर कहे जाते हैं. उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन को भारतीय खेल हॉकी को समर्पित कर दिया था. आज के विद्यार्थी भी खेलकूद को अपनाकर राष्ट्रीय स्तर परचम पूरे विश्व में लहरा सकते हैं. इसके अलावा भारतीय खेल हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, खो -खो में भी कैरियर बना सकते हैं. नेतृत्व खेल शिक्षक रणजीत सिंह यादव एवं प्रियंका कुमारी ने किया. मौके पर शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, तारकेश्वर राय उपस्थित थे.

## ट्रैक्टर संचालकों ने बालू उठाव बंद रखने का लिया निर्णय

**विष्णुगढ़।** गोविन्दपुर के कोनार नदी में बालू उठाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा अवैध वसूली के खिलाफ ट्रैक्टर संचालक गोलबंद हो गए है। इसे लेकर रविवार को गोविन्दपुर बागेश्वरी मंदिर के समीप ट्रैक्टर संचालकों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जेएलकेएम जिलाध्यक्ष सह विष्णुगढ़ उपप्रमुख सरयू साव ने की। बैठक में जेएलकेएम जिलाध्यक्ष ने कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा, तब तक कोनार से बालू उठाव पूरी तरह बंद रहेगा। कहा कि कोनार नदी विष्णुगढ़ और इसके आसपास के प्रखंडों का एक महत्वपूर्ण बालू घाट है। इससे इलाके में भवन निर्माण समेत अन्य सरकारी योजनाओं के लिए बालू की आपूर्ति ट्रैक्टर संचालक करते हैं। इन ट्रैक्टरों से स्थानीय पुलिस पकड़कर मनमाने तरीक से अवैध वसूली करती है। इससे ट्रैक्टर संचालक तंग-तबाह एवं परेशान हैं। राज्य सरकार इस बालू घाट का टेंडर भी निर्धारित नहीं करती है।

## भुवनेश्वर पटेल बने दिशा के जिलास्तरीय समिति के सदस्य

**विष्णुगढ़।** महिला एवं बाल विकास केन्द्रीय मंत्री सह जिला समन्वय एवं मूल्यांकन समिति, हजारीबाग की अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी ने दिशा की मार्गदर्शिका के जिलास्तरीय समिति सदस्य के रूप में भाजपा नेता भुवनेश्वर पटेल को मनोनीत किया है। सामाजिक कार्यो एवं पार्टी की गतिविधियों के प्रति समर्पण व पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। भुवनेश्वर पटेल ने केन्द्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने मुझे जो अहम जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास रहेगा। उनके मनोनयन से भाजपा के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। बधाई देने वालों में भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, गाल्होबार मुखिया मंजू देवी, सुशील मंडल, सुरेश राम समेत कई लोग शामिल हैं।

### खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता का समापन

# विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** खेलो झारखंड अंतर्गत आयोजित प्रखंड स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता 2025 का समापन सोमवार को बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ हुआ। तीन दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में बरही प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर रहे, जबकि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरण किया। अंतिम दिन अंडर-19 वर्ग के विभिन्न खेलों के मुकाबले खेले गए। कबड्डी में बालिका वर्ग की विजेता टीम कस्तूरबा विद्यालय बरही और बालक वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय बरही ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। खेल न केवल शारीरिक विकास करता है बल्कि टीम भावना और अनुशासन की भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर प्रतिभा निखारने के लिए ऐसे आयोजन बेहद जरूरी हैं।कार्यक्रम समिति में बीपीएम अरुण कुमार, संजय कुमार दुबे, बम बम कुमार राम, डॉ. सुनील यादव, अयोध्या कुम्भार, राजेंद्र प्रसाद आर्य, मथुरा प्रसाद, तुलसी कुमार दास, प्रदीप मौर्य, विजय कुमार दास, अविनाश कुमार, सीआरपी अरुण कुमार, पंकज कुमार, दिलीप कुमार, चंचल, सुरेंद्र कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

**विदाई समारोह** | विश्वविद्यालय में फ्रेशर-कम-फेयरवेल पार्टी का हुआ आयोजन

# विद्यार्थी अपने परिश्रम और अनुशासन को जीवन का मूलमंत्र बनाएं : कुलाधिपति

**नवीन मेल संवाददाता**

- **हम सभी को मिलकर शिक्षा और संस्कार की इस परंपरा को आगे बढ़ाना है**



रामगढ़। सोमवार को फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ में फ्रेशर-कम-फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जहां नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया वहीं 2025 बैच के छात्रों को विदाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के एच-ब्लॉक सभागार में किया गया। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, संगीत और नाट्य कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण रहे। पूरे समारोह में उत्साह और उल्लास का अद्भुत वातावरण रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने अपने संबोधन में छात्रों को परिश्रम और अनुशासन को जीवन का मूलमंत्र बनाने की प्रेरणा दी। सचिव प्रियंका कुमारी ने विद्यार्थियों को गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कुलपति प्रो (डॉ.) रश्मि ने अपने संबोधन में कहा कि नए विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय परिवार में स्वागत है। हम सभी को मिलकर शिक्षा और संस्कार की इस परंपरा को आगे बढ़ाना है। 2025 बैच के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की हमारी शुभकामनाएँ सदैव उनके साथ रहेंगी। कुलसचिव प्रो (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल ने छात्रों से अनुशासन और परिश्रम के महत्व पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. अवनीश कुमार ने कहा कि फ्रेशर और सीनियर छात्रों के बीच सहयोग और सौहार्द ही विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के व्याख्यातागण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर डॉ विश्वदीपक कुमार एवं दीपक कुमार थे। इस कार्यक्रम के हॉस्पिटैलिटी पार्टनर मोंगनिस केक एवं मयूखा रेस्टोरेंट रामगढ़ रहे।

## सिमरा बेड़ा में लगा नया ट्रांसफॉर्मर लोगों में खुशी

**केदला।** सोमवार को मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता सह मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद के निर्देश पर पचमो पंचायत अंतर्गत झुमरा पहाड़ के सिमरा बेड़ा ऊपर टोला में 25 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन राजकुमार साव, किशोर महतो, उमेश कुमार महतो, मनोज पहाड़िया ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और फिता काटकर किया। मौके पर राजकुमार साव ने कहा कि पचमो पंचायत अंतर्गत झुमरा पहाड़ के सिमरा बेड़ा ऊपर टोला में चार दिन पूर्व वहां लगा ट्रांसफॉर्मर जल गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना गोमिया विधायक सह मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता सह मद्य निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेंद्र प्रसाद को व्हाट्सएप के माध्यम से आवेदन देकर ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराने का अपील किया था। जिसके बाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन दिनों के अंदर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराते हुए यह संदेश देने का काम किया है।

# हिंदी पखवाड़ा: भाषा और संस्कृति के प्रति नवोदय परिवार संकल्पित





**कोलेबिरा।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा में सोमवार को हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के शिक्षक आशुतोष कुमार पांडे ने किया। शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्वलन और स्वागत गान से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में स्नेह लता सिन्हा (एस.के. बागे कॉलेज, व्याख्याता हिंदी विभाग) उपस्थित रहीं। प्राचार्य संजय कुमार सिन्हा, वरिष्ठ शिक्षक मनोज कुमार, सुनील कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएँ भी मौजूद रहे।मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य द्वारा अंगवस्त्र और सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका ज्योति टूटी द्वारा शॉल ओढ़ाकर किया गया।

सम्मान पाकर उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। आशुतोष कुमार पांडे ने हिंदी को संस्कृति और ज्ञान की धरोहर बताते हुए विद्यार्थियों से भाषा की शुद्धता और गरिमा बनाए रखने का आग्रह किया। सुनील कुमार सिंह और सुशील कुमार शर्मा ने हिंदी पखवाड़ा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिए जाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से कहा कि हिंदी हमारी आत्मा और पहचान है, जिसे पढ़ाई तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन और अभिव्यक्ति में प्रयोग करना चाहिए। पांडे ने बताया कि 1 से 14 सितंबर तक निबंध, भाषण, वाद-विवाद, कविता पाठ और प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएँ होंगी। अंत में सभी ने हिंदी पखवाड़ा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## न्यूज बॉक्स

### पीड़ियापोंछ तहसील कचहरी के पास हादसा, व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पीड़ियापोंछ तहसील कचहरी के पास सोमवार शाम एक व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया।मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति की पहचान फ्रैंकलिन कुजूर, पिता ज़ेवियर कुजूर, ग्राम रेंगारबहार गिरजा टोली निवासी के रूप में हुई है। हादसे के बाद सांसद प्रतिनिधि सुनील टोप्पो एवं झामुमो प्रखंड सचिव जैनुल अंसारी के सहयोग से उन्हें अस्पताल तक पहुँचाया गया।बोलबा अस्पताल में डॉ. देबतोष भूटिया की देखरेख में प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुँचे और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की।

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर चलाया गया जागरूकता अभियान



**सिमडेगा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को हाई स्कूल गट्टीकछार एवं आरसी कल्याण उच्च विद्यालय, केरसई में स्कूली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें इस सामाजिक बुराई से दूर रखना था।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्रों के बीच तंबाकू निषेध पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में उत्साह देखा गया। इसके साथ ही सभी उपस्थित विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से तंबाकू सेवन न करने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन राहुल कुमार, एफएलसी द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को तंबाकू के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया।

### सिमडेगा में पांच सितंबर को मनाया जाएगा जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी

सिमडेगा:जिले में ईद मिलादुन्नबी का आयोजन इस वर्ष 5 सितम्बर को धूमधाम से किया जाएगा। इसको लेकर अंजुमन फ़ैज़ुरज़ा ऑफिस में मोहम्मद रफीउद्दीन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 सितम्बर को सुबह 5 बजे से 10 बजे तक रज़ा मस्जिद इस्लामपुर में मर्द हज़रात के लिए और 10 बजे से दोपहर तक मदरसा परिसर में महिलाओं के लिए हज़रत मोहम्मद सल० मुए मुबारक (दाढ़ी के बाल) का दर्शन कराया जाएगा। उसी दिन शाम 4 बजे से बाइक जुलूस निकाला जाएगा, जो रज़ा मस्जिद इस्लामपुर से शुरू होकर खैरानटोली और केलाघाट होते हुए वापस रज़ा मस्जिद पहुँचेगा। शाम 8:30 बजे रज़ा मस्जिद में मिलाद प्रोग्राम होगा, जिसमें मौलाना रौशनुल कादरी की तकरीर होगी।मुख्य जुलूस 5 सितम्बर की सुबह 8:30 बजे इस्लामपुर से प्रारंभ होकर झूलन सिंह चौक, कचहरी परिसर और महावीर चौक होते हुए खैरानटोली पहुँचेगा। वहाँ फातिहा के बाद जुलूस एनएच होते हुए आज़ाद बस्ती जाएगा और अंत में रज़ा मस्जिद इस्लामपुर में समापन होगा।बैठक में सचिव कलाम अहमद, नायब सदर खलील खान, नायब सेक्रेटरी अहमद रज़ा, इस्लाम साहब, अब्दुल मजीद, अशफाक, अब्दुल कयूम, सुहैल खान सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# भुइंया समाज उत्तीर्ण छात्रों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अखिल भारतीय भुइंया समाज कल्याण समिति, झारखंड प्रदेश के बैनर तले सिमडेगा जिला में सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण मैट्रिक, इंटर एवं स्नातक के विद्यार्थियों के लिए सम्मान सह मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर से 150 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए, जिन्हें समाज की ओर से सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद मंच का संचालन समाज के युवा कार्यकर्ता अमित प्रधान ने किया। समिति के संयोजक मुरलीधर कोटवार ने छात्रों को छात्र जीवन की अहमियत बताते हुए विशेष मार्गदर्शन दिया। वहीं समाज के युवा परमानंद सिंह और अमित प्रधान ने छात्रों को करियर काउंसलिंग प्रदान की।इस अवसर पर समाज के बुद्धिजीवी वर्ग, जिला अध्यक्ष नीलांबर, जिला संयोजक कृष्णा राय कोटवार, ब्रह्मदत्त नायक, बालकिशोर रावत, कलिंदर प्रधान, हरीश मांझी, नियानंद रावत, भानु कुमार, संग्राम किशोर प्रधान और राजकुमार नाग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संयोजक कृष्णा राय कोटवार की सराहनीय पहल रही।

### हाथी प्रभावित गांव का विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने किया दौरा, दी राहत सामग्री, कहा

# जंगलों में भोजन और पेड़-पौधों की कमी के कारण गांवों में आ रहे हैं हाथी





**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत राजाबासा पंचायत के पतराटोली तथा घुटबहार पंचायत के बिनझियाबंध गांव में बीते रात एक जंगली हाथी के उत्पात से ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ। हाथी ने बसंती समद के घर में घुसकर क्षति पहुँचाई और घर में रखे अनाज को बर्बाद कर दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी को दी गई। सूचना मिलते ही सोमवार को विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने प्रभावित गांव का दौरा किया और तत्काल राहत स्वरूप चावल, त्रिपाल, मोबिल तेल एवं टॉर्च प्रदान किए। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि घर में मादक पदार्थ न रखें तथा मिर्ची और खैनी का चूर्ण तैयार रखें। हाथी आने पर इनका धुआँ जलाने से उसकी गंध से हाथी घर पर हमला नहीं करेगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से हाथी को छेड़ने से मना किया। विधायक ने कहा कि यह इंसान और हाथी की नहीं, बल्कि पेट की लड़ाई है। जंगलों में भोजन और पेड़-पौधों की कमी के कारण हाथी गाँवों में धान और अनाज की तलाश में आ रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि हाथी के प्रवेश की सूचना तुरंत प्रशासन और वन विभाग को दें, ताकि समय रहते संसाधन उपलब्ध कराकर हाथी को भगाया जा सके। साथ ही चेतावनी दी कि सूचना मिलने के बाद यदि वन विभाग लापरवाही बरतेगा तो अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, सांसद प्रतिनिधि फ्रांसिस बिलुंग, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारु, पंचायत अध्यक्ष सुकवन जोजो, सुनील जोजो, रोयान डंग, ब्रेवर समद, सूजन डंग सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कुरडेग प्रखंड के चापाटांड़ बस्ती में मनाया गया गणेश उत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** प्रखंड के चापाटांड़ बस्ती में इस वर्ष गणेशोत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ किया गया। बस्ती में श्रद्धालुओं की संख्या कम होने के बावजूद भगवान गणेश के पूजन और अनुष्ठान में लोगों की आस्था देखते ही बन रही थी।समिति के सदस्य दशरथ यादव ने बताया कि छोटा गाँव होने के कारण व्यवस्था में कुछ कठिनाई आती है, किंतु भगवान गणेश की भक्ति के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। बस्ती के शिव मंदिर में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। सोमवार को गणेश विसर्जन का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे गाँव के महिला, पुरुष, बच्चे, युवक-युवतियाँ शामिल हुए। धार्मिक यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर ऊपर टोली होते हुए उत्येल नदी तक पहुँची, जहाँ भक्तों ने हर्षोल्लास और नाच-गान के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति सदस्य रमेश यादव, संजय यादव, मनोज यादव, प्रकाश यादव, रवि यादव, नरेश यादव, दीपक यादव, सुरेश यादव, कृष्णचंद्र यादव एवं मुकेश यादव सहित कई ग्रामीणों की अहम भूमिका रही। पूरे आयोजन से गाँव में भक्ति और उत्सव का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

# बानो में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना से संबंधित तीन वाहनों की मांग

**बानो।** बानो जिला परिषद सदस्य व झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के अंतर्गत तीन नए वाहन चलाने की मांग की। उन्होंने रूट चार्ट बताते हुए कहा कि गाड़ियां बेड़ाइरगी से सिमडेगा, भुरसाबेड़ा से सिमडेगा और हुर्दा-पबुड़ा होते हुए सिमडेगा तक संचालित हों। कंडुलना ने कहा कि बानो प्रखंड सबसे बड़ा प्रखंड है, जहां गरीब किसान, छात्र-छात्राएं, विकलांग व बुजुर्ग सस्ते किराए पर इस योजना से लाभान्वित हो सकते हैं। मौके पर झामुमो प्रखंड कोषाध्यक्ष जगदीश बागे और मसीह दास टोपनो मौजूद थे।





# दिवंगत पूर्व सैनिक की अंतिम यात्रा को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान

**सिमडेगा।** थोलकों बेड़ा जोकबहार निवासी पूर्व सैनिक हवलदार प्रेम प्रकाश कीड़ो का निधन 30 अगस्त 2025 को हार्ट अटैक से रिम्स में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को उनके पैतृक निवास स्थान पर वेटरन्स परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज से सम्मानित कर उन्हें अंतिम विदाई दी गई।अंतिम यात्रा में भारतीय सैनिक परंपरा और गौरव का दृश्य देखने को मिला। ग्रामीणों व परिजनों ने बताया कि दिवंगत सैनिक ने देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया था। गौरव की बात यह भी है कि हवलदार प्रेम प्रकाश कीड़ो का पुत्र वर्तमान में बिहार रेजिमेंट में हवलदार के पद पर कार्यरत रहकर सेना की सेवा कर रहा है।

# विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर में तीन सितंबर को करमा पूजा महोत्सव

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ स्थित विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में 3 सितंबर को करमा पूजा महोत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिमडेगा महाविद्यालय के प्राचार्य देवराज प्रसाद और विशिष्ट अतिथि लोक गायक जगदीश बड़ाइक होंगे। विद्यालय प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद साहू ने बताया कि शाम 7:30 बजे पूजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जबकि 4 सितंबर को प्रातः 8:30 बजे विसर्जन किया जाएगा। बच्चों को करमा पर्व के इतिहास व महत्व से अवगत कराया जाएगा तथा वे पारंपरिक नृत्य कर झारखंड की संस्कृति को जीवंत करेंगे।

# बाइक की टक्कर से छात्रा की मौत, एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टैंसेरा मोड़ के पास सोमवार सुबह सड़क हादसे में एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।जानकारी के अनुसार, कुल्लुकेरा निवासी माही कुमारी (कक्षा 10) अपनी बड़ी बहन शिवानी के साथ साइकिल से श्रद्धानंद प्लस टू स्कूल, टैंसेरा जा रही थी। इसी दौरान टैंसेरा मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बहनें सड़क पर दूर जा गिरीं। माही कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवानी गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और घायल छात्रा को सदर अस्पताल पहुँचाया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक भी अस्पताल पहुंचे और घायल का हालचाल लिया। इधर पुलिस ने मृतका का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। छोटी बच्ची की मौत से पूरे गाँव में मातमी सन्नाटा छा गया है। बड़ी संख्या में लोग सदर अस्पताल पहुँचकर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे।स्थानीय लोगों ने कहा कि जिले में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाएँ चिंता का विषय हैं। बाइक सवार युवकों की तेज रफ्तार और स्टंटबाजी न केवल उनकी जिंदगी बल्कि दूसरों के लिए भी जानलेवा साबित हो रही है।इस मामले में पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए महज 4 घण्टे आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# नगर परिषद सिमडेगा : दुकानों और कियोस्क का लॉटरी से आवंटन आज

सिमडेगा : नगर परिषद सिमडेगा द्वारा नव निर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स (जी+1 एवं जी+2) की कुल 42 दुकानों एवं 04 कियोस्क का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।यह कार्यक्रम आज नगर भवन, सिमडेगा में पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित होगा। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदकों का प्रवेश केवल पूर्वाह्न 10:45 बजे तक ही होगा। इसके बाद मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।नगर परिषद ने सभी आवेदनकर्ताओं से अपील की है कि वे समय से पूर्व नगर भवन परिसर में पहुँचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि लॉटरी प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकें।

# राजकीय मध्य विद्यालय बानो में दिव्यांग छात्रों के लिए जांच उपकरण वितरण एवं नेत्र स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित

**बानो ।** राजकीय मध्य विद्यालय बानो में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत सभी दिव्यांग छात्र-छात्राओं का प्रखंड बानो में जांच, उपकरण वितरण एवं नेत्र स्क्रीनिंग कार्यक्रम हुआ जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें निम्न शिक्षक उपस्थित हुए – हीरालाल साहू, जोन बा, अजय कंडुलना, परमानंद ओहदार, नेत्र सहायक डॉक्टर प्रीति गुलशन केरकेट्टा, अनु कच्छप, एलिम्को डॉ. आकाश द्विवेदी, कंप्यूटर ऑपरेटर विकास।

# मडुवा की खेती आय का बेहतर साधन है : बीडीओ

- बानो प्रखंड में खरीफ फसल पर कार्यशाला आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड कार्यालय बानो के सभागार में खरीफ फसल को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि खरीफ फसल की खेती कर किसान भाई प्रखंड का नाम रोशन कर सकते हैं। मडुवा व अन्य मोटे अनाज की खेती से किसान अच्छी आमदनी अर्जित कर सकते हैं। सरकार इस समय मडुवा (रागी) की खेती के लिए प्रोत्साहन राशि भी उपलब्ध करा रही है। किसान प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर उन्नत किस्म के बीजों के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं, जिससे कृषि विभाग की अन्य सुविधाएं भी प्राप्त होंगी।जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कहा कि मडुवा की खेती कम लागत और कम सिंचाई में संभव है, जिससे यह फसल बानो प्रखंड की उपजाऊ जमीन के लिए उपयुक्त साबित हो सकती है। आत्मा के बीटीएम सुनील समद ने किसानों को विभागीय सुविधाओं एवं मडुवा की खेती के वैज्ञानिक तरीके की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों की खेती के लिए मिट्टी जांच, उन्नत किस्म के बीज, खाद, उर्वरक और कीटनाशक का उपयोग जरूरी है।मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी प्रसाद, एटीएम श्याम कुमार, रंजीत गोप सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# केतुंगाधाम विद्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा करमा पर्व

**बानो।** बानो प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुंगाधाम में श्री हरि वनवासी विकास समिति रांची के तत्वावधान में बुधवार की रात करमा पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में बच्चों को करमा पर्व के इतिहास, धार्मिक अनुष्ठान और महत्व की जानकारी दी जाएगी। बच्चे पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर झारखंड की संस्कृति से परिचित होंगे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शुकरा केरकेट्टा ने कहा कि यह प्रकृति पर्व अच्छी फसल और भाईयों की लंबी उम्र की कामना से जुड़ा है।

### सिमडेगा पोक्सो प्रकरण की जांच को लेकर बाल संरक्षण आयोग की टीम का दौरा

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, रांची के सदस्य विकास दोदराजका, रुचि कुजूर तथा मिनहाजुल हक मंगलवार को सिमडेगा जिले के दौरे पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार पोक्सो अंतर्गत पीड़ित बालिका के मामले की जांच के सिलसिले में आयोग की टीम का यह दौरा हो रहा है।टीम दोपहर लगभग 4:30 बजे सिमडेगा पहुंची, जहां सबसे पहले डीएलएसए सचिवालय कार्यालय में संबंधित विषय पर बैठक की गई।

# सिमडेगा जिला परिषद बोर्ड की मासिक बैठक आज

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला परिषद बोर्ड की मासिक बैठक आज प्रातः 11 बजे से जिला परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष करेंगे।जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपांकर चौधरी ने बताया कि इस बैठक में जिले के सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी।उन्होंने क्षेत्र के सांसद, विधायक, सभी जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति के प्रमुखों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### अपर समाहर्ता ने बालूघाटों की ई-नीलामी से पूर्व की बैठक

# निविदादाताओं को निविदा करने में आ रही समस्याओं का किया समाधान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** अपर समाहर्ता रामगढ़ कुमारी गीतांजली की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ जिला अंतर्गत केटेगरी-2 बालूघाटों के समूह की ई-नीलामी से पूर्व प्री-बिड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने उपस्थित सभी को पी०पी०टी० के माध्यम से बालूघाटों के समूह की ई-नीलामी के पंजीयन की प्रक्रिया, पात्रता, निविदा देने की प्रक्रिया, ई-ऑक्शन की प्रक्रिया, तकनीकी निविदा के लिए आवश्यक कागजात, बालूघाटों की आवंटन की प्रक्रिया एवं सफल निविदादाता का चयन, सफल निविदादाता के चयन के बाद कि औपचारिकताएं, वैधानिक अनापत्ति, आवंटन विलेख/पट्टा संविदा(डीड) निष्पादन करना, बालू खनन की अनुमति, भुगतान की शर्तें एवं बालू का विक्रय मूल्य आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तत्पश्चात अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजली ने एक-एक कर उपस्थित सभी निविदादाताओं को निविदा करने में आ रही सममस्याओ का समाधान किया एवं कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, सहायक सूचना विज्ञान पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### हीरापुर व बेकारबांध क्षेत्र में चार घंटे बिजली आज नहीं रहेगी

**धनबाद।** हीरापुर सब स्टेशन की बिजली बाधित कर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा धनबाद,कार्यालय संवाददाता शहर के हीरापुर व बेकारबांध, मनोरम नगर क्षेत्र में रह रहे लोगों को मंगलवार को चार घंटे बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। हीरापुर सबस्टेशन से निकाले गए सभी फीडर बिजली की बिजली बाधित कर क्षेत्र में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसे लेकर सब सबस्टेशन की बंद रखा जाएगा।

विभाग के सहायक अभियंता ऋषि सागर श्रीवास्तव ने कहा कि मेंटेनेंस वर्क को लेकर सुबह साढ़े छह से साढ़े दस तक मेंटेनेंस वर्क जारी रहेगा।

### बरही के रसोइया धमना पंचायत

# मदरसा अजीजिया जेया उल ओलूम के प्रयास से हुआ पौधरोपण



**बरही।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से रसोइया धमना पंचायत में मदरसा अजीजिया जेया उल ओलूम की ओर से व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। दो दिनों तक चले इस अभियान के तहत 250 पेड़ लगाए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसा के हेड मोदरीश मास्टर मो. अख्तर ने की, जबकि मदरसा अध्यक्ष मोहम्मद तबरेज अंसारी ने लोगों को पेड़ लगाने और पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पंचायत के विभिन्न स्थानों पर 120 महगुणी, 30 गोल्डमोहर, 30 गमहार, 20 अशोक, 20 शीशम, 20 सागवान और 10 आड़ू के पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग करने वालों में मो. तौकीर रजा, मो. मकसूद आलम, मो. सरफराज, मो. सेराज अहमद, मो. हकीम, मो. मोईन, मो. रेहान रजा, मो. नईम, मो. औवेस रजा, मो. सालमन, मो. इरफान, मो. शाहिद, मो. महमूद, गुलाम मुस्तफा, सकील अहमद, अब्दुल कुदूस, अबू हमजा, मो. आजम, दिलशां रजा, मो. जाबिर, साइमन रजा, मो. साजिद, मो. शाहबाज, फिदाउल अंसारी, आदिल अंसारी, अकील अहमद, मो. मोहिब हुसैन, दिलगश रजा, अहमद रजा, शाहनवाज आलम, मो. हसनैन और दिलशायद रजा शामिल रहे। सभी लोगों ने अपने हाथों से पेड़ लगाए और संकल्प लिया कि इन पौधों की देखभाल कर इन्हें सुरक्षित रखा जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## फूलबाबा आश्रम में श्रीचंद जी महाराज की जयंती मनी



**रांची ।** शहर के मुख्य स्थल बड़ा तालाब के पश्चिम में स्थित फूलबाबा आश्रम में गुरुनानक देव के कनिष्क पुत्र आदिगुरु श्रीचंद जी महाराज की जयंती श्रीचंद नवमी के रूप मनाई गई। इस अवसर पर श्रीगणेश पूजन, श्री हनुमानजी जी, श्री शिव परिसर की पूजा करके श्री गुरुनानक जी की पूजा करके श्रीचंद महाराज की पूजा अर्चना करके आरती करके 101 किलो कडाह प्रसाद के रूप शुद्ध घृत का हलवा अर्पित किया गया। फल -लड्डू का प्रसाद चढ़ाया गया। फूलबाबा भंडारा का प्रसाद यथा पुड़ी, सब्जी, बुंदिया का भोग अर्पित किया गया। फूलबाबा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष हरिशंकर चौधरी के पुत्र मौसम राज चौधरी ने यजमानश्री के रूप में पूजा अनुष्ठान किया। फूलबाबा ट्रस्ट के सचिव मनोज चौधरी, पूर्व सचिव विश्वनाथ नारसरिया, कोषाध्यक्ष हरिशंकर चौधरी, ट्रस्टी अरुण वुधिया के नेतृत्व में फूलबाबा भंडारे का प्रसाद व कडाह प्रसाद का वितरण प्रारंभ हुआ।

### बैरिकेडिंग पार करने के दौरान पुलिस ने बलपूर्वक रोका

# भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय घेरने की कोशिश की

**नवीन मेल संवाददाता**



रांची। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सोमवार को रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की। रैली की शक्ल में कांग्रेस कार्यालय की ओर बढ़ रही भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को पुलिस और सुरक्षा बलों ने रांची विश्वविद्यालय के गेट के पहले ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस और महिला कार्यकर्ताओं के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। ज्ञात हो कि बिहार में कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गवासी मां पर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने पहुंची थीं। तय कार्यक्रम के अनुसार, भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों महिलाएं जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में इकट्ठा हुईं। इसके बाद कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़ने लगीं। प्रदर्शनकारी महिलाएं कांग्रेस कार्यालय के सामने बैरिकेडिंग पार करने का प्रयास कर रही थीं, लेकिन पुलिस ने बलपूर्वक उन्हें रोक दिया। इस दौरान कई महिलाओं को चोटें भी आईं। प्रदर्शनकारी महिलाएं कह रही थीं कि उनका यह प्रदर्शन शांति मार्च था, लेकिन पुलिस ने उन्हें लाठियों के बल पर रोका। प्रदर्शनकारियों की अगुवाई झारखंड प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश मीडिया प्रभारी कुमुद झा, जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष पायल सोनी और प्रदेश मंत्री नीलम चौधरी कर रही थीं।

### कांग्रेस कार्यालय में स्वागत समारोह

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस मुख्यालय, हाउसिंग कॉलोनी में रविवार को स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाघमारा क्षेत्र के संतोष कुमार सेठ ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह व संचालन जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद राजा अंसारी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि थे। मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण, , कार्यालय प्रभारी मधुसूदन चौधरी, आकाश कुमार प्रमाणिक एवं मयंक कुमार भी उपस्थित थे।

## ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा के समीप स्थित ज्योति ज्वैलर्स दुकान का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत दुकान संचालक संजय सोनी पिता दशरथ सोनी ग्राम कोनहारा कला निवासी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए बताया कि बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा के समीप मेरा ज्योति ज्वैलर्स नाम का दुकान वर्षों से संचालित है। दिनांक 31/08/2025 को प्रतिदिन की भांति रात्रि 8 बजे के लगभग अपने दुकान और लॉकर में ताला लगा कर और सीसीटीवी कैमरे को ऑन कर रात्रि विश्राम के लिए अपने निवास स्थान चला गया। दिनांक 01/09/2025 को अहले सुबह मुझे लोगों के द्वारा सूचना दी गई कि आपके दुकान का ताला टूटा हुआ है और सटर खुला हुआ है। जब मैं दुकान पहुंचा तो पाया कि मेन सटर का ताला टूटा हुआ है साथ ही लॉकर का भी ताला टूटा हुआ है और लॉकर और दुकान में रखे लाखों के गहने जेवरात गायब है। साथ ही दुकान में रखे नगद 15000 रुपए भी चोरों ने चोरी कर ली। इस घटना के बाद मेरे एवं परिजनों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। वही मामले को लेकर कनक ज्वेलर्स बरकट्ठा के प्रोपराइटर बिंदु सोनी का कहना है कि सरकार हम लोगों से ज्वेलरी के सामानों पर टैक्स वसूलती हैं लेकिन सरकार / प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं दी जाती है।यदि मामले पर तत्काल संज्ञान नहीं लिया गया तो हम लोग बाध्य होकर आंदोलन करेंगे।वहीं थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदुरिया ने बताया कि आवेदन के आधार पर पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## झारखंड सेवा समिति का करम मिलन समारोह आयोजित



रांची। झारखंड सेवा समिति कि ओर से धुर्वा स्थित आंबेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल में करम मिलन समारोह 2025 का आयोजन धूम धाम से किया गया। जिसमें कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने गीत नृत्य समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए सबको झुमाया। बच्चों ने झारखंडी वेशभूषा से परिपूर्ण करम के गीत - करम कर रतिया, सातों भईया सातों करम ग ाड़े, धईन धईन रे धईन हमर छोटा नागपुर सहित कई गीतों पर नृत्य कर समा बांधा साथ ही साथ सांस्कृतिक धरोहर के महत्व पर जोर देते हुए झारखंड की कला और संस्कृति से भी अवगत कराया।

### सितंबर में ही होगा ओसीआर बिलिंग

**धनबाद।** ऊर्जा मित्रों के मोबाइल पर इंस्टॉल किया गया एप धनबाद,कार्यालय संवाददाता जिले में इस महीने से एआई तकनीक से बिजली बिल ऊर्जा मित्रों के द्वारा बनाया जाएगा। ऊर्जा मित्रों के मोबाइल पर ओसीआर एप इंस्टॉल कराया गया है। यह ओसीआर (एआई)के जरिए बिल बनाएं जाएंगें। इससे बिजली कनेक्शन धारकों को सही बिल मिलेगा। मीटर में उठा यूनिट का इमेज के साथ किसी प्रकार से ऊर्जा मित्र छेड़छाड़ नहीं कर पाएंगें। इससे लोगों को सही बिजली बिल मिलेगा। अधिकारियों का कहना है कि यह ओसीआर एप से घर बैठे बिल ऊर्जा मित्र नहीं बना पाएंगें। बिल बनाने के लिए कनेक्शन धारकों के यहां जाना होगा।

### भारतीय जीवन बीमा निगम की 69 वर्ष पूरे

# एलआईसी दावा निष्पादन में विश्व में नंबर वन है : जगदीश चंद्र मित्तल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जीवन बीमा निगम की 69वीं वर्ष गांठ पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडल कार्यालय में किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को बीमा कर्मचारी संघ के महामंत्री जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि 1 सितंबर को भारतीय जीवन बीमा निगम अपने गौरव में अस्तित्व के 69 वर्ष पूरा किया। 245 से अधिक निजी बीमा कंपनियों को समाहित कर 1 सितंबर 1956 को संसद के कानून के जरिए जीवन बीमा के राष्ट्रीयकरण के निर्णय के तहत इसकी स्थापना की गई थी। तब से लेकर आज तक इस यात्रा में एलआईसी ने आम जनों तक बीमा की पहुंच उपलब्ध कराया । अपने आदर्श वाक्य 'जनता का पैसा जनता के लिए" के अनुरूप, एलआईसी ने 31 मार्च 2025 तक बड़े पैमाने पर समुदाय के लाभ के लिए 54,52,296 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इसने अब तक केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों और आवास, बिजली, सिंचाई, सड़क और पुल, रेलवे आदि के लिए निवेश के रूप में 37,19,932 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। 31 मार्च 2025 तक, एलआईसी के पास देश में 56,22,929 करोड़ रुपए का मजबूत वित्तीय परिसंपत्ति आधार है। अपने 100 करोड़ के पूंजी आधार पर, एलआईसी ने अब तक भारत सरकार को लाभांश के रूप में 38,000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। और हर साल भारतीय राजकोष को आयकर, जीएसटी आदि के माध्यम से लगभग 10,000 करोड़ रुपए भुगतान कर रही है।

## प्री समेटिव असेसमेंट-1 का हुआ सफल आयोजन



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशन में जिला शिक्षा अधीक्षक के नेतृत्व में "प्री समेटिव असेसमेंट-1 (पूर्व योगात्मक मूल्यांकन-2025)" का सफल आयोजन किया। यह पहल रांची जिले के सभी सरकारी, अल्पसंख्यक, और मान्यता प्राप्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, तथा माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए सत्र 2025-26 के तहत शुरू की गई है। इसका उद्देश्य बच्चों के अध्ययन-अध्यापन का सर्वाधिक आकलन, राज्य सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारी, और शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करना है। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा गठित प्रोजेक्ट टीम के विशेषज्ञ शिक्षकों ने जेसीईआरटी के प्रश्न-पत्र प्रारूप के आधार पर सभी विषयों के लिए वर्गवार प्रश्न-पत्र तैयार किए। तीन दिवसीय यह परीक्षा सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## 5 लाख रुपए की लूट सीसीटीवी में कैद

**चाईबासा।** शहर के बीचोंबीच शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के बाहर बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। आईबीपी पेट्रोल पंप के मालिक पुनीत सेठिया के कर्मचारी विमलेश कुमार और संजय नदी बैंक में 5 लाख रुपए जमा करने पहुंचे थे। जैसे ही वे बैंक के गेट के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए बैठे तीन बदमाशों ने उन पर हमला बोल दिया।

**कर्मचारी पर हमला कर छीन लिया बैग :** बदमाशों ने अचानक हमला करते हुए रिवॉल्वर के बट से कर्मचारी विमलेश कुमार को घायल कर दिया। इसके बाद उन्होंने पिस्तौल की नोक पर पैसों से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि वहां मौजूद लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। आसपास दिन का समय होने के बावजूद भीड़भाड़ रही, लेकिन किसी ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश नहीं की।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात :** पूरी घटना बैंक और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस अब फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। लूट की खबर मिलते ही सदर थाना प्रभारी तरुण कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

### डीएवी हेहल में दो शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में सोमवार को आयोजित विशेष समारोह में वरिष्ठ शिक्षक डीके सिन्हा एवं शिक्षिका सविता सिन्हा को उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें पुष्प-गुच्छ, अंग-वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बिपिन राय ने दोनों शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा, परिश्रम और छात्रों के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ऐसे शिक्षक विद्यालय की अमूल्य धरोहर होते हैं,जिनकी प्रेरणा विद्यार्थियों को जीवनभर मार्गदर्शन देती रहती है। समारोह में शीला रमेश,शालनी प्रसाद एवं प्राथमिक-माध्यमिक शाखा की प्रभारी अजंता कुमारी एवं अनुपमा रानी ने भी अपने उद्गार व्यक्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### स्कूल में प्रकृति पर्व 'कर्मा' पर एक दिवसीय परिचर्चा

# प्रकृति की रक्षा और उसे सुरक्षित करना ही त्योहार का मुख्य उद्देश्य है : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** मलकोको स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में प्रकृति पर्व कर्मा को लेकर एकदिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया. परिचर्चा में प्राचार्य गुलाब कुमार दास सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद. प्राकृतिक पर कर्मा के उद्देश्यों को बताते हुए प्राचार्य ने कहा कि प्रकृति की रक्षा और उसे सुरक्षित करना ही इस त्योहार का मुख्य उद्देश्य है. जिसमे करमा की डाली, काशी, बेलौंधन इत्यादि जैसे प्राकृतिक उपचार की पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की जाती है. यह झारखंड का प्रमुख त्योहार है. जो भाई बहन के अटूट प्रेम के लिए भी माना जाता है. यह त्योहार प्रत्येक वर्ष भादो माह के कृष्णपक्ष एकादशी को मनाया जाता है. इस अवसर पर निदेशक दिनेश कुमार यादव ने करमा से जुड़े धार्मिक कथा करमा और धरमा से जुड़े रोचक कहानियों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया. अंत में करमा के महत्व की चर्चा करते हुए पूजा के विधान भी बताए गए. इस परिचर्चा में शिक्षक सकलदेव यादव, विवेक कुमार राणा, अनिल कुमार दास, मन्नू कुमार, बबिता कुमारी, नीतू कुमारी, ममता कुमारी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद थे.

### भारत विकास परिषद ने करायी समूह गान प्रतियोगिता

**धनबाद।** धनबाद भारत विकास परिषद की ओर से रविवार को राजकमल स्कूल में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह परिषद् की ओर से एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, जो कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों में राष्ट्रभक्ति और भारतीय संस्कृति की भावना जागृत करने के लिए आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता चार स्तरों (शाखा, प्रांत, क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर) पर आयोजित होती है।

### रांची के उपायुक्त ने जिला अनुकंपा आधारित छह आश्रितों को सौंपा चौकीदार नियुक्ति पत्र, कहा

# जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची मंजुनाथ भजंत्री ने सोमवार को अनुकंपा आधारित नियुक्ति के अंतर्गत छह आश्रितों को चौकीदार के पद पर नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने सभी आश्रितों को नियुक्ति पत्र देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारीपूर्ण रवैया अपनाने को कहा। कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय ब्लॉक-ए में स्थित उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में किया गया था। नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान उपायुक्त भजंत्री ने विशेष रूप से नशामुक्ति पर बल देते हुए सभी नवनियुक्त चौकीदारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, आप सभी को स्वयं किसी भी परिस्थिति में नशे का सेवन नहीं करना है और न ही किसी को इसके लिए प्रेरित करना है। नशा समाज, विशेषकर युवाओं के लिए एक अभिशाप है, जो न केवल व्यक्तियों को बर्बाद कर रहा है, बल्कि उनके परिवारों को भी आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर कर रहा है। उपायुक्त ने यह भी कहा कि नशे की लत के कारण कई परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं, जिससे समाज में असंतुलन पैदा हो रहा है। उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने सभी नवनियुक्त चौकीदारों से अपील की कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करें।

### डोरंडा महाविद्यालय के छात्रों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय के महासचिव दिवाकर प्रजापति के नेतृत्व में छात्रों ने सोमवार को प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्र-छात्राओं ने अपनी कई गंभीर समस्याओं को रखा और उनके त्वरित समाधान की मांग की। मांग पत्र सौपते हुए अबुआ अधिकार मंच डोरंडा महाविद्यालय के महासचिव दिवाकर प्रजापति ने प्राचार्य से कहा सत्र 2024–28 की सेमेस्टर-1 परीक्षा 2 अगस्त से प्रारम्भ हो चुकी है, लेकिन अब तक छात्रों को आईडी कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। छात्रों ने मांग की कि उन्हें शीघ्र आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जाए महाविद्यालय का दूसरा गेट जो साइंस ब्लॉक की ओर खुलता है।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–52/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 18.09.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 19.09.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.09.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of B Type Qtr No-203 (F.F) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi. | 3,97,000.00 | 750.00 | 8000.00 | One Month |
| 2 | E/R to Room No-306 (Finance Department) at 3rd Floor of Canteen-Cum-Barrack Building at HEC, Dhurwa, Ranchi. | 2,65,900.00 | 750.00 | 5400.00 | One Month |
| 3 | Renovation of Outer Surface of T.A Division Building Drain, Boundary Wall Main Gate Work in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi. | 45,15,300.00 | 5000.00 | 90400.00 | Two Months |
| 4 | Renovation of Room No-233 (office of the Chief Secratry) at Second Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi. | 17,47,800.00 | 5000.00 | 35000.00 | Two Months |
| 5 | Construction of Boundary Wall in the Campus of F.F.P Building at HEC, Dhurwa, Ranchi. | 16,51,700.00 | 5000.00 | 33100.00 | 45 Days |

नोट :निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 360975 (Building)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मानसिक दैनंदिनी रखना अच्छी बात है। रात में सोने से पहले थोड़ी देर के लिए बैठो और उस दिन पर पुनर्विचार करो। देखो कि तुम क्या बनते जा रहे हो। क्या तुम अपने जीवन के प्रवाह से प्रसन्न हो? यदि नहीं, तो इसे बदल डालो। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# कुत्तों के शोर में दबा प्रदूषण का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो महत्वपूर्ण निर्णयों से एक नई दिशा देते हुए निर्णायक कदम उठाने की संस्तुति की है। दोनों निर्णयों में समानता यह है कि इनमें कुछ काटने या काटने से होने वाले प्रभाव का जिक्र है। एक निर्णय, जिस पर पूरे देश का मीडिया, सोशल मीडिया और सरोकार रखने न रखने वाले जन चर्चा कर रहे हैं, वह कुत्तों के काटने से संबंधित है। दूसरा निर्णय, जो इसके एक सप्ताह पूर्व दिया गया, वह देश की पूरी तस्वीर बदलने का दमखम रखता है। दुर्भाग्यवश वह अति महत्वपूर्ण निर्णय कुत्तों के शोर में दब गया। पर्यावरण को सुधारने संबंधी इस अहम निर्णय में प्रदूषण नियंत्रण मंडलों को वातावरण में प्रदूषण फैला रहे, व्यापार एवं उद्योगों को दंडात्मक रूप से काटने की क्षमता दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय के तहत पॉल्यूटर पे सिद्धांत को स्वीकार करते हुए प्रदूषण नियंत्रण मंडलों को वायु एवं जल संबंधी नियमों के तहत वातावरण को प्रदूषित कर रही औद्योगिक इकाइयों एवं व्यापारों को दंडित करने का अधिकार दिया है। वैसे सन 2000 में लागू प्रथम शहरी ठोस कचरा (प्रबंधन एवं हस्तांतरण) नियम की प्रस्तावना में ही पॉल्यूटर पे सिद्धांत का उल्लेख किया गया था। भारत में पॉल्यूटर पे सिद्धांत नया नहीं है। ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से पूर्व कचरा प्रबंधन या वातावरण शुद्धता का दायित्व आमजन का ही था, लेकिन ब्रिटिश हुक्मरानों ने कर वसूली का तरीका ईजाद करते हुए कचरा वसूलने का काम नगर निगमों को सौंपा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी एवं लोधी प्रॉपर्टी कंपनी लिमिटेड के केस में दिल्ली उच्च न्यायालय की डिविजन बेंच का निर्णय पलटते हुए स्पष्ट रूप से प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं कमेटी द्वारा पॉल्यूटर पे सिद्धांत के आधार पर दंड देने में सक्षम माना है। समूची दुनिया में घरों से लेकर बड़े उद्योगों एवं व्यापारों द्वारा कचरा उत्पादन से लेकर वातावरणीय अशुद्धता संबंधी शुल्क प्रदूषणकर्ता को ही वहन करना होता है। यहां तक कि कचरा प्रबंधन की समस्त सेवाएं उत्पन्न कचरे की मात्रा के आधार पर आनुपातिक शुल्क अदायगी के पश्चात ही सुलभ हो पाती हैं। सामान्यतया, शासन का दायित्व सेवा प्रदाता नहीं, अपितु नियंत्रक संगठन के रूप में होता है। सेवाप्रदाता बनने के साथ ही कचरा उत्पादक या प्रदूषण फैलाने वाले को निर्भरता का बहाना मिल गया, ताकि दोष सरकार पर मढ़ा जा सके। विचारणीय है कि क्या प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को अन्यत्र स्थानांतरित करने से वहां वातावरण प्रदूषित नहीं होगा। समस्याओं के तदर्थ समाधान के बजाय स्थायी समाधान की खोज हो। साथ ही, प्रदूषण फैलाने वाले को ही उसके लिए दोषी माना जाए। आम आदमी से लेकर उद्योगों तक को यह बात समझनी चाहिए कि यदि हम गंदगी ज्यादा फैलाते हैं तो ये उनकी जिम्मेदारी है कि वे उसी अनुपात में उसके लिए मुआवजा दें। झारखंड में अभी सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने वालों की संख्या बहुत है जो उस अनुपात में स्वच्छता के लिए भुगतान नहीं करते।

*पर्यावरण को सुधारने संबंधी इस अहम निर्णय में प्रदूषण नियंत्रण मंडलों को वातावरण में प्रदूषण फैला रहे, व्यापार एवं उद्योगों को दंडात्मक रूप से काटने की क्षमता दी गई है।*

# क्या यह शुल्क वृद्धि भारत को एक नए अवसर की तरफ धकेल रही है?




आज की बात



**महेन्द्र तिवारी**

भारत के सामने आज एक ऐसी स्थिति खड़ी हो गई है जो पहली नज़र में गहरी चिंता पैदा करती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह नए रास्तों की खोज का भी अवसर देती है। 27 अगस्त 2025 को अमेरिका ने भारत से आयात किए जाने वाले वस्त्र, जेम्स-जूलरी, लेदर, सीफूड, ऑटोकंपोनेंट्स और फार्मा सहित कई उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगा दिया। यह फैसला अप्रत्याशित तो नहीं था, क्योंकि चुनावी माहौल में ट्रंप बार-बार "अमेरिका फर्स्ट" की नीति पर ज़ोर दे रहे थे, लेकिन इसकी तीव्रता ने भारत के निर्यातकों और सरकार दोनों को हिला दिया। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाज़ार है और वहां हर साल करीब 120 अरब डॉलर का माल भेजा जाता है। इस अचानक आए शुल्क वृद्धि ने भारत की सप्लाई चेन, ऑर्डर बुक और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक रिश्तों पर बड़ा असर डाला है। सूरत में डायमंड और जेम्स-जूलरी के व्यापारी महीनों से अमेरिका पर निर्भर रहे हैं। उनके अनुसार ऑर्डर अचानक आधे रह गए हैं और जिन ग्राहकों ने अग्रिम भुगतान किया था, वे भी अब अनुबंध तोड़ने पर विचार कर रहे हैं। तिरुपुर और लुधियाना जैसे वस्त्र उद्योग केंद्रों की हालत भी खराब है। इन शहरों में हजारों एमएसएमईयूनिट्स अमेरिका के बड़े रिटेलर्स को माल भेजते थे। अब जब वहां 50 प्रतिशत शुल्क लग गया है, तो अमेरिकी खरीदार वियतनाम, बांग्लादेश और मेक्सिको जैसे विकल्पों की ओर जा रहे हैं। सीफूड, विशेषकर झींगे का निर्यात भी गहरी चोट खा रहा है। भारत दुनिया में झींगा निर्यात का सबसे बड़ा स्त्रोत है और अमेरिका इसका सबसे बड़ा खरीदार रहा है। एक झटके में करीब 24,000 करोड़ रुपये के एक्सपोर्ट पर संकट खड़ा हो गया।

यह स्थिति निर्यातकों के लिए किसी आपदा से कम नहीं। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशंस का कहना है कि अगर सरकार ने तुरंत राहत पैकेज नहीं दिया तो हजारों निर्यातक यूनिट्स बंद हो जाएंगी। नौकरी पर असर पड़ेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार की स्थिति बिगड़ेगी, क्योंकि इनमें से कई उद्योग कृषि आधारित हैं। उद्योग जगत की यह बेचैनी सरकार पर दबाव बना रही है कि वह क्रेडिट गारंटी स्कीम, टैक्स रियायतें और सब्सिडी जैसे कदम तुरंत लागू करे।

लेकिन यह तस्वीर सिर्फ नुकसान की नहीं है। इस झटके के भीतर एक बड़ा संदेश और अवसर छुपा हुआ है। यह अवसर भारत को अपनी अत्यधिक निर्भरता तोड़ने का मौका देता है। अभी तक भारत का निर्यात ढांचा काफी हद तक अमेरिका और यूरोप पर टिका हुआ था। अमेरिकी बाज़ार में हिस्सा इतना बड़ा हो गया था कि कोई भी बदलाव सीधा भारत की अर्थव्यवस्था को हिला देता था। अब मजबूरी है कि भारत नए बाज़ारों की खोज करे। यूरोप में टिकाऊ वस्त्रों और ऑर्गेनिकप्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है। अफ्रीका में भारतीय फार्मा और जेनेरिक दवाओं की खपत लगातार ऊपर जा रही है। खाड़ी देशों और लैटिन अमेरिका में इंजीनियरिंग सामान और खाद्य पदार्थों की खपत तेज़ी से बढ़ रही है।

इतिहास बताता है कि जब भी भारत पर बाहरी दबाव पड़ा है, तब उसने नए रास्ते खोजे हैं। 1991 में भुगतान संकट के समय भारत ने आर्थिक सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाया था। उसी तरह यह टैरिफ संकट भी हमें घरेलू ढांचे में सुधार की दिशा में प्रेरित कर सकता है। सबसे बड़ी जरूरत लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चरको सुधारने की है। आज भी भारतीय बंदरगाहों से माल निकलने में ज्यादा समय लगता है। ट्रांसपोर्ट लागत चीन या वियतनाम की तुलना में अधिक है। अगर भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिकना है तो सप्लाई चेन को आधुनिक बनाना ही होगा।

एमएसएमई सेक्टर, जो भारत के निर्यात की रीढ़ है, उसे सस्ती फाइनेंसिंग और तकनीकी सहयोग की जरूरत है। अक्सर छोटे निर्यातक वैश्विक क्वालिटीस्टैंडर्ड पूरा नहीं कर पाते। सरकार को उनके लिए स्किल ट्रेनिंग, डिजाइन सपोर्ट और टेस्टिंगलैब जैसी सुविधाएं आसान बनानी होंगी। साथ ही भारत को ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर भी ध्यान देना होगा। दुनिया में "मेड इन इंडिया" को सस्ती श्रम-प्रधान वस्तुओं तक सीमित न रखकर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का प्रतीक बनाना होगा।

यह संकट विदेश नीति की परीक्षा भी है। लंबे समय से भारत-अमेरिका संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया जाता रहा है। रक्षा, टेक्नोलॉजी और एनर्जी में दोनों देशों के हित जुड़े हैं। लेकिन व्यापारिक मोर्चे पर तनाव नया नहीं है। इस झटके से भारत को यह सीख मिलती है कि उसेमल्टी-वेक्टरडिप्लोमेसीअपनानी होगी। यानी केवल अमेरिका या यूरोप पर निर्भर न रहकर एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और खाड़ी देशों के साथ भी गहरे आर्थिक रिश्ते बनाने होंगे। जापान और यूरोप के साथ भारत के फ्रीट्रेड समझौते आगे बढ़ सकते हैं। ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर सक्रियता भारत को नए अवसर दिला सकती है।

निस्संदेह, यह स्थिति आसान नहीं है। लाखों श्रमिकों की रोज़ी-रोटी पर असर होगा। सैकड़ों छोटे व्यापारी कर्ज के बोझ तले दब सकते हैं। सरकार को अल्पकालिक राहत और दीर्घकालिक सुधार दोनों पर काम करना होगा। यह वही समय है जब संकट को अवसर में बदलने की बात सही मायनों में लागू हो सकती है। अगर भारत इस चुनौती को केवल शिकायत के रूप में देखेगा तो वह हार जाएगा, लेकिन अगर इसे मजबूरी से अवसर बनाने का मौका समझेगा तो यह भारत की निर्यात नीति में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है।

अंततः यह झटका भारत के लिए चेतावनी भी है और प्रेरणा भी। चेतावनी इसलिए कि किसी एक देश पर ज्यादा निर्भर रहना हमेशा खतरनाक होता है। प्रेरणा इसलिए कि यही झटका भारत को आत्मनिर्भरता और वैश्विक विविधता की ओर धकेल सकता है। आज के नुकसान की पीड़ा बड़ी है, लेकिन अगर भारत ने सही रणनीति अपनाई, तो आने वाले दशक में यही झटका भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## झारखंड कोचिंग सेंटर नियंत्रण व विनियमन विधेयक-2025 : आलोचनात्मक दृष्टिकोण

आपकी बात



**विनोद कुमार बख्शी**

झारखंड सरकार ने हाल ही में कोचिंग संस्थानों के लिए एक विधेयक पास किया है, जिसका उद्देश्य छात्रों के हितों की रक्षा और फीस व संचालन नियंत्रण है। हालांकि, इस विधेयक में कई महत्वपूर्ण कमियां हैं जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

**विधेयक की प्रमुख कमियां**

- **बैंक गारंटी का अत्यधिक वित्तीय बोझ:** पांच लाख रुपये की बैंक गारंटी छोटे और नए कोचिंग केंद्रों के लिए भारी बाधा है, जो उनकी स्थापना और संचालन में अक्षम कर सकती है।
- **फीस सीमा निर्धारण की यथार्थता पर सवाल :** सरकार द्वारा फीस निर्धारित करना गुणवत्ता में गिरावट ला सकता है, क्योंकि सीमित फीस में कोचिंग संस्थान योग्य शिक्षक और संसाधन उपलब्ध नहीं करा पाएंगे।
- **16 वर्ष से कम आयु के छात्र और अभिभावक अनुमति का औचित्य :** इतनी कम उम्र के छात्र बिना अभिभावक की अनुमति कोचिंग केंद्रों में आमतौर पर प्रवेश नहीं लेते, अतः यह प्रावधान व्यर्थ और जटिलता बढ़ाने वाला है।
- **मनोचिकित्सक नियोजन असंभव :** 1000 से अधिक छात्रों वाले केंद्रों में मनोचिकित्सक की नियुक्ति पर निर्भरता व्यावहारिक नहीं; इसके बजाय सरकार को इस सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।
- **कड़ी दंड नीति :** जुर्माना और ब्लैकलिस्टिंग जैसे दंड आवश्यक तो हैं, परंतु अत्यधिक कठोर दंड छोटे संस्थानों को हतोत्साहित कर सकते हैं।
- **शिक्षकों की योग्यता पर असंगति :** कई शिक्षक अपने अनुभव से पढ़ते हैं। शिक्षा मंत्री बनने के लिए कोई न्यूनतम योग्यता तय नहीं है पर शिक्षक बनने के लिए योग्यता तय की गई है, यह बहुत ज्यादा व्यावहारिक नहीं होगा।
- **समय और संचालन के सख्त नियम :** सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक सीमित संचालन सभी छात्रों के लिए व्यवहारिक नहीं हो सकता।
- **प्रशासनिक बोझ :** निरंतर रिपोर्टिंग, फीस और अन्य विवरण प्रकाशित करना छोटे संस्थानों के लिए अतिरिक्त भारी व्यवस्थापकीय जिम्मेदारी है।
- **शहरी व ग्रामीण असमानता :** बड़े शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधन के कारण कई संस्थान इन नियमों का पालन करना मुश्किल पाएंगे।
- **सरकार की भूमिका में अस्पष्टता :** कुछ जरूरी सेवाओं की उपलब्धता सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए, न कि संस्थानों पर; यह स्पष्ट नहीं है।

**सुझाव :** इस विधेयक को और व्यावहारिक एवं संतुलित बनाने के लिए इन कमियों को दूर किया जाना आवश्यक है। बैंक गारंटी राशि को कम करना, फीस का लचीला निर्धारण, अभिभावक अनुमति के प्रावधान का पुनर्विचार, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सरकारी स्तर पर सुनिश्चित करना व दंड व्यवस्था में नर्म नियम लागू करना विधेयक के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायक होंगे। विनोद कुमार बख्शी 30 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय।

**योग्यताएँ :** कंपनी सेक्रेटरी (CS), विधि स्नातक (LLB), वाणिज्य स्नातकोत्तर और शोधोत्तर (M.Phil), UGC NET उत्तीर्ण, स्वतंत्र निदेशक शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों के अनुभव के साथ, मेरा प्रयास है कि नीति-निर्माण ऐसे हो जो व्यवहारिक, लाभकारी और समावेशी हों। वर्तमान विधेयक को इसी दृष्टि से पुनःमूल्यांकन की जरूरत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# क्या डॉक्टर अपना सेवा धर्म भूल गए हैं ?

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

भारत में चिकित्सा सेवा को पारंपरिक रूप से एक 'सेवा धर्म' माना गया है। डॉक्टर को धरती का भगवान कहा जाता है और अस्पताल को जीवनदायिनी संस्था के रूप में देखा जाता है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में देशभर से जो घटनाएं सामने आई हैं, वे इस विश्वास को झकझोर देती हैं। सवाल उठने लगे हैं कि क्या आज अस्पताल केवल मुनाफाखोरी के केंद्र बनकर रह गए हैं? क्या डॉक्टर अब सेवा से ज्यादा व्यवसाय पर केंद्रित हैं? और क्या हम एक ऐसी व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं, जहां बीमारी से ज्यादा मरीज़ की जेब का इलाज होता है? यह निर्विवाद सत्य है कि भारत में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार हुआ है। हर साल नए-नए अस्पताल खुल रहे हैं, मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी बढ़ी है। लेकिन क्या इस विस्तार के पीछे सेवा की भावना है? कई बार समाचारों में सुनने को मिलता है कि किसी गरीब मरीज़ को इलाज से सिर्फ़ इसलिए वंचित कर दिया गया क्योंकि वह बिल नहीं चुका सका। कुछ अस्पताल मरीज़ का शव तक नहीं सौंपते जब तक अंतिम बिल का भुगतान न हो जाए। क्या यह वही भारत है जिसकी संस्कृति सर्वे भवंतु सुखिनः "सर्वे सन्तु निरामयाः" की कामना करती है? भारतीय समाज में डॉक्टरों को सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। लेकिन कुछ डॉक्टर इस सम्मान को व्यवसाय में बदल चुके हैं। जेनरिक दवाओं की जगह ब्रांडेड दवाएंः भारत सरकार और एनएमसी (राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग) की गाइडलाइन के अनुसार डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं लिखने की सलाह दी गई है। लेकिन अधिक कमीशन और कंपनियों की साझेदारी के चलते ब्रांडेड, महंगी दवाएं ही लिखी जाती हैं। फीस और फॉलोअप की व्यवस्था यह हो गई है कि एक सामान्य मरीज से 1000–2000 रुपये तक परामर्श शुल्क लिया जाता है। कई बार एक ही बीमारी के लिए बार-बार शुल्क लिया जाता है। इंश्योरेंस आधारित ट्रीटमेंट का मामला ऐसा हो गया है कि अब अस्पताल इलाज शुरू करने से पहले पूछते हैं "इंश्योरेंस है या नहीं?" यदि नहीं, तो मरीज़ के साथ व्यवहार भी बदल जाता है। सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति यह है कि किसी से यह बात छुपी नहीं है। सरकारी अस्पतालों की दशा अलग नहीं है। वहां डॉक्टरों की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता, लंबी कतारें, भ्रष्टाचार और सामान्य मरीज़ के साथ उपेक्षा ने जनता को प्राइवेट अस्पतालों की ओर धकेल दिया है। परंतु वहां शुल्क और शर्तों की एक लंबी श्रृंखला उनका जीवन और कठिन बना देती है। डब्ल्यूएचओ और लैंसेट आयोग की रिपोर्टों में यह स्पष्ट किया गया है कि भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में निजी निवेश तो बढ़ा है, लेकिन health equity यानी सबको समान स्वास्थ्य सुविधा में कमी आई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 60% लोग प्राथमिक इलाज के लिए प्राइवेट क्लीनिक पर निर्भर हैं। इसका मतलब है कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में आम जनता का विश्वास कम हो रहा है। एनएमसी ने डॉक्टरों को जेनरिक दवाएं लिखने, जांचों में पारदर्शिता रखने और मरीज से सहमति के बाद ही इलाज करने के दिशा-निर्देश दिए हैं। नैदानिक स्थापना अधिनियम 2010 के अनुसार अस्पतालों को पारदर्शी शुल्क सूची प्रदर्शित करनी चाहिए। स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक (कुछ राज्यों में लागू) यह सुनिश्चित करता है कि आपात स्थिति में किसी भी मरीज को इलाज से वंचित नहीं किया जा सकता, चाहे उसके पास पैसा हो या नहीं। लेकिन इन गाइडलाइनों का पालन अधिकांश संस्थानों में नहीं हो रहा। भारत की आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी एवं योग आधारित चिकित्सा पद्धति ने 'रोगी पर केंद्रित सेवा' को प्राथमिकता दी। वैद्य और ऋषि बिना शुल्क लिए इलाज करते थे। रोगी की प्रकृति, जीवनशैली और आय के अनुरूप उपचार होता था। स्वास्थ्य को केवल शरीर नहीं बल्कि मन, आत्मा और समाज से जोड़कर देखा गया। आज के डॉक्टरों को चाहिए कि वे इन परंपराओं से प्रेरणा लें। चिकित्सा सेवा एक मिशन है, न कि मात्र एक पेशा। सवाल उठता है कि इस स्थिति में क्या किया जाना चाहिए? नीति स्तर पर सरकार को सभी निजी अस्पतालों के बिलिंग सिस्टम को पारदर्शी करने का निर्देश देना चाहिए। एनएमसी के निर्देशों को बाध्यकारी बनाया जाए, उल्लंघन पर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई हो। हर अस्पताल में "पब्लिक हेल्थ ऑडिटर" की नियुक्ति हो। डॉक्टरों के लिए मेडिकल एथिक्स पर नियमित प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। मानवता आधारित चिकित्सा व्यवहार को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। आम नागरिकों के लिए सुझाव, लोगों को जेनरिक दवाओं की जानकारी दी जाए। हर राज्य में मुफ्त स्वास्थ्य सलाह केंद्र स्थापित हो। आयुर्वेदिक/योग आधारित चिकित्सा का प्रचार-प्रसार निरंतर होता रहे। डब्ल्यूएचओ भी अब भारत की पारंपरिक चिकित्सा शैली को मान्यता दे चुका है। इसे भी आधुनिक चिकित्सा के पूरक के रूप में बढ़ावा दिया जाए। स्वास्थ्य सेवा व्यवसाय नहीं, सेवा है। यदि कोई डॉक्टर अपनी फीस 2000 रुपए रखता है तो वह उस गरीब मरीज की मजबूरी और पीड़ा का सौदा कर रहा है। आज जरूरत है कि चिकित्सा और मानवता फिर से एक हो। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हर अनुभव मीठा रहे, नहीं जरूरी सा'ब।
खट्टे अनुभव भी हमें, देते रहे सुझाव।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अमेरिकी शेयर मार्केट ऊंचाइयों पर भारत में टैरिफ की मार

देश की बात



**शशांक भारद्वाज**

पिछले सप्ताह अंततः भारत पर 50 प्रतिशत ट्रंप टैरिफ लागू हो गया तथा भारतीय शेयर मार्केट में भी बड़ी गिरावट आ गई। कहा जाता है किसी घटनाक्रम,घटना पर सामान्यतया सबसे तीव्र प्रतिक्रिया शेयर मार्केट करता है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर ट्रंप टैरिफ का कितना प्रभाव पड़ेगा, कितना गंभीर प्रभाव पड़ेगा ,इस पर विभिन्न प्रकार की राय है परंतु शेयर मार्केट तो एकबार धड़ाम हो गया। ट्रंप टैरिफ में बाद के दो सत्रों में निफ्टी में 286 अंकों की गिरावट आई। इस गिरावट से भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि निफ्टी की साप्ताहिक बंदी 24500 के महत्वपूर्ण स्तर से नीचे 24426 पर हुई। इससे तकनीकी स्तर पर एक बड़ी दुर्बल बंदी हो गई। पिछले सप्ताह निफ्टी 443 अंक नीचे रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में 21152 हजार करोड़ रुपए का विक्रय किया तथा स्टॉक फ्यूचर में 1232 करोड़ रुपए का क्रय किया।ये आंकड़े दर्शाते हैं कि विदेशी संस्थागत निवेशक डिलीवरी आधारित बिकवाली कर रहें हैं,फ्यूचर के सौदे में वो क्रेता हैं।जुलाई में भी उन्होंने स्टॉक फ्यूचर में 3015 करोड़ रुपए का क्रय ही किया जबकि नकद संभाग में 46902 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने अवश्य जुलाई में नकद संभाग में 94828 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।यह विदेशी संस्थागत निवेशकों के विक्रय से दुगना क्रय था।भारत की अच्छी आर्थिक स्थिति,सरकार के द्वारा अर्थव्यवस्था के प्रोत्साहन के लिए उठाए जाने वाले संभावित पग आदि से भारतीय शेयर मार्केट में भविष्य में अच्छी संभावना है परंतु अमेरिकी टैरिफ तथा बहुत सीमा तक भारत विरोधी सा आचरण संभवतः विदेशी संस्थागत निवेशकों को निवेश से रोक रहा,बिकवाल बना दे रहा है। विश्व की राजनीतिक धुरी भी परिवर्तन की मुद्रा में है।मोदी चीन की यात्रा पर हैं।रूस भारत के संबंध भी अधिक प्रगाढ़ हो रहें हैं यद्यपि भारत के लिए व्यापार की दृष्टि से अमेरिका अधिक महत्वपूर्ण है। देखना होगा कि भारत चीन में कैसे दोनों के लिए विजय की स्थितियां निर्मित हो पाती हैं।यदि ऐसा कुछ हो गया, दीर्घ अवधि तक बना रहा तब तो भारत को बड़ा लाभ हो सकता है। मोदी जी चतुर तो हैं ही,व्यापारिक विषयों में भी। अमेरिकी शेयर मार्केट सतत नईं ऊंचाइयां बना रहें हैं। अब तो वहां का भी केंद्रीय बैंक फेड ब्याज दरों में आक्रामक कटौती की संभावना के संकेत देने लगा है। अमेरिका के न्यायालय ने ट्रंप के टैरिफ लगाने की अधिकार को ही गलत ठहरा दिया है।अब ये विषय सर्वोच्च न्यायालय में चल गया है।यदि यह रोक बनी रहती है तो फिर भारतीय शेयर मार्केट में बहुत बड़ा उछाल दिख सकता है। भारत में बड़े आर्थिक सुधार की बातें आ रहीं हैं जिससे एक आवश्यक तथा अपेक्षित आमूल चूल परिवर्तन आ सकता है जो भविष्य के एक समृद्ध तथा विकसित भारत की आधारशिला हो सकती है। 2038 तक दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की बात कही जाने भी लगी है। वित्त वर्ष 25 26 की प्रथम तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत आई है। जीएसटी में कमी के बाद तो घरेलू उपभोक्ता मांग में अधिक वृद्धि होगी। अर्थव्यवस्था तो उच्च गति में रहेगी ही। टैरिफ वृद्धि पर अमेरिका को कुछ सद्बुद्धि आए,व्यवहारिकता आए तो भारतीय शेयर मार्केट का एक स्वर्णिम काल प्रारंभ हो सकता है। घरेलू उपभोग की वस्तुओं, सरकारी बैंक,खाद कंपनियों के शेयर में विभिन्न भावों में क्रय किया जा सकता है। क्रूड के भाव निचले स्तरों पर 67.48 डॉलर प्रति बैरेल है।डॉलर इंडेक्स भी 97.96 है। ये भारतीय शेयर मार्केट के लिए सकारात्मक ही हैं। छोटे निवेशकों के डीमैट खाते लगातार बड़ी संख्या में खुलने का क्रम बना हुआ है। भारतीय पेंशन फंड का आकार 15 लाख करोड़ रुपए हो गया है। घरों के मूल्यों में 5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी जा रही है जो लोगों की अच्छी आर्थिक स्थिति होते जाने रहने का परिचायक है। म्यूचुअल फंड बैंक डिपॉजिट का 31 प्रतिशत हो गया है जो 10 वर्ष पूर्व 10 प्रतिशत ही था।यह भारतीयों के मध्य शेयर मार्केट के प्रति बढ़ती रुचि का प्रतीक है। पहली बाद डॉलर की तुलना में रुपया 88 के स्तर को पार कर गया है। यह विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए चिंता का विषय है। तकनीकी आधार पर निफ्टी के 24600 के ऊपर बंद होने से ही मार्केट में मंदी समाप्त हो तेजी का क्रम आरंभ हो सकती है। सरकार को जीएसटी में छूट जैसे प्रोत्साहन के उपाय जैसे ही शेयर मार्केट को उत्साहित करने के लिए पूंजीगत लाभ पर कर की दरों में कमी करना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## नितिन गडकरी ने कहा-

# जो लोगों को मूर्ख बना सकता है वही सबसे अच्छा नेता

**'श्रीमद्भगवद्गीता में लिखा है कि अंत में सत्य की ही जीत होगी'**

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बेधड़क बोलते हैं चाहे कोई जले -भूने या अंदर -अंदर उनके विरूद्ध तरह-तरह की साज़िश करे, वह डरते नहीं हैं।उन्होंने इस बार बड़े नेताओं को लेकर एक बयान दिया है। नितिन गडकरी ने नागपुर में अखिल भारतीय महानुभाव परिषद में कहा कि जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है। उन्होंने कहा, "बातें करना आसान है। मैं कोई अधिकारी नहीं हूं। लेकिन मुझे इसका एहसास है। क्योंकि जिस क्षेत्र में मैं काम करता हूं, वहां पूरे मन से सच बोलना मना है। जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है।" उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता में लिखा है कि अंत में सत्य की ही जीत होगी। नितिन गडकरी ने कहा, "किसी भी चीज को हासिल करने का एक शॉर्टकट होता है। शॉर्टकट के जरिए इंसान तेजी से पहुंचता है। यदि आप नियम तोड़कर सड़क पार करना चाहें, तो हो सकता है कि लाल बत्ती हो या आप उसे पार कर जाएं। लेकिन एक दार्शनिक ने कहा कि शॉर्टकट कट यू शॉर्ट। इसीलिए हमने ईमानदारी, विश्वसनीयता, समर्पण, सच्चाई जैसे मूल्य दिए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में इन सबका महत्व है।" केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि पंथ और संप्रदायों को मंत्रियों से दूर रखना चाहिए। धार्मिक कार्य, सामाजिक कार्य और राजनीति अलग-अलग चीजें हैं। अगर धर्म को सत्ता सौंप दी जाए, तो उसे नुकसान होगा। मंत्री जहां भी जाते हैं, वहां आग लगाने से खुद को नहीं रोक पाते। वह दो महंतों के बीच झगड़ा कराते हैं, फिर गद्दी के लिए संघर्ष होता है। फिर सरकार निलंबित करती है, एक समिति नियुक्त करती है और फिर दोनों सरकार में आ जाते हैं, गडकरी ने धर्म और राजनीति को दूर रखने की सलाह दी।नितिन गडकरी भारतीय जनता पार्टी में बिना लाग -लपेट व अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं।इससे उनसे उनके ही पार्टी के कई बड़े नेता बहुत चिढ़े रहते हैं। लेकिन वह इसकी बिना परवाह किये जनता को अपनी बात साफ व सीधे शब्दों में कह देते हैं। उन्होंने कहा, "मैं काम करूँगा। अगर आप मुझे पसंद करते हैं, तो मुझे वोट दें, अगर नहीं, तो मत दें।



### आदिवासियों को प्रस्तावित समान नागरिक संहिता के दायरे से बाहर रखा जाएगा: रीजीजू

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को कहा कि पूर्वोत्तर और देश के अन्य क्षेत्रों के आदिवासियों को प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे से बाहर रखा जाएगा ताकि वे अपनी व्यवस्था के अनुसार ''मुक्त रूप से'' जीवन जी सकें। आरएसएस से संबद्ध वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि कुछ लोग इन दिनों सोशल मीडिया पर एक विचित्र माहौल बना रहे हैं और केंद्र के खिलाफ एक विमर्श गढ़ रहे हैं।

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने के लिए दावा पेश करने की तारीख अब नहीं बढ़ेगी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। पटना

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के पहले चरण के बाद मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या हटाने के लिए दावा पेश करने की अंतिम तारीख बढ़ाने से इनकार कर दिया है। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने इसके लिए एक सितंबर की तारीख तय की थी। हालांकि, कोर्ट ने कहा है कि अगर नामांकन की आखिरी तारीख से पहले कोई आपत्ति आती है, तो उस पर भी विचार किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कुछ अन्य पार्टियों ने कोर्ट से तारीख बढ़ाने की मांग की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने अपने आदेश में कहा, "दावों पर विचार करने की प्रक्रिया नामांकन की अंतिम तारीख तक जारी रहेगी। दावे/आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं।" इसका मतलब है कि लोग नामांकन की आखिरी तारीख तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या हटाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**अगर नामांकन की आखिरी तारीख से पहले कोई आपत्ति आती है, तो उस पर भी विचार किया जाएगा**



### पैरा लीगल वालंटियर्स तैनात करने के निर्देश

कोर्ट ने बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से यह भी कहा है कि वे पैरा लीगल वालंटियर्स को तैनात करें। ये वालंटियर्स लोगों और राजनीतिक दलों को ऑनलाइन दावा, आपत्ति या सुधार करने में मदद करेंगे। पीएलवी अपनी रिपोर्ट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को देंगे। फिर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को रिपोर्ट भेजेगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट इस पर विचार करेगा।चुनाव आयोग के अनुसार, मतदाता सूची एक अगस्त को प्रकाशित हुई थी। राजनीतिक दल, मतदाता और बूथ लेवल एजेंट इसकी जांच कर रहे हैं और दावे और आपत्तियां दाखिल कर रहे हैं। चुनाव आयोग को नाम जुड़वाने के लिए 33,326 आवेदन और नाम हटाने के लिए 2,07,565 आपत्तियां मिली हैं। इनमें से 38,342 का निपटारा कर दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने 20 प्रतिशत इथेनॉल-पेट्रोल की बिक्री के खिलाफ खारिज की याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें देश भर में 20 प्रतिशत इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल ( ईबीपी-20 ) बेचने की शुरुआत को चुनौती दी गई थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि लाखों वाहन चालक ऐसे ईंधन का उपयोग करने को मजबूर हैं, जिसे उनके वाहनों के लिए डिजाइन नहीं किया गया है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच वकील अक्षय मल्होत्रा द्वारा दायर याचिका में उठाए गए तर्कों से सहमत नहीं हुई। याचिका में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सभी ईंधन स्टेशनों या पेट्रोल पंप पर इथेनॉल-मुक्त पेट्रोल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। केंद्र ने याचिका का विरोध किया। दावा किया कि ई20 ईंधन गन्ना किसानों के लिए फायदेमंद है।

## बिहार की 20 लाख महिलाओं को पीएम की बड़ी राहत

# कम ब्याज पर मिलेगा उद्यम ऋण

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित करेंगे। जीविका निधि की स्थापना का उद्देश्य जीविका से जुड़े सामुदायिक सदस्यों को किफायती ब्याज दरों पर धनराशि तक आसान पहुँच प्रदान करना है। जीविका के सभी पंजीकृत संकुल-स्तरीय संघ इस संस्था के सदस्य बनेंगे। इस संस्था के संचालन के लिए बिहार सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार भी धनराशि का योगदान करेगी।जीविका के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं में उद्यमिता का विकास हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में कई छोटे उद्यम और उत्पादक कंपनियाँ स्थापित हुई हैं। हालाँकि, महिला उद्यमियों को अक्सर 18%-24% की ऊँची ब्याज दर वाली सूक्ष्म वित्त संस्थाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। जीविका निधि की परिकल्पना एक वैकल्पिक वित्तीय प्रणाली के रूप में की गई है, ताकि एमएफआई पर निर्भरता कम की जा सके तथा कम ब्याज दरों पर बड़ी ऋण राशि की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।यह प्रणाली पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर संचालित होगी, जिससे जीविका दीदियों के बैंक खातों में सीधे तेज़ और अधिक पारदर्शी धनराशि हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। इसे सुगम बनाने के लिए, 12,000 सामुदायिक कार्यकर्ताओं को टैबलेट से लैस किया जा रहा है। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं में उद्यमिता विकास को मज़बूती मिलने और समुदाय-आधारित उद्यमों के विकास में तेज़ी आने की उम्मीद है।

## यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पांच सितंबर तक स्थगित



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के सचिव एवं गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया कि उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए राज्य सरकार ने चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितंबर, 2025 तक स्थगित कर दिया है। गढ़वाल आयुक्त पांडे ने कहा कि भारी बारिश के कारण राज्य में कई जगहों पर भूस्खलन या मलबा आने से सड़कें बाधित हो रही हैं, जिन्हें सरकार प्राथमिकता के आधार पर खोल रही है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितंबर तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। पांडे ने यात्रियों से अपील की कि वे प्रतिकूल मौसम को देखते हुए फिलहाल यात्रा मार्गों पर न निकलें और प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें। वे धैर्य और संयम बनाए रखें और यात्रा से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए प्रशासनिक नियंत्रण कक्ष के संपर्क में रहें। इसके अलावा, गढ़वाल मंडल आयुक्त ने बताया कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन सड़क मार्गों पर यात्रियों की निगरानी, सफ़ाई और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

## वसूली रोकने पर देवरिया स्टेशन पर किन्नरों का आतंक

# आरपीएफ इंस्पेक्टर को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

एजेंसी। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर रविवार, 31 अगस्त की देर रात ट्रांसजेंडरों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर एक आरपीएफ इंस्पेक्टर पर हमला कर दिया और उसकी पिटाई कर दी, जब अधिकारियों ने उन्हें ट्रेन यात्रियों से अवैध वसूली करने के आरोप में अगवा कर लिया था। खबर है कि पुलिस ने दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जानकारी का इंतज़ार है। घटना का एक वीडियो वहाँ मौजूद लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया और अब इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। स्टेशन पर आस-पास के विक्रेताओं और बहादुर यात्रियों ने हिंसक हमले का सामना किया और आरपीएफ इंस्पेक्टर को बचाया।

रविवार देर रात आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद अपने सहयोगियों के साथ देवरिया रेलवे स्टेशन पर अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन की चेकिंग कर रहे थे। कुछ यात्रियों ने इंस्पेक्टर से किन्नरों द्वारा अवैध वसूली की शिकायत की। यात्रियों ने यह भी बताया कि पैसे न देने पर किन्नर दुर्व्यवहार करते हैं। यात्रियों की शिकायत पर इंस्पेक्टर ने स्टेशन पर घूम रहे किन्नरों को यात्रियों से पैसे न वसूलने की हिदायत दी और चेतावनी दी कि अगर आगे शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी। इतनी सख्त चेतावनी के बाद मौके पर मौजूद किन्नर अपना आपा खो बैठे। कुछ ही देर में किन्नरों का एक समूह रेलवे स्टेशन पर इकट्ठा हो गया और प्लेटफार्म नंबर 1 पर हंगामा करने लगा। किन्नरों ने ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। किन्नरों के हंगामे की सूचना मिलने पर आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद सादे कपड़ों में कुछ पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुँचे। गुस्साए किन्नरों ने आरपीएफ इंस्पेक्टर का डंडा छीन लिया और उन पर हमला कर दिया। किन्नरों ने इंस्पेक्टर का पीछा किया। उनकी संख्या पुलिसवालों से ज़्यादा थी, इसलिए पुलिस को पीछे हटना पड़ा। गुस्साए किन्नरों ने आरपीएफ दफ्तर में घुसकर तोड़फोड़ भी की। किन्नरों का आतंक देखकर मौके पर मौजूद कुछ बहादुर यात्री और वेंडर पुलिस के साथ खड़े हो गए। यात्रियों और वेंडरों के ललकारने पर हमलावर पीछे हट गए।

## संभल मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में यथास्थिति बढ़ी

**संभल।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद से जुड़े मामले में यथास्थिति बनाए रखने के अपने आदेश की अवधि को दो हफ्ते के लिए बढ़ा दिया। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने यह फैसला सुनाया। जामा मस्जिद संभल की प्रबंध कमेटी ने इस मामले में दो अपील दायर की थीं, जिनका नेतृत्व कमेटी के सचिव और उपाध्यक्ष ने किया। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री को मामले की गहन पड़ताल करने और एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान, मस्जिद प्रबंधन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक यथास्थिति की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया। वहीं, हिंदू पक्षकारों की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने इस आदेश का विरोध किया। यह मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश से जुड़ा है।

# आज का राशिफल

**मेष :** आपका दिन चुनौतियों से भरा रह सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको एक साथ कई जिम्मेदारियां उठानी पड़ सकती हैं। जिससे शारीरिक और मानसिक तनाव बढ़ने की संभावना है। लेकिन समझदारी और बुद्धिमानी से फैसले लेने से आप हर परिस्थिति को आसानी से संभाल सकते हैं।

**वृष :** व्यवसाय के क्षेत्र में दिन बेहतरीन रहने वाला है और आप धीरे-धीरे सफलता की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे, जिससे तनाव भी कम होगा। लेकिन इस समय आपको कोई भी नया काम करने से बचना चाहिए, क्योंकि यह समय आपके लिए अनुकूल नहीं है।

**मिथुन :** कारोबार के मामले में दिन सामान्य रहने वाला है। बौद्धिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, भाग्य का भी साथ मिलेगा जिससे आपके कई अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में आपके द्वारा लिए गए निर्णय सही साबित होंगे, जिससे लाभ मिलने की भी संभावना है। व्यापार में नए संपर्क बनाने से अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। लेकिन कार्यक्षेत्र में कोई सहकर्मी आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है। ऐसे में सावधान रहना जरूरी होगा।

**सिंह :** आपको हर मामले में भाग्य का साथ मिल सकता है, जिससे मन को संतुष्टि महसूस होगा। कार्यक्षेत्र में विरोधियों द्वारा आपके लिए बनाए गए प्लान असफल रहेंगे। सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होने की संभावना है। ऐसे में मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में दिन सामान्य से बेहतर बना रहेगा और विरोधी की आपके खिलाफ बनाई गई योजनाएं फेल होंगी। व्यापार के मामले में लाभ कमाने के शुभ अवसर प्राप्त हो सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आप वृद्धजनों की सेवा और पुण्य कार्यों में कुछ धन भी खर्च कर सकते हैं।

**तुला :** आपको कार्यक्षेत्र में अपने सभी कामों को समय पर पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। अधिक प्रयासों के बाद भी अपेक्षित लाभ न मिलने और आय कम होने के चलते आप का मन उदास हो सकता है। वहीं, आर्थिक मामलों में खर्चे बढ़ने की संभावना है, जिसके चलते मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक :** दिन आपके लिए थोड़ा चुनौती पूर्ण हो सकता है। लेकिन व्यवसाय के क्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण अनुबंध या फैसला आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है, जिससे संतुष्टि महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में मीटिंग या चर्चा में आप सभी को अपनी बातें सही तरीके से समझाने में कामयाब रहेंगे।

**धनु :** व्यापार और कारोबार के मामले में दिन बेहतरीन रहने वाला है और समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े कार्यों में आपको सफलता मिल सकता है, जिससे धन-धान्य में वृद्धि होगी। वहीं, व्यापार के मामले में भी धन लाभ के योग बन रहे हैं।

**मकर :** आपका दिन मिलाजुला रह सकता है। समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। वहीं, कुछ महान व्यक्ति से मुलाकात होने के कारण आपका मन प्रसन्न रहेगा। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारियों के सहयोग और समर्थन से आपको किसी प्रॉपर्टी से जुड़े विवाद से छुटकारा मिल सकता है।

**कुंभ :** कार्यक्षेत्र में आपको अपने प्रयासों और मेहनत का अब शुभ फल प्राप्त हो सकता है। वहीं, लंबे समय से बीच में अटके हुए काम अब पूरे हो सकते हैं। वहीं, किसी मां सम्मान महिला के सहयोग से करियर में उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। भाइयों से चल रहा विवाद भी अब खत्म हो सकता है।

**मीन :** आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है और भाग्य का पूरा साथ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वालों के लिए पूरे दिन आय के नए स्रोत सामने आ सकते हैं और कार्यस्थल पर विरोधी परास्त होंगे। परिवार के मामले में भी दिन अच्छा रहेगा।

## शादी और धर्म परिवर्तन का दबाव

# 7वीं की छात्रा को प्रिंसिपल ने दिया लव लेटर, आरोपी गिरफ्तार



**अलीगढ़।** हमारे समाज में गुरु और शिष्य का नाता बेहद पवित्र माना जाता है। हालांकि इस रिश्ते को कलंकित करने वाली घटनाएं भी होती रहती हैं। ताजा मामला अलीगढ़ के एक सरकारी स्कूल है। प्रिंसिपल शकील अहमद को 7वीं कक्षा की छात्रा को लव लेटर लिखकर और शादी का दबाव बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उस पर पोस्को एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बीएसए ने आरोपी प्रिंसिपल को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उसकी सेवा खत्म करने की भी तैयारी चल रही है। यह घटना जवां ब्लॉक के तालिवनगर स्थित एक सरकारी स्कूल की है। आरोप है कि प्रिंसिपल शकील अहमद ने 11 साल की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। छात्रा ने घर पहुंचकर मां को बताया। मां ने तुरंत डीएम और एसएसपी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई।

**● बच्ची बेहद डरी हुई थी: मां**

छात्रा की मां का कहना है कि शकील अहमद ने किसी को कुछ बताने पर मारने की धमकी भी दी थी। बच्ची बेहद डरी हुई थी। आरोपी ने बेटी को लेटर दिया था। इसमें लिखा था कि वह उसे बहुत पसंद करता है और उसे पत्नी बनाना चाहता है।

**● धर्म परिवर्तन का दबाव बनाता था**

बीएसए राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी शिक्षक की सेवाएं पूरी तरह से समाप्त करने की तैयारी की जा रही है। वह बच्ची के साथ छेड़छाड़ करता था और उससे शादी कर धर्म परिवर्तन का दबाव भी बना रहा था। इस घटना से पूरे इलाके में रोष का माहौल है। लोगों ने पुलिस से आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग की है।

## बाढ़ पीड़ितों से मिले अमित शाह



**जम्मू।** जम्मू में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजभवन में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद, जिसमें विपक्ष के नेता सुनील शर्मा भी मौजूद थे, शाह जिले के सबसे अधिक प्रभावित गांव मंगूचक सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। सिन्हा और उमर अब्दुल्ला के साथ, शाह बिक्रम चौक के पास तवी पुल पर रुके और नदी के किनारे हुए नुकसान का निरीक्षण किया। वह बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का आकलन करने के लिए रविवार रात जम्मू पहुँचे थे। 14 अगस्त से किश्तवाड़, कठुआ, रियासी और रामबन जिलों में बादल फटने, भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ में 130 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं और 33 लापता हैं। 26-27 अगस्त के दौरान रिकॉर्ड बारिश के कारण जम्मू और अन्य मैदानी इलाकों के निचले इलाकों में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा। मृतकों में 34 तीर्थयात्री शामिल हैं, जो 26 अगस्त को माता वैष्णो देवी मंदिर जाते समय हुए भूस्खलन की चपेट में आ गए थे। खराब मौसम और मार्ग पर सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण वैष्णो देवी यात्रा सोमवार को सातवें दिन भी स्थगित रही। कटरा स्थित आधार शिविर वीरान पड़ा रहा और कुछ ही तीर्थयात्री यात्रा बहाल होने का इंतज़ार कर रहे थे। सोमवार सुबह मौसम में थोड़ा सुधार देखा गया, जिससे यात्रा जल्द शुरू होने की उम्मीद जगी है।

## जरांगे का आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं, दो सितंबर तक मुंबई की सभी सड़कें खाली कराएं: उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि कार्यकर्ता मनोज जरांगे के नेतृत्व में मराठा आरक्षण आंदोलन के कारण पूरा शहर ठहर गया है और यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है तथा इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है। उच्च न्यायालय ने मुंबई में सामान्य स्थिति बहाल करने का आग्रह किया और जरांगे तथा उनके समर्थकों को हालात सुधारने तथा मंगलवार दोपहर तक सभी सड़कें खाली करने का अवसर दिया। जरांगे 29 अगस्त से दक्षिण मुंबई स्थित आज़ाद मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वह मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने की मांग कर रहे हैं। उनके समर्थकों ने दावा किया कि जरांगे ने सोमवार से पानी पीना बंद कर दिया है।



## राहुल के हाइड्रोजन बम पर रविशंकर प्रसाद का पलटवार, बताया 'फुस्स पटाखा', पूछा- हलफनामे से क्यों भागते हैं?

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के अपने आरोपों को दोहराए जाने और भाजपा को एक और हाइड्रोजन बम की चेतावनी दिए जाने के बाद सत्तारूढ़ पार्टी ने सोमवार को उन्हें गैरजिम्मेदार और समझने में कठिन कहा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रसन्नतापूर्वक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी मैं राहुल गांधी को बोलते हुए सुनता हूं, चाहे संसद के अंदर हो या बाहर, मुझे कई प्रकार के एंटीना लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी ने कहा कि मैंने एटम बम फोड़ा है, अब हाइड्रोजन बम फोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतगणना को लेकर कर्नाटक में जो उनका एटम बम था वो तो फुस्स हो गया, वो दिवाली का एक छोटा पटाखा भी नहीं निकला, और वो हाइड्रोजन बम फोड़ने की बात कर रहे हैं। अभी तक तो दुनिया में भी हाइड्रोजन बम नहीं फूटा है।



# भाजपा बिहार से लोकतंत्रिक व्यवस्था समाप्त करना चाहती हैं : तेजस्वी

एजेंसी। पटना



बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को यहां वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर पटना के डाक बंगला चौराहे पर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट की चोरी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि बिहार लोकतंत्र की जननी है, लेकिन भाजपा यहां से ही लोकतंत्र समाप्त करना चाहती है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एनडीए की डबल इंजन की सरकार होने के दावे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार में एक इंजन अपराध में लगा और दूसरा इंजन भ्रष्टाचार में। बड़ी चालाकी से फर्जी वोट भी जोड़े जा रहे हैं।
लोगों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि यहां बिहार में गड़बड़ी करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है। तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को निशाने पर लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने इतनी बार पलटी मारी है कि उनका दिमाग चकरा गया है। अब वे अचेत अवस्था में चले गए हैं। राजद के नेता ने जोर देकर कहा कि बिहार में अपराध बढ़ गया है। इस सरकार को हमें उखाड़ कर फेंकने का काम करना है। मुख्यमंत्री नीतीश को नैतिक भ्रष्टाचार के भीष्म पितामह बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां के इंजीनियर के घर से 100 करोड़ रुपए पकड़ा जा रहा है। उन्होंने नीतीश सरकार को नकलची सरकार बताया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने जो कहा है, यह नकलची सरकार वही कर रही है।

### बिहार के कोने-कोने तक पहुंचा वोटर अधिकार यात्रा का संदेश: दीपिका

**पटना।** झारखंड सरकार में मंत्री दीपिका पांडे ने वोटर अधिकार यात्रा को सफल बताते हुए दावा किया कि जिस मकसद के साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने यह यात्रा सासाराम से शुरू की थी, उसमें उन्हें सफलता हासिल हुई है। 'वोटर अधिकार यात्रा' का संदेश बिहार के कोने-कोने तक पहुंचा है और बदलाव आगामी विधानसभा चुनाव में जरूर दिखेगा। पटना में 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल हुई दीपिका पांडे ने आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने कहा कि 'वोटर अधिकार यात्रा' बिहार से शुरू हुई थी और इसका संदेश देश के कोने-कोने तक पहुंच गया है। भाजपा, जो चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोटों में हेरफेर कर रही थी, उसका पर्दाफाश हमारे नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बिहार और भारत के युवाओं को यह बताने के लिए सड़कों पर भी उतरे कि कैसे सरकार वोटों को सीमित करके बिहार के चुनावों को प्रभावित करने का इरादा रखती है।

## लीग्स कप : इंटर मियामी को हराकर सिएटल साउंडर्स ने जीता खिताब

**सिएटल (आईएएनएस)**



सिएटल साउंडर्स एफसी ने लीग्स कप के फाइनल में मियामी सीएफ को 3-0 से शिकस्त देकर खिताब अपने नाम कर लिया है। यह मुकाबला सोमवार (भारतीय समयानुसार) को लुमेन फील्ड में खेला गया। इंटर मियामी पर इस जीत के साथ साउंडर्स एमएलएस की इकलौती ऐसी टीम बन गई, जिसने उत्तरी अमेरिकी फुटबॉल की सभी बड़ी ट्रॉफियां जीत ली हैं। क्लब इससे पहले चार यूएस ओपन कप, दो एमएलएस कप, एक कॉनकाकाफ चैंपियंस कप और एक सपोर्टर्स शील्ड जीत चुका है। साउंडर्स ने 26वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। फॉरवर्ड ओसाजे डी रोजारियो ने विंगर पॉल रॉथरॉक के क्रॉस को शानदार हेडर से गोलपोस्ट में पहुंचाया। इसके बाद 84वें मिनट में डिफेंडर एलेक्स रोल्डन ने पेनाल्टी किक पर गोल दागकर बढ़त 2-0 कर दी। रॉथरॉक ने 89वें मिनट में गोलपोस्ट के सामने से एक खूबसूरत शॉट लगाकर मियामी पर सिएटल साउंडर्स की जीत पक्की कर दी। इंटर मियामी को दूसरे हाफ में बराबरी करने के कई सुनहरे मौके मिले। लुइस सुआरेज ने मौके बनाए, लेकिन लियोनेल मेसी (50वें मिनट) और तादेओ अलेंदे (60वें मिनट) इसका फायदा नहीं उठा सके। सिएटल ने अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में उत्तरी अमेरिका की सभी बड़ी ट्रॉफियां शामिल कर ली हैं। इस जीत ने साउंडर्स को 2026 कॉनकाकाफ चैंपियंस कप के अंतिम 16 के राउंड में बाई दे दी है। इस गर्मी में फीफा क्लब विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने के बाद से उनका शानदार प्रदर्शन जारी है। लीग्स कप के पहले चरण में (चाहे एमएलएस हो या लीगा एमएक्स) अधिकतम अंक हासिल करने वाली इकलौती टीम बनने के बाद सिएटल ने चोटों और निलंबनों के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया और 16-2 के गोल अंतर के साथ अपनी ताकत दिखाई है।

अब साउंडर्स को एक हफ्ते का ब्रेक मिलेगा। इस ब्रेक के बाद टीम 13 सितंबर को एलए गैलेक्सी के खिलाफ लुमेन फील्ड में होने वाले एमएलएस के नियमित सत्र में वापसी करेगी।

## यूएस ओपन

# जोकोविच -अल्काराज ने क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास



**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)**

38 वर्षीय नोवाक जोकोविच यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना चुके हैं। नोवाक एक ही सीजन में चारों ग्रैंड स्लैम सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले सबसे उम्रदराज पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने आर्थर ऐश स्टेडियम में क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर यह उपलब्धि हासिल की। इस जीत के साथ जोकोविच यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले चौथे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। जोकोविच से पहले पंचो गोंजालेज, केन रोजवॉल और जिमी कॉनर्स यह कारनामा कर चुके हैं। कॉनर्स ने 1991 में 39 वर्ष की उम्र में सेमीफाइनल तक के अपने सफर के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी। यह जोकोविच के करियर का 14वां यूएस ओपन सिंगल्स क्वार्टर फाइनल है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने रोजर फेडरर और आंद्रे अगासी (13 बार) को पछाड़ दिया है। जोकोविच ओपन एरा की पुरुषों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। जिमी कॉनर्स इस लिस्ट में उनसे आगे हैं, जिन्होंने 17 बार यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। फिलहाल, जोकोविच अपने सर्वकालिक रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब की तलाश में हैं। सर्बियाई स्टार का अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने तोमास को सीधे सेटों में शिकस्त दी है। दूसरी ओर, 22 वर्षीय कार्लोस अल्काराज फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेक पर 7-6(3), 6-3, 6-4 से जीत के साथ ओपन एरा में 13 ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। अब अल्काराज का सामना 20वीं वरीयता प्राप्त चेकिया के जिरी लेहेका से होगा, जिन्होंने फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 7-6(4), 6-4, 2-6, 6-2 से शिकस्त दी है। यह इस समर के क्वींस क्लब फाइनल का रीमैच होगा, जिसे अल्काराज ने 7-5, 6-7(5), 6-2 से जीता था। कार्लोस अल्काराज ने इस सीजन ग्रैंड स्लैम्स में 21-2 का शानदार रिकॉर्ड बनाया है।

## विमेंस वर्ल्ड कप के लिए प्राइज मनी की घोषणा, किसे मिलेगी कितनी रकम?



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को विमेंस वर्ल्ड कप की प्राइज मनी का ऐलान कर दिया है। इस टूर्नामेंट के लिए कुल प्राइज मनी 13.88 मिलियन डॉलर (करीब 122 करोड़ रुपये) तय की गई, जो पिछले संस्करण से करीब 297 प्रतिशत अधिक है।

न्यूजीलैंड में साल 2022 में आयोजित वर्ल्ड कप के पिछले संस्करण में 3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 30 करोड़ रुपये) की प्राइज मनी थी। कुल पुरस्कार राशि दो साल पहले भारत में आयोजित आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से भी अधिक है। उस समय यह राशि 10 मिलियन डॉलर (लगभग 88 करोड़ रुपये) थी। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 की चैंपियन टीम को 4.48 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 39 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 की विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीतने पर मिलने वाले नकद पुरस्कार से 239 प्रतिशत अधिक है। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप 2025 की उपविजेता टीम को 2.24 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 19 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह तीन साल पहले इंग्लैंड को मिली राशि से 273 प्रतिशत अधिक है। दोनों सेमीफाइन हारने वाली टीमों को 1.12 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 9.8 करोड़ रुपये) मिलेंगे। पिछले संस्करण में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को 3,00,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 2.64 करोड़ रुपये) मिले थे। प्रत्येक ग्रुप-स्टेज प्रतिभागी को 2,50,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 2.20 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे, जबकि प्रत्येक ग्रुप-स्टेज विजेता टीम को 34,314 अमेरिकी डॉलर (करीब 30.28 लाख रुपये) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को 7,00,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 6.17 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2,80,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 2.47 करोड़ रुपये) दिए जाएंगे।

## सिमडेगा में पहली बार मास्टर कप हॉकी टूर्नामेंट

### 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के लिए 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा आयोजन, विजेता टीम को ₹10,000

**नवीन मेल संवाददाता**



- हॉकी इंडिया के 100वें वर्षगांठ पर पहली बार 1st हॉकी सिमडेगा मास्टर कप 2025 का आयोजन
- प्रतियोगिता 29 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेगा में होगी।

**सिमडेगा ।** हॉकी इंडिया के 100वें वर्षगांठ के शुभ अवसर पर हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले सिमडेगा में पहली बार 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 1st हॉकी सिमडेगा मास्टर कप 2025 के नाम से 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में होगी। इस टूर्नामेंट में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्मतिथि 30 सितंबर 1985 या उससे पूर्व की है। सभी मैच नॉक आउट आधार पर खेले जाएंगे। विजेता टीम को 10,000 और उपविजेता टीम को 5,000 नगद पुरस्कार दिया जाएगा। खिलाड़ियों को जन्मतिथि प्रमाणित करने के लिए आधार कार्ड या कोई मान्य सरकारी दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी ने बताया कि जिले में 40 वर्ष से अधिक उम्र के कई खिलाड़ी हैं, जो अपने समय में बेहतरीन रहे हैं लेकिन एस्ट्रोटर्फ में खेलने का अवसर उन्हें नहीं मिला।

इस प्रतियोगिता से वरिष्ठ खिलाड़ियों को फिर से मैदान पर उतरने का मौका मिलेगा। इस वर्ष प्रतियोगिता में केवल 16 टीमों को ही भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। इच्छुक टीमें जल्द से जल्द निबंधन करा सकती हैं। दशहरे की छुट्टियों को देखते हुए बड़ी संख्या में भागीदारी की संभावना जताई जा रही है।

## विश्व कप 2027 की योजनाओं में शामिल हैं डेविड मिलर : कप्तान टेंबा

**नई दिल्ली (आईएएनएस) ।** 36 वर्षीय डेविड मिलर ने मार्च में साउथ अफ्रीका के चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के लिए भी टीम में शामिल नहीं किया गया, लेकिन कप्तान टेंबा बावुमा ने स्पष्ट किया है कि मिलर वर्ल्ड कप 2027 के लिए दक्षिण अफ्रीका की वनडे योजनाओं में शामिल हैं। डेविड मिलर ने क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) के साथ एक हाइब्रिड अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है।

## हम यहां जीत-हार गिनने नहीं बल्कि ट्रॉफी उठाने आए हैं : मनप्रीत

**विशाखापट्टनम (आईएएनएस)।** प्रो कबड्डी लीग 2025 (पीकेएल) के छठे मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स को बंगाल वॉरियर्स के खिलाफ 44-54 से शिकस्त झेलनी पड़ी। हालांकि, सीजन का पहला मैच गंवाने पर हेड कोच मनप्रीत सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि टीम जीत-हार गिनने नहीं, बल्कि ट्रॉफी उठाने के मकसद से इस सीजन में उतरी है।

मनप्रीत सिंह ने कहा, "हमने बहुत अच्छा खेला। हमारी रेडिंग मजबूत थी। हमारा डिफेंस भी मजबूत था, लेकिन मैच जीतने और ट्रॉफी जीतने में बहुत अंतर होता है।

## हॉकी एशिया कप

## शानदार जीत के साथ सुपर-4 में मलेशिया और साउथ कोरिया



**राजगीर (आईएएनएस)**

अपने-अपने पूल-बी मैचों में शानदार जीत के साथ मलेशिया और साउथ कोरिया ने सोमवार को पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर-4 चरण में जगह पक्की कर ली। मलेशिया ने चीनी ताइपे को 15-0 से रौंदते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की। वहीं, साउथ कोरिया ने बांग्लादेश को 5-1 से हराकर पूल से दूसरा क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया। इन दोनों देशों को पहले से ही ग्रुप का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। ग्रुप के तीनों मुकाबलों में जीत के साथ मलेशिया अधिकतम नौ अंकों के साथ पूल में शीर्ष पर रहा।

वहीं, साउथ कोरिया छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बांग्लादेश ने अपनी एकमात्र जीत से तीन अंक हासिल किए, लेकिन चीनी ताइपे का अभियान निराशाजनक रहा। यह टीम अपना खाता तक नहीं खोल सकी। साउथ कोरिया बनाम बांग्लादेश : साउथ कोरिया को बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने मुकाबला जीता।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## मोटवानी जडेजा इंस्टीट्यूट फॉर अमेरिकन स्टडीज के उद्घाटन सेमिनार में भारत-अमेरिका संबंधों पर चर्चा हुई

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मोटवानी जडेजा इंस्टीट्यूट फॉर अमेरिकन स्टडीज (एमजेआईएएस) के उद्घाटन सेमिनार में प्रसिद्ध लेखक, विचारक और विदेश नीति विशेषज्ञ प्रोफेसर (डॉ.) सी. राजा मोहन ने कहा कि आज हमें रणनीतिक धैर्य की आवश्यकता है। भारत को दृढ़ रहना होगा कि हम मांगों के आगे नहीं झुकेंगे, बल्कि बातचीत के लिए तैयार रहेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर परिवर्तन के स्रोतों को समझना महत्वपूर्ण है। सेमिनार का शीर्षक "संवाद और कूटनीति के माध्यम से अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से स्थापित करना था। यह सेमिनार नई दिल्ली में आयोजित किया गया था, जो भारत-अमेरिका नीतिगत संवाद के लिए एक विश्वसनीय, निष्पक्ष मंच के रूप में एमजेआईएएस के शुभारंभ के उपलक्ष्य में, गहन चर्चा और रणनीतिक जुड़ाव के एक दिन के अवसर पर आयोजित किया गया था।

प्रोफेसर (डॉ.) सी. राजा मोहन, एमजेआईएएस के विशिष्ट प्रोफेसर और वरिष्ठ फेलो भी हैं। दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र, संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत, रणनीतिक गहराई और बहुआयामी जुड़ाव का एक मजबूत रिश्ता साझा करते हैं। सहयोग रक्षा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों तक फैला हुआ है, जबकि व्यापार और विनियमन की चुनौतियां इस महत्वपूर्ण साझेदारी को आकार दे रही हैं। अपने गहन विश्लेषण में, डॉ. सी. राजा मोहन ने कहा, "भारत और अमेरिका जिस कठिन दौर से गुजर रहे हैं, उसे देखते हुए मोटवानी जडेजा इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिकन स्टडीज जैसे संस्थान का होना जरूरी है। इस रिश्ते को मजबूत करने और इसे बौद्धिक आधार प्रदान करने में इसका योगदान वास्तव में दीर्घकालिक होगा। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि भारत ने जटिल राजनीति को समझने में पर्याप्त बौद्धिक पूंजी का निवेश नहीं किया है। हमें संयुक्त राज्य अमेरिका के लंबे इतिहास, उसकी सतत राजनीतिक धारा और उसके सांस्कृतिक तौर-तरीकों की गहरी समझ की आवश्यकता है। मूल रूप से, अमेरिकी लोकलुभावनवाद धन के संकेंद्रण के विरुद्ध था, और प्रभुत्वशाली पूंजीवाद विरोधी भावनाएं हमेशा से इतिहास का हिस्सा रही हैं। आज अमेरिका में क्या हो रहा है, यह समझने के लिए हमें उसके इतिहास और उसकी संस्कृति में गहराई से जाना होगा।

भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न चरणों पर विस्तृत चर्चा करते हुए, डॉ. राजा मोहन ने कहा, "भारत ने 1960 के दशक में तकनीकी सहयोग और संबंध देखे। यह भूलना आसान है कि पहला भारतीय रिएक्टर, पहला भारतीय उपग्रह, कृषि क्रांति और हरित क्रांति अमेरिकी समर्थन से हुई थी। फिर भी 1971 में, कई अन्य घटनाएं हुईं जिनसे संबंधों में नाटकीय रूप से गिरावट आई। 2000-2005 की अवधि में चार प्रधानमंत्रियों पी.वी. नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी ने इन बाधाओं को दूर किया, जिन्होंने इस संबंध को फिर से मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण राजनीतिक और कूटनीतिक संसाधन समर्पित किए।



- **रणनीतिक धैर्य की आवश्यकता :** डॉ. सी. राजा मोहन ने कहा कि भारत को मांगों के आगे नहीं झुकना चाहिए, बल्कि बातचीत के लिए तैयार रहना चाहिए।
- **नई दिल्ली में आयोजन :** एमजेआईएएस के शुभारंभ पर "संवाद और कूटनीति से भारत-अमेरिका संबंध" विषय पर सेमिनार।
- **विश्वसनीय मंच :** एमजेआईएएस को भारत-अमेरिका नीतिगत संवाद के लिए निष्पक्ष व स्थायी मंच बताया गया।

## मजबूत जीडीपी डेटा से भारतीय शेयर बाजार गदगद सेंसेक्स 554 अंक उछला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार के ज्यादातर सूचकांक हरे निशान में थे। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 554.84 अंक या 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,364.49 और निफ्टी 198.20 अंक या 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,625.05 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बड़ी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,098.10 अंक या 1.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,825.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 271.10 अंक या 1.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,498.10 पर था। सेक्टोरल आधार पर निफ्टी ऑटो (2.80 प्रतिशत), निफ्टी आईटी (1.59 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (1.64 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (1.54 प्रतिशत) और निफ्टी पीएसई (1.78 प्रतिशत) सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे।

## मॉर्गन स्टेनली ने भारत की जीडीपी वृद्धि का बढ़ाया अनुमान, जीएसटी में कटौती से मांग बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



मॉर्गन स्टेनली ने अप्रैल-जून तिमाही में भारत की मजबूत जीडीपी वृद्धि 7.8 प्रतिशत के मद्देनजर 2025-26 में देश की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ा दिया है। साथ ही, उम्मीद है कि जीएसटी में आगामी कटौती से घरेलू मांग बढ़ेगी, जो अमेरिकी टैरिफ वृद्धि के कारण निर्यात में आई गिरावट की भरपाई कर देगी। रिपोर्ट में कहा गया है, "हमें उम्मीद है कि जीएसटी कर में आगामी कटौती, आगामी त्योहारी सीजन और ग्रामीण मांग में मजबूत रुझान घरेलू मांग को बढ़ावा देंगे। इसलिए, हम उम्मीद करते हैं कि सार्वजनिक खर्च में कमी, बाहरी मांग में कमी (मुख्य रूप से वस्तुओं का निर्यात) और निजी क्षेत्र की मांग में तेजी के साथ विकास की संरचना में बदलाव आएगा। इसमें आगे कहा गया है, "हमारा अनुमान है कि बाहरी मांग से लगभग 50 आधार अंकों (बीपीएस) की वृद्धिशील गिरावट की भरपाई संभावित रूप से जीएसटी में कटौती से हो सकती है, जिससे विकास को लगभग 50 बीपीएस तक बढ़ावा मिल सकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि मजबूत मानसून और खरीफ की बुआई कृषि क्षेत्र में मजबूती का संकेत देती है और आगे चलकर कृषि क्षेत्र की तेज वृद्धि को बढ़ावा देने की संभावना है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रियल जीडीपी वृद्धि दर को पहले अनुमानित 6.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही के 7.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गई। आंतरिक आंकड़ों से संकेत मिलता है कि सरकारी और निजी खपत दोनों में सालाना आधार पर क्रमशः 7.5 प्रतिशत और 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि सकल स्थिर पूंजी निर्माण पिछली तिमाही के स्तर की तुलना में स्वस्थ रहने के बावजूद 7.8 प्रतिशत पर आ गया है।

## टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री अगस्त में 2 प्रतिशत घटी, ईवी सेल्स ने बनाया रिकॉर्ड



**मुंबई (आईएएनएस) ।** टाटा मोटर्स ने सोमवार को बताया कि कंपनी की घरेलू बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 2 प्रतिशत गिरकर 68,482 यूनिट्स हो गई है, पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 70,006 यूनिट्स था। कंपनी के बयान के मुताबिक, निर्यात को मिलाकर अगस्त 2025 में उसकी कुल बिक्री 73,178 यूनिट्स रही है, जो कि अगस्त 2024 की बिक्री से मामूली रूप से ज्यादा है। टाटा मोटर्स के कमजोर प्रदर्शन की वजह उसका पैसेंजर व्हीकल (पीवी) सेगमेंट है, जिसकी बिक्री सालाना आधार पर 7 प्रतिशत गिरकर 41,001 यूनिट्स हो गई है।

## डी-डॉलरीकरण की आवाज हो रही बुलंद भारत, रूस व चीन की अहम होगी भूमिका



**नई दिल्ली (आईएएनएस) ।** विशेषज्ञों ने सोमवार को कहा कि समय के साथ डॉलर की स्थिति वैश्विक बाजार में कम होगी और इसी के साथ दूसरे देशों की करेंसी अपना एक अलग वजूद और अस्तित्व स्थापित करेंगी, जिनमें चीन, रूस और भारत जैसे देश शामिल होंगे। उन्होंने स्वीकारा कि अब अमेरिकी आधिपत्य का युग खत्म होने जा रहा है। इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स के चीफ इकोनॉमिस्ट डॉ. मनोरंजन शर्मा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, "आज हम एक मल्टीपोलर वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा बन गए हैं, जिसमें ताकत के एक नहीं बल्कि कई बिंदु जैसे अमेरिका, भारत, रूस, चीन, इंग्लैंड, जर्मनी और जापान शामिल हैं।

### एसपी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया, कहा-

# हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र अब तीसरी आंखों के जद में

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** सोमवार को पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन सोमवार को हुसैनाबाद थाना पहुंची, जहां पुलिस के जवानों ने पुलिस अधीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब व पुलिस पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक, स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, प्रशिक्षु आईपीएस शुभम नागर गोचे एसडीपीओ छतरपुर अवध यादव, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों से कहा कि पुलिस महानिदेशक के पहल पर पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पलामू जिले के कई थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की पहल हुई है। इसी कड़ी में आज हुसैनाबाद थाना के शहरी क्षेत्रों मे पांच जगहों पर 15 सीसीटीवी कैमरा लगाएं गए है। जिसकी शुरूआत आज हुई है। उन्होंने कहा की सीसीटीवी कैमरा लग जाने से पूरा नगर पंचायत क्षेत्र इसकी जद में आ गया है। इससे पूरे शहर की निगरानी और अपराधिक घटनाओं में पुलिस को सहयोग मिलेगा और सामाजिक तत्वों में भय रहेगा। पुलिसिंग व्यवस्था को बेहतर बनाने लिए पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करना होगा। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक बिनोद राम, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, एसआई मुकेश सिंह, केके पांडेय, सौरभ चौबे, रामनिवास शर्मा, रमन यादव, धर्मेंद्र सिंह, रामपुकर सिंह, अजीत सिंह समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## सोना सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी व लूंगी का वितरण

**हुसैनाबाद।** सोना-सोबरन योजना के तहत धोती, साड़ी व लूंगी वितरण योजना का शुभारंभ सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड सात मे किया गया। निवर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने संयुक्त रूप से लाभुकों को धोती, साड़ी व लूंगी देकर वितरण योजना की शुरूआत किया। मौके पर पीडीएस विक्रेता कलावती देवी, सहायक विक्रेता विमलेश कश्यप, राजा रोहित कुमार ,अनवर आलम भी मौजूद थे। प्रभारी एमओ मनोज कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत प्रखंड में लगभग 35 हजार यूनिट का आंवटन हुआ है। प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदार जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लाभुकों के बीच इसका वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। सरकार अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अनुदानित दर पर धोती, साड़ी व लूंगी योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध करा रही है।

# लुटेरों ने ब्लेड से गला काट युवक को किया घायल, रेफर

- रेहला थाना क्षेत्र के बी मोड़ के पास तीन अज्ञात लुटेरों ने दी घटना को अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के पंसा गांव निवासी विनय कुमार चंद्रवंशी को बीती रात तीन लुटेरों ने बलेड से गला काटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। इस संबध में घायल विनय कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि रविवार की रात अपने कार से एक रिश्तेदार को मेदिनीनगर सेवा सदन में भर्ती कराने गया था। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद कार से अपना घर पंसा वापस जा रहा था। इसी बीच रास्ते में रेहला थाना क्षेत्र के बी मोड़ के पास तीन अज्ञात लुटेरों ने कार रुकवाकर कहा कि जहां कहते हैं वहां चलो। विनय चंद्रवंशी ने लुटेरों की बात मानने से इनकार किया तो लुटेरों ने विनय चंद्रवंशी के हाथ में ब्लेड से वार कर दिया। हाथ में ब्लड लगने के बाद विनय चंद्रवंशी डर गया और लुटेरों का बात मान लिया। लुटेरे उसे पाटन थाना क्षेत्र के कोरियाडीह लेकर चले गए। वहां पर लुटेरों ने विनय कुमार चंद्रवंशी को कार से उतार कर उसके गर्दन पर ब्लेड से हमला कर दिया और उसके पास से मोबाइल और पैसे लूट लिए। इसके बाद लुटेरे विनय कुमार चंद्रवंशी को कार में घायल अवस्था में बंद कर वहां से फरार हो गए। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में कार में पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने विनय कुमार चंद्रवंशी को कार से बाहर निकाला और उसे थाना जाने की सलाह दी। उसके बाद विनय कुमार चंद्रवंशी नजदीकी थाना किशनपुर ओपी गया। वहां पर उसने पुलिस को घटना के बारे में बताया। इसके बाद किशनपुर ओपी पुलिस ने घायल विनय कुमार चंद्रवंशी को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुटी है।

### व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हो रहा हैं घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग

# व्यावसायिक कनेक्शन नहीं लिया तो होगी कार्रवाई : एमो

- एक सप्ताह के भीतर उक्त व्यवस्था नहीं की गई तो प्राप्त शिकायत के आलोक में छानबीन शुरू कर दी जायेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू रसोई गैस के उपयोग किए जाने की शिकायत मिल रही है। जिस पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने इस प्रखंड क्षेत्र के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को चेतावनी दी है कि व्यावसायिक कनेक्शन लेकर ही गैस सिलेंडर का प्रयोग किया जाए। इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किए जाने पर कड़ी कार्रवाई और औचक छापेमारी भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि आगामी एक सप्ताह के भीतर उक्त व्यवस्था नहीं की गई तो प्राप्त शिकायत के आलोक में छानबीन शुरू कर दी जायेगी। उन्होंने हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को किसी भी परिस्थिति में घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नहीं करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते हुए पाए गए तो तो उन पर कार्रवाई किया जायेगा। उन्होंने अतः सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से संबंधित गैस एजेंसी से व्यावसायिक सिलेंडर का निबंधन कराकर निर्भीकता के साथ सुचारु रुप से अपने व्यवसाय का संचालन कर सकते हैं। उन्हें लगातार शिकायत मिल रही है कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबध में पूर्व में भी जांच क्रम में सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को घरेलू सिलेंडर के स्थान पर व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग करने को निर्देशित किया गया था। किंतु अब भी शिकायत प्राप्त होना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि घरेलू सिलेंडर केवल पारिवारिक उपयोग के लिए है। इसका दुरुपयोग व्यावसायिक उपयोग आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 तथा एलपीजी (आपूर्ति एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यदि किसी दुकान, होटल या अन्य प्रतिष्ठान में घरेलू सिलेंडर का प्रयोग पाया गया, तो संबंधित संचालक के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने इसे गंभीर अनियमितता बताते हुए स्पष्ट किया कि अधिनियम का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों पर जुमार्ना, सिलेंडर जब्ती और दंडात्मक कार्रवाई भी होगी।

## डंडई थाना क्षेत्र से देसी पिस्टल के साथ दो युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** थाना क्षेत्र के तसरार मोड़ से अवैध हथियार के साथ दो व्यक्तियों को डंडई पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुप्त रुप से सूचना प्राप्त हुआ कि दो व्यक्ति एक मोटरसाईकिल में अवैध हथियार लेकर जरही तसरार, तरफ घुम रहा है जो अपराधिक घटना अंजाम दे सकता है। गुप्त सुचना के संबंध में वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया। वरीय पदाधिकारी के दिशानिर्देश पर छापामारी दल गठित किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तसरार मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल में दो व्यक्ति को संदिग्ध स्थिति में देखा गया। वे लोग पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया जिसे छापामारी दल के द्वारा पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर वे लोग अपना नाम रंजीत कुमार पासवान पिता स्व. जवाहीर पासवान और गौहर अली पिता मोहम्मद वाजुद्दीन अंसारी बताया गया। दोनों व्यक्ति का तलाशी लेने पर एक अवैध दसी पीस्टल बरामद किया गया। जिसके बाद एक अवैध देशी पिस्टल, बिना नम्बर प्लेट का एक पैशन प्रो मोटरसाईकिल एवं मोबाईल जब्त् कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने रारो, जरही, झोंतर गांव में स्थित दुकानों में चोरी की घटना का अंजाम देने वाले गिरोह के सदस्य होने की बात स्वीकारा और बताया कि एक अन्य अपराधी के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावे रंजीत कुमार के द्वारा डंडई थाना क्षेत्र में कई जगह से बकरी चोरी करने की बात भी स्वीकार किया गया है। प्रभारी ने बताया की गठित टीम में पुलिस अवर निरीक्षक श्रीकान्त कुमार, मुनेश्वर राम सहित कई पुलिस के जवान शामिल थे।

# मेराल थाना क्षेत्र में चोरों की मौज प्रशासन की नहीं खुल रही नींद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** थाना क्षेत्र के सोहबरिया तथा लातदाग गांव के आधा दर्जन घरों में चोरी होने से लोग भयभीत तथा परेशान हैं। विगत एक सप्ताह के अंदर थाना क्षेत्र के सांवरिया और लातदाग गांव में चोरी की घटना तेजी से बढ़ा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि सोहबरिया गांव निवासी शंकर चौधरी के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। साथ ही नंदू चौधरी और अजय चौधरी का भी मोबाइल चोरी कर लिया है। लोगों के अनुसार शंकर चौधरी के यहां बांस के सहारे घर में घुसे और नगद रुपए के साथ घर में रखे जेवरात को गायब कर दिया। ठीक इसी तरह से विगत शनिवार की रात्रि लातदाग गांव निवासी मनोज यादव और कन्हैया कुशवाहा के घर में चोरी हुई थी। मनोज यादव के घर वालों ने बताया कि वे लोग अपने परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। रात में चोरी कब हुई पता नहीं चल सका। सुबह उठे तो देखा की ताला खुला हुआ है और घर में रखा 60 हजार नगद और सोना एवं चांदी के जेवरात गायब हैं। नगद रुपए एवं जेवर के साथ जमीन का कागजात वाला बक्सा भी गायब है। घटना को लेकर मनोज यादव की पत्नी द्वारा मेराल थाना में लिखित आवेदन दिया गया। इसके अलावे कन्हाई कुशवाहा के घर में भी अज्ञात चोरों ने घुसकर करीब ढाई हजार रुपए नगद तथा कुछ अन्य सामान लेकर गायब हो गए। गौरतलब हो कि इस घटना से दो दिन पूर्व लातदाग में ही अखिलेश यादव और मदन मोहन रजक के घर भी चोरी की घटना घटी थी।

## मझिआंव प्रखंड में मंगलवार व शुक्रवार को होगी जन-सुनवाई

**मझिआंव (गढ़वा)।** उपायुक्त गढ़वा के निदेर्शानुसार मझिआंव प्रखंड में आमजनों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को जन-सुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह सुनवाई प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में अपराह्न 12 बजे से 3 बजे तक होगी।

## पेज 1 के शेष

### 50 प्रतिशत राशि...

ताकि आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। उन्होंने जहां निर्माण पूर्ण हो चुका है, उसका भुगतान करने और डाटा को अद्यतन करने को कहा। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि जरूरत महसूस होने पर संबंधित विभाग से संपर्क करें और समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएं। वहीं, इस कार्य के सफल और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर जिलों में प्रतिनियुक्त तकनीकी कर्मियों को अपने साथ लेकर उपायुक्तों को काम लेने का निर्देश दिया। उपायुक्तों ने मुख्य सचिव को बताया कि बारिश के कारण काम में थोड़ा विलंब हुआ है, लेकिन 15 अक्टूबर तक स्वास्थ्य मद की 50 प्रतिशत राशि का काम हो जाएगा।

### 948 पंचायतों में...

ज्ञात हो कि 15वें वित्त आयोग की राशि से राज्य के तमाम इलाके में 1344.08 करोड़ रुपए से एचएससी, पीएचसी, सीएचसी, बीपीएचयू (ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट), यूएएम (अरबन आयुष्मान आरोग्य मंदिर), पीएम अभीम (एबीएचआईएम) आदि का निर्माण हो रहा है। उसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी विकसित किया जा रहा है।

### भाजपा की इच्छा...

के सहारे सत्ता में बनी हुई है। यह कोई नई बात नहीं है, यह गोरखधंधा बहुत पहले से चला आ रहा है। आज यह पकड़ा गया और सबके सामने इसका पदार्फाश किया गया। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि इसका मुकाबला एकजुटता से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब हम लोग एकजुट होंगे, तो कोई नहीं टिकेगा। बिहार को ऐतिहासिक धरती बताते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह से वोटर रिवीजन का काम किया गया है, लेकिन यह, विशेष और गहन, दोनों को जोड़कर पुनरीक्षण कराया गया है और यह गलत है। इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में पटना में यात्रा निकाली गई। गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देने के बाद यात्रा की शुरुआत की गई।

### लातेहार में जेजेएमपी...

इसी तरह, सब जोनल कमांडर अखिलेश ने एक एके-47 और 256 कारतूस के साथ आत्मसमर्पण किया। वह पांच लाख का इनामी था और उस पर 10 मामले दर्ज हैं। सब जोनल कमांडर बलदेव गंझू पर भी पांच लाख रुपए का इनाम था और उस पर नौ मामले दर्ज हैं। एक अन्य सब जोनल कमांडर मुकेश राम यादव पर 21 मामले दर्ज हैं और वह भी पांच लाख का इनामी है। तीन लाख के इनामी तीसरे सब जोनल कमांडर पवन उर्फ राम प्रसाद ने एक राइफल के साथ सरेंडर किया। इनके अलावा, तीन मामलों में वांटेड एरिया कमांडर ध्रुव ने एक राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया, जबकि दूसरे एरिया कमांडर श्रवण सिंह ने भी पुलिस को एक एके-47, एक राइफल और 131 कारतूस सौंपे। तीसरे एरिया कमांडर मुकेश गंझू ने एक एके-47 और 154 कारतूस के साथ समर्पण किया। लातेहार पुलिस का कहना है कि जिले में नक्सलियों व उग्रवादियों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और सरकार की आत्मसमर्पण नीति का असर साफ दिख रहा है। कुछ माह पहले जेजेएमपी संगठन के पांच लाख के इनामी लवलेश गंझू और एक-एक लाख के इनामी प्रमोद गंझू, पलेंद्र गंझू और तुलसी गंझू ने भी सरेंडर किया था। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2025 से अब तक लातेहार पुलिस ने 75 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। हाल के महीनों में कई बड़े अभियान भी चलाए गए। 24 मई को हुई मुठभेड़ में दस लाख का इनामी पप्पू लोहरा और पांच लाख का इनामी सुदेश गंझू उर्फ प्रभात मारे गए थे। 26 मई को पुलिस और माओवादी संगठन के बीच मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर मनीष यादव मारा गया, जबकि दस लाख का इनामी कुंदन गिरफ्तार किया गया था।

### गिरिडीह में महिला...

तो उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही डुमरी थाने की पुलिस गांव पहुंची और पीड़ित महिला को थाने ले आई। पुलिस ने महिला से पूछताछ की और उसका बयान दर्ज किया। महिला को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक तीन महिलाओं को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## नए रेलवे फुट ओवरब्रिज निर्माण अधर में, यात्री परेशान

**मोहम्मदगंज।** अमृत भारत योजना के तहत आधुनिक भवन व तकनीक से स्तरीय बन गई स्थानीय रेलवे स्टेशन पर नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण अधर में लटक हुआ बताया जाता है। जबकि इससे बाद में निर्माण कार्य आरंभ होने के बाद भी कोसीआरा स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा कर दिया गया। मगर, इस स्टेशन पर इसके निर्माण की गति शिथिलता के दौर से गुजर रही है। इसका निर्माण पूरा नहीं होने से स्टेशन की ओर से थर्ड लाइन को आर-पार कर अन्य प्लेटफॉर्म पर आवागमन जोखिम भरा बन गया है।

## कई मांगों को लेकर भाकपा ने सौंपा ज्ञापन

**श्री बंशीधर नगर।** किसान मांग दिवस के अवसर पर संयुक्त मोर्चा के कार्यकतार्ओं ने सोमवार को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व जिले के उपायुक्त के नाम लिखे 16 सूत्री मांगपत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा। संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता भवनाथपुर मोड़ से जुलूस के रूप में अपनी मांगों के समर्थन में नारा लगाते हुये अनुमंडल कार्यालय परिसर पहुंचे और मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीओ को मांग पत्र सौंपते हुये अपने स्तर की मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता किसानों को खाद उपलब्ध कराने,एमएसपी की गारंटी दो, त्रुटिपूर्ण हाल सर्वे खतियान को रद्द करो, रजिस्टर टू से लगान की वसूली करो आदि नारे लगा रहे थे। वहीं जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला,नौरंगी पाल, देवीदयाल मेहता, श्रीराम, गणेश सिंह, राजेन्द्र उरांव, राजकुमार भुइयां, रामनाथ उरांव, गोपाल यादव, विद्या पासवान, कोरिल मुसहर सहित बड़ी संख्या में भाकपा, किसान सभा, दलित अधिकार मंच, महिला फेडरेशन, खेतमजदूर यूनियन के कार्यकर्त्ता शामिल थे।

## चारधाम परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर की छत ढलाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला धरहरा के जपला-छत्तरपुर मुख्य सड़क पर अवस्थित चारधाम मंदिर परिसर में भगवान शिव जी की निमार्णाधीन मंदिर का छत की ढलाई के अवसर पर रविवार को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। साथ ही पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पंडित द्रोणाचार्य के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर चारधाम मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि चारधाम मंदिर परिसर में शिव मंदिर ग्रामवासियों ने छत ढलाई में श्रमदान कर सहयोग किया। अध्यक्ष ने बताया कि सभी के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। इस मौके पर पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि मंदिर आस्था का केन्द्र होता है। इसका रखरखाव अच्छी तरह से की जानी चाहिए। साथ ही इसमें धर्म प्रेमियों को बढ़चढ़कर सहयोग करने की जरूरत है।

# 16.5 करोड़ की सीएचसी भवन में 4 वर्षों बाद भी एक चिकित्सक तक नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** सिंचाई विभाग की भूमि पर प्रखंड कार्यालय के पार्श्व में 16.5 करोड़ की लागत से 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भव्य भवन बना है। 4 वर्षों बाद भी इसमें चिकित्सक को पदस्थापित नहीं किया गया। कुछ माह तक डॉ. विनोद कुमार इसके प्रभार में रहे थे, लेकिन उनका तबादला हो गया। इसके बाद अब सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, दो एएनएम व एक स्वास्थ्य कर्मी के भरोसे मरीजों का इलाज किया जाता है। इससे संस्थागत प्रसव व साधारण बीमारियों का इलाज संभव हो जाता है। जबकि गंभीर स्थिति में प्रसव पीड़िता को हुसैनाबाद 20 अथवा हैदरनगर 12 किमी दूर ले जाना पड़ता है। अब जबकि निजी अथवा अवैध क्लिनिक पर नकेल कस दिया गया है, ऐसे में एकमात्र वैध निजी क्लिनिक को छोड़ मरीजों के इलाज को लेकर स्थानीय स्तर पर सरकारी चिकित्सक अथवा वैकल्पिक चिकित्सकीय सुविधा का बड़ा अभाव महसूस किया जाने लगा है।

### आवासीय भवन व अलग-अलग वार्ड भी हैं बने

इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए आवासीय भवन भी बने हैं। इसमें 30 बेड के अलावा ऑपरेशन थियेटर, ओपीडी, और इमरजेंसी वार्ड जैसी सारी सुविधाएं हैं। इसके बावजूद बिल्डिंग महज दिखावा की वस्तु बन गई है। वहीं, आधिकारिक तौर पर कहा जाता है कि भवन को सीएचसी के रूप में स्वीकृति नहीं मिली है। इसी वजह से चिकित्सक पदस्थापित नहीं हो सकते। इसे आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित किया जा रहा है। जिसके मापदंड के अनुरूप सीएचओ सहित अन्य कर्मियों की नियुक्ति पर्याप्त है।

**जागरुकता** | हुसैनाबाद मिडिल स्कूल ने निकाली साक्षरता रैली

# साक्षरता का विकास बच्चे की शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा :शिक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेर्शानुसार प्रथम फेज में राजकीय मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के द्वारा सोमवार को साक्षरता रैली निकालकर विभिन्न चरणों में होने वाले कार्यक्रम का आगाज किया गया। गगनभेदी नारे लगाए जा रहे थे। बच्चे हाथ में तख्तियां लिये हुये थे, जिसमें साक्षरता से संबंधित स्लोगन लिखे हुए थे। आधी रोटी खायेंगे, फिर भी स्कूल जायेंगे। मुर्गी बकरी चरती जाये, मुनिया बेटी पढ़ती जाए। सब पढ़ें सब बढ़ें। साक्षरता है श्रृंगार हमारा, वरना व्यर्थ है जीवन हमारा। पढ़ेंगे पढायेंगें, साक्षर समाज बनायेंगे। आदि गगनभेदी नारे लगा रहे थे। रैली विद्यालय के पोषक क्षेत्रों के हैदरनगर रोड,कुर्मी टोला,गांधी चौक,मेन बाजार और अंबेडकर चौक होते हुए विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हो गया। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि साक्षरता का अर्थ है, प्रभावी ढंग से पढ़ने लिखने, बोलने और सुनने की क्षमता। ये कौशल हमें अपनी बात स्पष्ट रुप से व्यक्त करने, दूसरों की बात सुनने, ज्ञान प्राप्त करने और अपने आस पास की दुनिया को समझने में मदद करते हैं। साक्षरता का विकास बच्चे की शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिक्षा संस्कार की जननी है,साक्षर व्यक्ति अपने अधिकार के साथ कर्तव्य को भी बखूबी समझता है, राष्ट्र का सच्चा, सजग नागरिक बनता है। आज के इस दौर में साक्षरता का अभियान प्रासंगिक है। इस कार्यक्रम को प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद,राजेश कुमार गुप्ता, मोहम्मद जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिंहा, शिक्षिकाओं में सुषमा पांडेय, आशा कुमारी, पूनम कुमारी ,रश्मि प्रकाश ने भी संबोधित किया।

## नवचयनित विद्यालय प्रबंधन समिति से 5 हजार रुपये मांगने का आरोप

**मझिआंव।** बरडीहा बरडीहा प्रखंड अंतर्गत रामवि कौवाखोह में सर्वसम्मति से नवचयनित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने बीआरसी बरडीहा बीपीएम पद पर कार्यरत आरसी मुतुर्जा पर गंभीर आरोप लगा लाया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के नवचयनित अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए जिला उपायुक्त गढ़वा दिनेश कुमार यादव को शिकायत पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि बीआरसी बरडीहा बीपीएम पद पर कार्यरत आरसी मुतुर्जा द्वारा कार्य रूप में लाने एवं अनुमोदन के लिए 5 हजार रुपये की मांग किया गया है। आवेदन में कहा गया है कि विद्यालय का संचालन लगातार पिछले छह वर्षों से पूर्व समिति द्वारा किया जा रहा था।

# क्षेत्रीय शांति के लिए आतंकवाद सबसे बड़ा खतरा प्रधानमंत्री मोदी ने किया पहलगाम हमले का जिक्र

**तियानजिन (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में आतंकवाद को क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद का दंश झेल रहा है और पहलगाम हमला मानवता पर हमला है। शंघाई सहयोग परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आतंकवाद, अलगाववाद और अतिवाद बड़ी चुनौतियां हैं। आतंकवाद पूरी मानवता के लिए साझा चुनौती है। कोई देश, कोई समाज अपने आप को इससे सुरक्षित नहीं समझ सकता, इसलिए आतंकवाद से लड़ाई में भारत ने एकजुटता पर बल दिया है। इसमें एससीओ ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा, "इस वर्ष भारत ने जॉइंट इंफॉर्मेशन ऑपरेशन को लीड करते हुए आतंकी संगठनों से लड़ने की पहल की है। टेरर फाइनेंसिंग के खिलाफ आवाज उठाई है। इस पर मेरे समर्थन के लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, "भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। कितने ही बच्चे खोए और कितने ही बच्चे अनाथ हो गए। अभी हाल ही में पहलगाम में आतंकवाद का बहुत ही घिनौना रूप देखा है। मैं इस दुख की घड़ी में हमारे साथ खड़े होने वाले मित्र देश के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

पीएम मोदी ने कहा, "आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ और स्पष्ट रुख अपनाना और इसमें किसी भी दोहरे मापदंड को अस्वीकार करना अत्यंत आवश्यक है। आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ना केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है। यह (पहलगाम) हमला मानवता में विश्वास रखने वाले हर देश और व्यक्ति को खुली चुनौती था।

**एससीओ शिखर सम्मेलन**

## पुतिन संग बैठक में बोले पीएम मोदी

## 'कठिन परिस्थितियों में भी भारत-रूस कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे हैं...



**तियानजिन (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों का घनिष्ठ सहयोग विश्व में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। चीन के तियानजिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा, "मुझे हमेशा लगता है कि आपसे मिलना एक यादगार बैठक होती है। हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का अवसर मिला है। हम लगातार संपर्क में रहे हैं।

### पीएम मोदी का शांति, स्थिरता और कनेक्टिविटी पर जोर, विकास का रोडमैप किया साझा

**तियानजिन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 25वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में एससीओ विकास रणनीति, वैश्विक शासन सुधार, आतंकवाद विरोधी उपाय, शांति और सुरक्षा, आर्थिक व वित्तीय सहयोग और सतत विकास जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए एससीओ ढांचे के तहत सहयोग मजबूत करने के भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

### पहलगाम आतंकी हमला एससीओ शिखर सम्मेलन के घोषणा पत्र में शामिल

**तियानजिन।** चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। दरअसल, एससीओ शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। पहलगाम आतंकी हमले को एससीओ के घोषणा पत्र में भी शामिल किया गया है।

### 'पुतिन की कार में पीएम मोदी', चीन के सोशल मीडिया और सर्च इंजन पर छाई तस्वीर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नजदीकी सोमवार को चीन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रही। इसने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की अन्य बड़ी खबरों को पीछे छोड़ दिया। सुबह के समय चीन के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच वीबो पर नंबर-वन ट्रेंड था - मोदी टेक्स पुतिन कार।

### रूस ने शेयर किया पीएम मोदी, व्लादिमीर पुतिन व जिनपिंग की मुलाकात का खास वीडियो



**तियानजिन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से पहले एक साथ मुलाकात की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इस मुलाकात का वीडियो शेयर किया और इसे 'वीडियो ऑफ द डे' बताया। रूस के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को पीएम मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया।

## आरजीआई ने डिजिटल जनगणना कराने के लिए मांगे 14,619 करोड़ रु



**2027** की जनगणना देश की 16वीं जनगणना व आजादी के बाद 8वीं जनगणना होगी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में दो चरणों में जनगणना कराने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले 'रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया' ने 14,618.95 करोड़ रुपये का बजट मांगा है। पहली बार यह जातीय गिनती व जनगणना डिजिटल तरीके से होगी। इस माह के शुरू में आरजीआई ने ईएफसी की मंजूरी के लिए एक नोट जारी किया था। ईएफसी वित्त मंत्रालय के अधीन आता है। ईएफसी से मंजूरी मिलने के बाद गृह मंत्रालय केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए एक प्रस्ताव पेश करेगा। यह बजट दोनों चरणों की जनगणना के लिए मांगा गया है। पहले फेज में घरों की सूची बनाना और घरों की जनगणना व उसके बाद दूसरा फेज जनसंख्या की गणना करना शामिल है।

जनगणना पहली बार डिजिटल तरीके से होगी। मोबाइल एप्लीकेशन के जरिये आंकड़े इकट्ठा किए जाएंगे। जनता को खुद की गणना करने का ऑप्शन भी दिया जाएगा और जातिगत आंकड़े भी इलेक्ट्रॉनिक तरीके से इकट्ठा किए जाएंगे। 30 अप्रैल को सीसीपीए ने जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने का फैसला लिया था। आरजीआई इस पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग, वेबसाइट व सीएमएमएस भी विकसित करने पर काम कर रहा है।जनगणना के लिए 35 लाख से ज्यादा पर्यवेक्षक व गणनाकार तैनात किए जाएंगे। यह 2011 की जनगणना में तैनात किए गए कर्मचारियों की संख्या से 30 फीसदी ज्यादा हैं। केंद्र सरकार ने 16 जून को 2027 की जनगणना के लिए एक अधिसूचना जारी की थी। ऐसा पहली बार हुआ है, जब जनगणना कराने में छह साल की देरी हुई है। दिसंबर 2019 में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2021 में 8,754.23 करोड़ रुपये की लागत से जनगणना कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। 2021 की जनगणना भी दो चरण में ही कराने की योजना थी। लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे नहीं कराया जा सका। वर्ष 1872 से जनगणना लगातार होती रही है। 2027 की जनगणना कुल मिलाकर 16वीं जनगणना होगी व आजादी के बाद आठवीं जनगणना होगी।

जनगणना की प्रक्रिया के दौरान गांव, कस्बों और वार्ड लेवल पर जनसंख्या आंकड़े इकट्ठा किए जाते हैं। इसमें आवास की स्थिति, सुविधाएं, धर्म, भाषा, साक्षरता, प्रवास और शिक्षा संबंधित आंकड़े जुटाए जाते हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, 1 मार्च, 2011 तक देश की जनसंख्या 1.21 अरब थी। इस साल इससे बढ़कर 1.41 अरब होने का अनुमान है। 2027 में 143.6 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ जनगणना की लागत लगभग 101.8 रुपये प्रति व्यक्ति होगी।

# अफगानिस्तान में भूकंप से 800 मौतें

## आधी रात को 6 तीव्रता का भूकंप आया, सोते हुए लोगों को बचने का मौका नहीं मिला



अफगानिस्तान में रविवार को अब तक का सबसे बड़ा भूकंप दर्ज किया गया।




मलबे में दब कर छोटी बच्ची की मौत हो गई। बच्ची के शव को गोद में उठाए पिता।

**एजेंसी । काबुल**

अफगानिस्तान में रविवार की आधी रात को 11:47 बजे (स्थानीय समयानुसार) 6 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें अब तक 800 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2800 से ज्यादा लोग घायल हैं। भूकंप के समय ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। शहर में रातभर झटके महसूस किए गए। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप 2 लाख की आबादी वाले जलालाबाद शहर से लगभग 17 मील दूर आया। यह राजधानी काबुल से 150 किमी दूर है। एनवाईटी की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा मौतें पड़ोसी कुनार प्रांत में हुई हैं। इसके बाद सोमवार को 4.6 तीव्रता का भूकंप आया। ये भूकंप जमीन से 65 किमी नीचे आया। अल जजीरा के मुताबिक भूकंप के झटके पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत में भी महसूस हुए। वहीं, भारत के गुरुग्राम में भी हल्के झटके महसूस किए गए।

### भूकंप के बाद लैंडस्लाइड से सड़कों को बंद किया गया

एनवाईटी की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा मौतें पड़ोसी कुनार प्रांत में हुई हैं। सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि भूकंप से देश के कुछ पूर्वी प्रांतों में गंभीर जान-माल का नुकसान हुआ है। हालांकि उन्होंने ज्यादा डिटेल शेयर नहीं किया है। यह पहाड़ी इलाका है। इन इलाकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है, जिससे बचाव और राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है। यहां भूकंप के बाद लैंडस्लाइड हुई, जिससे कई सड़कें बंद हो गईं। इन इलाकों में सरकार लोगों को बाहर निकालने के लिए हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल कर रही है।

### सात अक्टूबर 2023 में चार हजार लोग मारे गए थे

इससे पहले अफगानिस्तान में 7 अक्टूबर 2023 को विनाशकारी भूकंप आया था। तालिबान सरकार ने इस भूकंप में 4 हजार मौतों का दावा किया था, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने 1500 मौतों की पुष्टि की थी। वहीं 2022 में पूर्वी अफगानिस्तान में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें लगभग 1 हजार लोग मारे गए थे और हजारों लोग घायल हुए थे। अफगानिस्तान में ताकतवर भूकंपों का इतिहास रहा है। भूकंप के लिहाज से हिंदूकुश पर्वतमाला एक्टिव माना जाती है, जहां हर साल भूकंप आते हैं। अफगानिस्तान, भारत और यूरेशियन टेक्टोनिक प्लेट्स के बीच में स्थित है।





***वहीं, पीएम मोदी ने अफगानिस्तान में आए भूकंप पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा :*** *इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार है।*

### पाकिस्तान-अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान में सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पांच जवानों की मौत

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** पाकिस्तान-अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान के दीमर जिले में सोमवार को पाकिस्तानी सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी पांचों क्रू सदस्य मारे गए। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। पाकिस्तानी दैनिक डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह हेलीकॉप्टर दीमर जिले के चिलास कस्बे में एक नवनिर्मित प्रस्तावित हेलिपैड पर परीक्षण लैंडिंग कर रहा था, तभी हादसा हो गया। दीमर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अब्दुल हामिद ने कहा, "रिपोर्ट के अनुसार, इस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। पुलिस और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं और राहत कार्य जारी है।

### इटली की पीएम मेलोनी की अश्लील डीपफेक फोटो वायरल करने वाली वेबसाइट बंद, 7 लाख सब्सक्राइबर्स थे



**रोम ।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की अश्लील डीपफेक फोटो पोस्ट करने वाली 'फीका नाम की वेबसाइट बंद हो गई है। यह साइट महिलाओं की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो पोस्ट करती थी और 20 साल से एक्टिव थी। इसमें 7 लाख सब्सक्राइबर थे और कोई भी यूजर पोर्न सामग्री अपलोड कर सकता था। इस साइट पर मेलोनी, विपक्षी नेता एली श्लीन, ईयू सांसद अलैस्सांद्रा मोरेत्ती और इन्फ्लुएंसर कीआरा फेरग्नानी जैसी जानी-मानी महिलाओं की फर्जी डीपफेक तस्वीरें डाली गई थीं। इन्हें 'वीआईपी सेक्शन' में रखकर लोगों का ध्यान खींचा जाता था। पहली बार सांसद मोरेत्ती ने साइट के खिलाफ मुकदमा किया, जिसके बाद 'मी टू' जैसे कैंपेन शुरू हुए। 1.7 लाख लोगों ने इसे बंद कराने के लिए याचिका पर साइन किए। भारी विरोध और पुलिस की सख्ती के बाद आखिरकार इसके मालिक ने वेबसाइट बंद कर दी। पीएम मेलोनी ने इसे 'शर्मनाक' बताया और कहा कि 2025 में भी महिलाओं की गरिमा को चोट पहुंचाने वाली हरकतें अस्वीकार्य हैं। इससे पहले 'मिया मोग्लिए' नाम का एक फेसबुक पेज भी विवादों में आया था, जिसमें लोग अपनी पत्नियों या गर्लफ्रेंड की आपत्तिजनक तस्वीरें डालते थे। विरोध के बाद मेटा ने पेज हटा दिया था।






**कहानी फिल्म जगत की**

## शादी के बाद पहली बार पति संग दिखीं नरगिस फाखरी

## रचाई थी सीक्रेट वेडिंग



***टोनी के साथ एंट्री :*** *पति टोनी के साथ उनकी मौजूदगी ने सबका ध्यान खींचा*

***फराह खान भी साथ :*** *टोनी और फराह खान संग पोज़ देती नजर आईं*

बॉलीवुड अदाकारा नरगिस फाखरी ने कथित तौर पर अपने लंबे समय के प्रेमी टोनी बेग के साथ कैलिफ़ोर्निया में एक गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। हाल ही में उन्हें मुंबई में विजिट कतर और नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र के बीच साझेदारी का जश्न मनाने वाले एक कार्यक्रम में देखा गया। इस कार्यक्रम में उनके पति टोनी के साथ उनकी उपस्थिति ने सबका ध्यान खींचा। शाम के एक वीडियो में, नरगिस टोनी और फिल्म निर्माता फराह खान के साथ रेड कार्पेट पर पोज़ देती हुई दिखाई दीं। नरगिस ने महिमा महाजन द्वारा डिज़ाइन किया गया वाइन रंग का लहंगा-चोली पहना था, जिसके साथ उन्होंने सोने की चूड़ियाँ और मैचिंग नेकलेस पहना था। इस बीच, टोनी पूरी तरह से काले रंग के परिधान में बेहद खूबसूरत लग रहे थे, जबकि फराह ने भी पूरी तरह से काले रंग का पहनावा चुना और रंगीन फूलों की कढ़ाई वाले ब्लेज़र के साथ अपने लुक को और भी निखारा।